**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 24.9 | 13.8 |
| जमशेदपुर | 26.8 | 15.6 |
| डालटनगंज | 25.0 | 14.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *

www.lagatar.in

शुक्रवार, 12 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल प्रतिपदा , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 265

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



पेज 14

हम पूरी तरह से तैयार : सविता

# लॉटरी का अवैध कारोबार 500 करोड़ से ज्यादा




## झारखंड में प्रतिबंध के बाद भी सभी जिलों में संचालित है लॉटरी का अवैध खेल

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में लॉटरी पर पूरी तरह बैन है. लेकिन अवैध धंधेबाज ने गैरकानूनी चीजों को ही अपनी कमाई का जरिया बना लिया है. प्रदेशभर में इन दिनों अवैध और प्रतिबंधित लॉटरी का कारोबार खूब फल-फूल रहा है. लॉटरी का अवैध कारोबार सालाना करीब 500 करोड़ से ज्यादा का है. इस अवैध कारोबार से होने वाली कमाई का हिस्सा सब मे बंटता है. तभी तो लॉटरी व सट्टे पर अंकुश लगाने में पुलिस विफल साबित हो रही है. रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह, हजारीबाग, सराइकेला, पाकुड, साहेबगंज समेत कई अन्य जिलों में प्रतिबंधित लॉटरी का धंधा जोरों पर चल रहा है. आमतौर पर पहले लॉटरी का कारोबार टिकट बेच कर संचालित कराया जाता था. अब इस धंधे को डिजिटल रूप दे दिया गया है. मसलन, ज्यादातर जिलों में ऑनलाइन लॉटरी का खेल चल रहा है.

### डिजिटल मोड पर हो रहा खेल

खास बात यह है कि अवैध धंधेबाज लॉटरी टिकटों की फिजिकल तौर पर बिक्री नहीं करते, बल्कि यह पूरा खेल डिजिटल मोड में संचालित होता है. धंधेबाजों ने बाकायदा एक व्हाट्सएप ग्रुप बना रखा है. उसपर लॉटरी टिकट का नंबर शेयर कर दिया जाता है. इसके बाद ग्रुप के लोग भुगतान कर अपने पसंद की टिकट नंबर खरीद लेते हैं.

**भोले-भाले लोगों को इस कारोबार में फंसाया जा रहा**

इस गोरखधंधे के जरिए लोगों को मालामाल करने का लालच दिया जा रहा है. भोले-भाले लोगों को इस कारोबार में फंसाया जा रहा है. खासकर निर्धन तबके के लोगों को मामूली हिस्से का लालच देकर धंधा कराया जा रहा है.इससे न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि लोग अपनी गाढ़ी कमाई को भी गंवा रहे हैं. चंद मिनटों में करोड़पति बनने के लालच में लोग लॉटरी की खरीदारी कर रहे हैं. लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है. खानापूर्ति के नाम पर कभी-कभी पुलिस के द्वारा इस कारोबार के खिलाफ छापेमारी की जाती है,लेकिन आज तक अवैध लॉटरी के कारोबार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है.

### छपवाया जाता है नकली लॉटरी टिकट



प्रदेश के तकरीबन सभी जिलों में दूसरे प्रदेशों में संचालित होने वाले लॉटरी की तर्ज पर उसी के जैसा नकली लॉटरी छपवाया जा रहा है. इसकी पहचान भी आसानी से की जा सकती है. वैसे प्रदेश जहां लॉटरी का संचालन प्रतिबंधित नहीं है, जहां राज्य सरकार खुद लॉटरी का संचालन करती हैं, उन राज्यों में संचालित होने वाली लॉटरी के जैसे ही नकली लॉटरी की छपाई कराई जाती है. दूसरे प्रदेशों के लॉटरी में क्यू आर कोड दिया रहता है, जिसे स्कैन करने पर लॉटरी के बारे में सारी जानकारी मिल जाती है और उसका परिणाम भी देखने को मिलता है. लेकिन स्थानीय स्तर पर छपवाये जाने वाले लॉटरी में क्यू आर कोड नहीं रहता है. उसके स्थान पर फूल का फोटो छपा रहता है. वैसे दूसरे प्रदेशों की लॉटरी भी झारखंड में प्रतिबंधित है.

### 13 राज्यों में लॉटरी का धंधा वैध है

अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, पंजाब, सिक्किम और पश्चिम बंगाल में लॉटरी वैध है. शेष राज्यों में सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है.

### कार्रवाई का है प्रावधान

राज्य सरकार ने लॉटरी खेलने व बेचने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का प्रावधान किया है. इसके खिलाफ धारा 294 ए, 420 आदि धारा के तहत कार्रवाई की जाती है. धारा 294 ए के तहत लॉटरी रखने पर छह माह का कारावास या जुर्माना अथवा दोनों से दंडित करने का प्रविधान है. लॉटरी संबंधित प्रस्ताव को छापना या प्रकाशित करने को भी अपराध के श्रेणी में रखा गया है, इसमें जुर्माने का प्रावधान है.

### कई गिरफ्तार



प्रदेश में अवैध लॉटरी का करोबार चल रहा है, यह पुलिस की कार्रवाई से ही साबित हो रहा हे. पुलिस ने गत दो माह में प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध लॉटरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया, जिसमें कई लोग पकड़े गए.

## किसने क्या कहा

- भाजपा वहां राजनीतिक संकट पैदा करती है, जहां उसकी सरकार नहीं : **गुलाम अहमद**
- लालू यादव और नीतीश कर रहे हैं भगवान राम का अपमान : **गिरिराज सिंह**
- कांग्रेस की सरकार बनते ही देश में जाति जनगणना कराई जाएगी : **अलका लांबा**

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,000 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

## ब्रीफ खबरें

### नीतीश की रामगढ़ रैली 3 फरवरी को

**रांची।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार की रामगढ़ में होने वाली रैली तीन फरवरी तक के लिए टल गई है. पार्टी के एक पदाधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. इससे पहले कुमार 21 जनवरी को रामगढ़ में 'नीतीश जोहर' रैली को संबोधित करने वाले थे. झारखंड जदयू के अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा, 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अब रैली तीन फरवरी को आयोजित की जाएगी.

### दिल्ली-एनसीआर, पंजाब व कश्मीर में भूकंप के झटके

**नयी दिल्ली।** दिल्ली,एनसीआर, पंजाब, जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किये गए हैं. भूकंप महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल गए. जो लोग कार्यालयों में थे, वे भी सड़कों पर निकल गए. भूकंप से किसी तरह की जानमाल की क्षति की जानकारी फिलहाल नहीं है. भूकंप की तीव्रता 6.2 रही.

### हम 'एक देश, एक चुनाव' पर सहमत नहीं: ममता

**नयी दिल्ली।** टीएमसी की प्रमुख ममता बनर्जी ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा पर असहमति जताते हुए गुरुवार को ''एक देश, एक चुनाव'' पर उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिख कर कहा कि यह भारत के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा.

### वाहन दुर्घटना में बाल बाल बचीं महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती का वाहन गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. घटना में मुफ्ती बाल-बाल बच गईं. अधिकारियों ने यह जानकारी दी.

### यूपीआई सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली : दास

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर शक्ति कांत दास ने उस आलोचना को गुरुवार को खारिज कर दिया कि जिसमें दावा किया गया था कि यूपीआई की भारी सफलता के बाद इसके निर्माता एनपीसीआई का 'एकाधिकार' हो गया है. उन्होंने कहा यूपीआई दुनिया की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली है.

## सीएम के प्रेस सलाहकार और साहिबगंज डीसी को मिले समन को लेकर कैबिनेट सचिव ने ईडी को पत्र लिखा

# प्राथमिकी में है अस्पष्टता

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड सरकार के कैबिनेट सचिव ने इंनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) को एक पत्र लिखा है. पत्र में मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू और साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव को मिले समन का जिक्र करते हुए लिखा है कि ईडी ने जो प्राथमिकी दर्ज की है, उसमें अस्पष्टता है. इसे स्पष्ट किया जाये. उल्लेखनीय है कि ईडी ने सीएम के प्रेस सलाहकार, साहिबगंज के डीसी और विनोद सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी. यह छापेमारी अवैध खनन को लेकर दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में की गई थी. छापेमारी के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए तीनों को समन किया था. इसी प्राथमिकी के तथ्यों पर कैबिनेट सचिव ने सवाल उठाते हुए पत्र लिखा है. झारखंड सरकार की तरफ से ईडी को लिखा गया इस तरह का पत्र पहला नहीं है. इससे पहले भी ईडी ने जब इसी मामले में साहिबगंज में तैनात रहे डीएसपी प्रमोद मिश्रा और राजेंद्र दुबे को समन भेजा था, तब राज्य के डीजीपी ने ऐसा ही पत्र ईडी को लिखा था.





### ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे डीसी

जानकारी के मुताबिक तीन जनवरी को हुई छापेमारी के बाद ईडी ने साहिबगंज डीसी राम निवास यादव को समन जारी कर पूछताछ के लिए 11 जनवरी को उपस्थित होने को कहा था, लेकिन गुरुवार को वह ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे. ईडी के अधिकारी इंतजार करते रहे, लेकिन डीसी पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए. इस बीच कैबिनेट सचिव की तरफ से ईडी को पत्र लिखा गया. ईडी ने विनोद सिंह को 15 जनवरी और सीएम के प्रेस सलाहकार को 16 जनवरी को उपस्थित होने को कहा है.

### 3 जनवरी को 12 जगहों पर हुई थी छापामारी

- सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू
- साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव
- हजारीबाग स्थित डीएसपी राजेंद्र दुबे का आवास
- साहिबगंज के खनन कारोबारी खुदानिया बंधु
- विनोद कुमार सिंह का घर व कार्यालय
- चुटिया निवासी रौशन सिंह
- कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी,
- पूर्व विधायक पप्पू यादव
- बिरसा मुंडा जेल के जमादार अवधेश कुमार

### लेनी होगी अनुमति

सीएम के प्रेस सलाहकार और साहिबगंज डीसी को ईडी के समन पर उपस्थित होने से पहले राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी. क्योंकि दोनों सरकारी पद पर हैं. उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले नौ जनवरी को हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में सरकार ने यह फैसला लिया है कि केंद्रीय एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने या किसी तरह का दस्तावेज देने से पहले अधिकारियों को सरकार से अनुमति लेनी होगी. ऐसे मामलों में कार्रवाई करने के लिए सरकार ने मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को नोडल विभाग बनाया है. कानूनी तौर पर विचार के बाद भी संबंधित अधिकारी को जरुरी निर्देश दिए जाएंगे. इस आदेश के जारी होने के बाद दोनों बिना सरकारी अनुमति के ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हो पायेंगे. अब देखना यह होगा कि इस पूरे घटनाक्रम के बाद ईडी के अधिकारी किस तरह की प्रतिक्रिया देते हैं.

## हेमंत ने गुरुजी को दी जन्मदिन की बधाई



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन गुरुवार को 80 वर्ष के हो गए. इस मौके पर उनके पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा लंबी उम्र की कामना ईश्वर से की. -फोटो : रमीज

## बरहेट में सीबीआई की रेड, आधा दर्जन ठिकानों पर खंगाले दस्तावेज

संवाददाता। साहिबगंज

बरहेट प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार अचानक सीबीआई की छापा पड़ा. आधा दर्जन ठिकानों पर सीबीआई की टीम ने जांच पड़ताल की. सीबीआई टीम के इंस्पेक्टर रघुनाथ कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर के नेतृत्व में बरहेट प्रखंड क्षेत्र में कुल 5 ठिकानों पर रेड डाली गयी. मामला सीएसपी से जुड़ा बताया जा रहा है, जहां से भारी मात्रा में ट्रांजेक्शन हुआ है.

वहीं सीबीआई टीम के कुछ अधिकारी एसबीआई के बगल में स्थित सीएसपी संचालक बबिता देवी के सीएसपी पर बंद दरवाजे के अंदर जांच पड़ताल की. टीम के कुछ अधिकारी बबिता देवी के पति दीपक ठाकुर के बरहेट बाजार स्थित निजी आवास पर तो कुछ पेटखासा निवासी मनोज दास के निजी आवास पर, भागाबांध निवासी कुर्बान अंसारी के निजी



आवास पर, बरहेट डुमरिया निवासी मुहर्रम अंसारी के घर पर छापेमारी की. उक्त ठिकानों पर पहुंच कर दस्तावेजों की छानबीन की गयी. अधिकारी कुछ भी बताने से इन्कार कर रहे हैं. सिर्फ इतना बताते हैं कि सीबीआई से हैं और जांच पड़ताल के लिए आए हुए हैं. सीबीआई के कुछ अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक बरहेट की शाखा प्रबंधक मुक्ति लकड़ा से भी जानकारी लेने के लिए पहुंचे थे.

**आय से अधिक संपत्ति मामला**

## पंकज यादव को एसीबी ने गवाही के लिए बुलाया

**रांची।** रघुवर सरकार के 5 पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच कर रही एसीबी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को गवाही के लिए बुलाया है. एजेंसी ने पंकज को पत्र मिलने के एक सप्ताह के भीतर उपस्थित होकर गवाही देने का अनुरोध किया है. पत्र में उल्लेख है कि नीलकंठ मुंडा मामले में गवाही में पत्र भेजे जाने के बाद भी वे तय समय पर नहीं आये थे. बता दें कि पंकज यादव ने जनवरी 2020 में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी, नीलकंठ सिंह मुंडा और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी की आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की थी. बाद में पंकज यादव ने एसीबी में भी इसकी शिकायत की थी. जिसे सीएम ने कैबिनेट से पास करा कर एसीबी जांच के आदेश दिये थे.

## यादवों को मोहने बिहार आ रहे मोहन

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना



- 18 को श्रीकृष्ण चेतना मंच करेगा एमपी के सीएम डॉ मोहन यादव का अभिनंदन
- **राजद का 'एम-वाई' समीकरण टूट के कगार पर**



बिहार में जातीय समीकरण को साधे बिना चुनाव में सफलता प्राप्त करना मुश्किल है. इसलिए निकाय हो या विस या फिर लोस चुनाव, सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण साधने के हर तरफ के हथकंडे अपनाने में जुट जाते हैं. देश में आमचुनाव की डुगडुगी बजने वाली है, इसलिए फिर सियासतदानों की जातीय पैंतरेबाज़ी शुरू हो गयी है. बिहार में पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से जातीय गोलबंदी की कवायद की जा रही है. महागठबंधन भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की फिराक में है, वहीं भाजपा भी राजद के बेस वोट बैंक में घुसपैठ करने की कोशिश में है.

14 नवंबर को गोवर्धन पूजा के मौके पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के संरक्षण में पटना के बापू सभागार आयोजित 'यदुवंशी समागम' को इसी क्रम में देखा गया. इस आयोजन में 20 हजार यदुवंशियों को भाजपा में शामिल करने का दावा किया गया. अब फिर यादवों का मन मोहने एमपी के सीएम मोहन यादव आ रहे हैं. भाजपा के बड़े नेता नंदकिशोर यादव के नेतृत्व में श्रीकृष्ण चेतना मंच के बैनर तले श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में कार्यक्रम हो रहा है, जिसमें मोहन यादव का अभिनंदन होगा. डॉ. मोहन यादव के सम्मान की तैयारियों के लिए नंदकिशोर के आवास पर हुई बैठक में यादव समाज के सूबे के प्रभावशाली लोग जुटे. इसके लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में श्री कृष्ण चेतना मंच का गठन किया गया. महासचिव रिटायर आईएएस अधिकारी डॉ. गोरे लाल यादव बनाये गए हैं. पटना विवि के डीन डॉ. अनिल कुमार, राजभूषन आदि समिति में शामिल हैं. इस कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा यादव वोटरों को अपने पक्ष में गोलबंद करने का प्रयास करेगी. ज्ञातव्य है कि राजद का 'एम-वाई' ( मुस्लिम-यादव ) समीकरण खंडित होता जा रहा है. 'एम' का जहां जदयू से जुड़ाव बढ़ा है, वहीं भाजपा ''वाई'' को अपनी ओर खींचने में लगी है.

### 11 लोस सीटों पर यादव वोटर निर्णायक भूमिका में

बिहार के 40 में से 11 लोकसभा सीटों पर यादव वोट निर्णायक भूमिका अदा करते हैं. ऐसी सीटों में अररिया, किशनगंज, जहानाबाद, बांका, मधुबनी, सिवान, नवादा, उजियारपुर, छपरा, मधेपुरा, पाटलिपुत्र जैसी सीटें शामिल हैं. यादव वोटरों को अपने पक्ष में गोलबंद कर भाजपा अपनी जीत सुनिश्चित करना चाहती है. दरअसल बिहार में लालू की एक बार फिर से सक्रियता बढ़ने और यादव वोट बैंक को गोलबंद करने की कोशिशों को देखते हुए इसका रुख अपनी ओर करने के लिए भाजपा से जुड़े यादव नेता मैदान में कूद पड़े हैं. मंच के सूत्रों के अनुसार आमंत्रण पत्र पार्टी लाइन से हट कर वितरित किया जा रहा है.

# मंदिर बनने से ही रामराज्य नहीं आएगा



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**स्वाधीनता समर के समय से ही रामराज्य की अवधारणा पर बहस चल रही है.भारतीय जनमानस में रामराज्य के दो प्रणेताओं गांधी और तुलसीदास की छवि अंकित है.**

**प्रसंगवश**

अयोध्या में पांच सौ साल के संघर्ष के बाद रामलला भव्य, दिव्य और नव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं. इस संघर्ष में निहंग सिखों से लेकर गूर्जरों और संत समाज, विहिप, भाजपा के कतिपय लड़ाकू कार्यकर्ता शामिल रहे हैं. आजादी के बाद यह मामला सुलझ जाना चाहिए था. लेकिन वोट के मदारियों और ढ़िंढोरचियों ने अपने-अपने हिसाब से हर संभव व्यवधान पैदा करने का प्रयास किया. यह सारा इतिहास और घटनाक्रम आम लोगों के मानस पटल पर अंकित है. बहरहाल इस समय देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का दौर चल रहा है. राम मंदिर का निर्माण इस दौर की ऐतिहासिक घटना है. अब सवाल यह है कि क्या राम का मंदिर बन जाने मात्र से देश में रामराज्य आ जाएगा ? स्वाधीनता समर के समय से ही रामराज्य की अवधारणा पर बहस चल रही है. भारतीय जनमानस में रामराज्य के दो प्रणेताओं की छवि अंकित है. एक गांधी की और दूसरे तुलसीदास की. महर्षि वाल्मीकि की अवधारणा काल के थपेड़ों में या भाषाई झंझावातों में ओझल सी हो गयी है. तुलसी के राम अवतारी हैं, दशरथनंदन हैं, अनादि भी हैं और अवधपति भी. यानी तुलसी के राम का राज्य चाहे कितना भी सुखदायी हो, वह था एक राजा का ही शासन. क्या गांधी ने भी एक राजा के माध्यम से ही रामराज्य की स्थापना की कल्पना की थी ? शायद नहीं, क्योंकि वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से रामराज्य की स्थापना के पक्षधर थे. तुलसी ने रामराज्य की कुछ विशेषताएं बतायी हैं. जैसे-नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना , सब नर करहिं परस्पर प्रीती, रहहिं एक संग गज पंचानन, दैहिक, दैविक, भौतिक तापा, रामराज नहिं काहू व्यापा, फूलहिं फलहिं सदा तरु कानन आदि. क्या कोई सरकार, प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री ऐसे रामराज्य की गारंटी दे सकता है ? सवाल ही नहीं है. तो क्या गांधी ने ऐसे ही एक शिगूफा छोड़ दिया था जिस पर सियासत तो खूब हुई और हो रही है ? लेकिन तुलसी के राम का राज हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कल्पनातीत लगता है. तो क्या हमें यह मान लेना चाहिए कि रामराज्य अवतारी राम के बिना संभव नहीं है ? इस सवाल का जवाब ढूंढते समय हमें लोकतांत्रिक आधारों पर विमर्श को आगे बढ़ाना चाहिए.

**लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन है. पंच ही परमेश्वर है** : रामकथा से ही एक प्रसंग उठाकर हमें नये सिरे से रामराज्य पर विचार करना चाहिए.शायद गांधी जी भी यही सोचते थे. लेकिन उन्होंने इस बाबत विस्तार से कुछ कहा, लिखा नहीं है. लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन है. पंच ही परमेश्वर है. इसी राम के प्रतिनिधि हमारे विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री हैं और तुलसी के राम के प्रतिनिधि भरत हैं. अयोध्या में रामराज्य तभी नहीं आया, जब राम राजा बने. वहां राम का राज तब भी था, जब राम की खंड़ाऊ सिंहासन पर रखकर भरत शासन सूत्र संभाल रहे थे. यानी यदि जनता (राम) अपना प्रतिनिधि भरत जैसा चुनने लगे, तो रामराज्य की कल्पना साकार होने लगेगी. तुलसीदास भरत के बारे में लिखते हैं- तेहिं पुर बसत भरत अनुरागा , चंचरीक जिमि चंपक बागा. यानी राम का यह प्रतिनिधि उस भौंरे के समान है, जो चंपा के बाग से अपने लिए एक बूंद भी नहीं लेता है.

-शेष पेज 13 पर

## हार्स ट्रेडिंग मामले में डीजी अनुराग गुप्ता को क्लीन चिट

**रास चुनाव-2016**

संवाददाता। रांची

झारखंड में राज्यसभा चुनाव-2016 में हार्स ट्रेडिंग मामले में डीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के राजनीतिक सलाहकार अजय कुमार को क्लीन चिट मिल गई है. हार्स ट्रेडिंग मामले में जगन्नाथपुर थाने में मार्च 2018 में गृह विभाग के अपर सचिव ने केस दर्ज कराया था. पांच साल से अधिक समय तक चली जांच के बाद पुलिस को इस केस में कोई साक्ष्य नहीं मिला. रांची पुलिस ने इस मामले को लेकर पिछले महीने महाधिवक्ता से मंतव्य मांगा था. मंतव्य मिलने के बाद साक्ष्य नहीं होने की वजह से केस बंद करने का आदेश सिटी एसपी ने केस के अनुसंधान पदाधिकारी को जारी किया है.

### अनुराग गुप्ता को विभागीय जांच में भी मिली थी क्लीन चिट

हार्स ट्रेडिंग मामले में जगन्नाथपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी के आरोपी एडीजी अनुराग गुप्ता पर चल रही विभागीय जांच सितंबर 2021 में पूरी हो गई थी. विभागीय कार्रवाई संचालन पदाधिकारी तत्कालीन डीजी एमवी राव ( अब सेवानिवृत्त) ने 30 सितंबर 2021 को राज्य सरकार को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी थी. इस रिपोर्ट में एडीजी अनुराग गुप्ता के विरुद्ध कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिलने के कारण उन्हें क्लीन चिट दी गई थी.

**11576.71** करोड़ रुपये रॉयल्टी के साथ पश्चिमी सिंहभूम सबसे आगे  **9718.59** करोड़ की रॉयल्टी के साथ दूसरे नंबर पर धनबाद

# 4358 खदानों से ढुलाई के लिए 400124 परमिट जारी

रवि भारती । रांची

पिछले एक साल में झारखंड के 4358 खदानों से खनिज का उत्खनन हुआ. खनिजों की ढुलाई के लिए 400124 परमिट जारी किए गए. रॉयल्टी के मामले में पश्चिमी सिंहभूम अव्वल रहा. पश्चिम सिंहभूम में बड़ी खदानों की संख्या 79 और छोटी खदानों की संख्या 118 है. इन खदानों से खनिज की ढुलाई के लिए 619681 परमिट जारी किए गए. जबकि 1847955 चालान जेनरेट किया गया. रॉयल्टी के रूप में 11576.71 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई. वहीं दूसरे नंबर पर धनबाद रहा. धनबाद में बड़ी खदानों की संख्या 109 और छोटी खदानों की संख्या 168 है.

यहां खनिज की ढुलाई के लिए 46789 परमिट और 5463485 चालान जेनरेट किए गए. जबकि 9718.59 करोड़ रॉयल्टी प्राप्त हुई.

**नौ जिलों में कम मिली रॉयल्टी :** राज्य के नौ जिलों से रॉयल्टी कम मिली. इसमें सरायकेला खरसांवा से 67.03 करोड़, सिमडेगा से 17.92 करोड़, लोहरदगा से 125.77 करोड़, गढ़वा से 27.28 करोड़, दुमका से 181.45 करोड़, जामताड़ा से 24.69 करोड़, कोडरमा से 44.42 करोड़, गिरिडीह से 139.24 करोड़ और खूंटी से 41.99 करोड़ रुपए रॉयल्टी प्राप्त हुई.



## किस जिले की कितनी खदान से कितनी रॉयल्टी

| जिला | छोटी खदान की संख्या | बड़ी खदान की संख्या | परमिट की संख्या | चालान जेनरेट | रॉयल्टी |
|---|---|---|---|---|---|
| पश्चिमी सिंहभूम | 118 | 79 | 619681 | 1847955 | 11576.71 करोड़ |
| धनबाद | 168 | 109 | 46789 | 5463485 | 9718.59 करोड़ |
| बोकारो | 159 | 28 | 19773 | 3099767 | 3111.71 करोड़ |
| रामगढ़ | 190 | 34 | 43069 | 2478543 | 3679.61 करोड़ |
| रांची | 314 | 15 | 9371 | 1188524 | 581.24 करोड़ |
| सरायकेला-खरसावां | 157 | 06 | 3204 | 537163 | 67.03 करोड़ |
| गुमला | 99 | 28 | 3975 | 1525462 | 277.41 करोड़ |
| लोहरदगा | 104 | 16 | 2579 | 610141 | 125.77 करोड़ |
| लातेहार | 22 | 07 | 19533 | 2130163 | 1010.83 करोड़ |
| गढ़वा | 51 | 03 | 957 | 454679 | 27.28 करोड़ |
| पूर्वी सिंहभूम | 194 | 13 | 3652 | 740468 | 326.52 करोड़ |
| गिरिडीह | 240 | 01 | 5608 | 691151 | 139.24 करोड़ |
| चतरा | 81 | 05 | 33152 | 6100725 | 3955.35 करोड़ |
| हजारीबाग | 121 | 14 | 24807 | 3920548 | 2213 करोड़ |
| जामताड़ा | 92 | 15 | 2748 | 397028 | 24.69 करोड़ |
| गोड्डा | 62 | 13 | 2965 | 493069 | 1784.35 करोड़ |
| देवघर | 158 | 01 | 10735 | 1157777 | 546.79 करोड़ |
| पलामू | 174 | 12 | 12082 | 3095982 | 539.13 करोड़ |
| पाकुड़ | 379 | 03 | 35216 | 4213711 | 1403.27 करोड़ |
| सिमडेगा | 71 | | 846 | 271564 | 17.92 करोड़ |
| साहिबगंज | 447 | | 38421 | 4234848 | 686.05 करोड़ |
| दुमका | 278 | | 12053 | 1521224 | 181.45 करोड़ |
| कोडरमा | 198 | | 5852 | 387492 | 44.42 करोड़ |
| खूंटी | 2169 | | 89 | 291023 | 41.99 करोड़ |

## सीट शेयरिंग पर राज्य में हो विचारः भालचंद्र कांगो

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की एक दिवसीय बैठक गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में पशुपति कोल की अध्यक्षता में हुई . बैठक में कानन राजेंद्रन, महावीर मांझी ,जगलाल सिंह वासुदेव आचार्य, के निधन पर 2 मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई . बैठक के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कागो ने कहा कि देश में बेकारी, भुखमरी, लाचारी, बेरोजगारी, महंगाई, चरम पर है. केंद्र सरकार दस 10 वर्षों की मोदी सरकार की नाकामी को छिपाने के लिए धर्म के सहारा ले रही है . जबकि देश में 80% लोग 5 किलो पर जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं. देश में आम लोगों की क्रय क्षमता समाप्त हो चुकी है. देश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन मंदिर मस्जिद के नाम पर भारतीय जनता पार्टी राजनीति कर रही है. आने वाले दिन में इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए देश की जनता तैयार है . भाजपा को लोकसभा के चुनाव में जनता सता से बेदखल करेगी. राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए कई सीटों पर तैयारी की जा रही है. इंडिया गठबंधन के घटक होने के नाते इंडिया गठबंधन के तहत पार्टी चुनाव लड़ना चाहती है.

# झारखंड की राजनीति के दो दिग्गजों का बर्थ डे मना, 80 के हुए शिबू सोरेन

### शिबू का जन्म नेमरा और बाबूलाल का कोदाईबांक में हुआ

प्रमुख संवाददाता । रांची

झारखंड की राजनीति के दो दिग्गजों झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को अपना जन्म दिन मनाया. झामुमो कार्यकर्ता मोरहाबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास पर ढोल नगाड़ों का साथ पहुंचे. शिबू सोरेन को जन्मदिन की बधाई भी थी. शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 में रामगढ़ के नेमरा गांव में हुआ था. झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनके बेटे हैं.

**तीन बार बने सीएमः** शिबू सोरेन झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री बने. पहली बार 1977 में चुनाव लड़े, तब वो हार गए.

उसके बाद उन्होंने संथाल की ओर अपना रुख किया. 1980 में वो पहली बार दुमका से जीते. वो 8 बार यहां से जीते. शिबू सोरेन दो बार राज्यसभा सांसद भी बने. केंद्र में उन्होंने कोयला मंत्रालय का भार भी संभाला.





### पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जन्मदिन पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है. उनका जन्म 11 जनवरी 1958 में गिरिडीह के कोदाईबांक गांव में हुआ था. उन्होंने शिक्षक से मुख्यमंत्री तक का सफर तय किया. झारखंड गठन के बाद वो यहां के पहले मुख्यमंत्री बने थे. 1990 में बाबूलाल मरांडी बीजेपी के संथाल परगना के संगठन मंत्री बने. बाबूलाल मरांडी दुमका में शिबू सोरेन के विजय रथ को रोका. वहां से सांसद बने. साल 2000 में झारखंड गठन के बाद वो राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने. वो अटल सरकार में मंत्री भी बने. साल 2003 में उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया. बाबूलाल मरांडी ने 2006 में अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का गठन किया. तीन चुनाव लड़े. साल 2020 में उन्होंने पार्टी का विलय बीजेपी में कर दिया.

CLASSIFIED








































## बीएयू निदेशक प्रशासन के पद पर सचिव नियुक्त

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन के प्रभार पर एजाज अनवर को नियुक्त किया गया है. एजाज अहमद झारखंड के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में संयुक्त सचिव हैं. बीएयू में अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. अनवर ने रांची विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से एमबीए की पढ़ाई की है. वह बिहार प्रशासनिक सेवा क्वालिफाई कर अधिकारी बने.



## एनडीपीएस एक्ट के अपराधों के अनुसंधान पर आज होगी चर्चा

- साथ ही पुलिस बरामद मादक पदार्थ का सही वजन करती है

संवाददाता । रांची

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता शुक्रवार को जोनल आईजी, सभी रेंज के डीआईजी और जिले के एसएसपी व एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे. इस बैठक में मादक पदार्थ अधिनियम के अपराधों का सही ढंग से अनुसंधान और रोकथाम को लेकर चर्चा की जाएगी. बता दें कि राज्य में विगत पांच वर्षों में दर्ज एनडीपीएस एक्ट से संबंधित कांडों के आंकड़ों की सीआईडी ने समीक्षा की थी. इस दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा हुआ था. समीक्षा में पता चला था कि झारखंड पुलिस अफीम, डोडा जैसे मादक पदार्थ के साथ तस्कर को गिरफ्तार तो करती है, लेकिन उन पर सही धारा नहीं लगाती. इस कारण अपराधियों को सजा नहीं मिलती या मिलती भी है तो कम. सही धारा नहीं लगाने के वजह से आरोपी को जमानत मिल जाती है और वे फिर से सक्रिय हो जाते हैं. साथ ही पुलिस बरामद मादक पदार्थ का सही वजन करती है.

## तीन पदाधिकारी दूसरे जिले में प्रतिनियुक्त

**रांची।** उत्पाद विभाग के तीन पदाधिकारियों को दूसरे जिले में प्रतिनियुक्त किया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना उत्पाद एवं मध निषेध विभाग ने जारी की है. जारी आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक, कार्यहित और राजस्व हित को देखते हुए तीन अवर निरीक्षक उत्पाद को दूसरे जिले के कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है. बता दें कि हाल के दिनों में अवैध शराब कारोबार से जुड़ी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है. जिस पर नकेल कसने के लिए इन पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है.

### निशिकांत की याचिका स्वीकारः झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

# उपायुक्त रद्द नहीं कर सकते हैं सेल डीड

संवाददाता । रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे और अन्य लोगों की याचिका पर बड़ा फैसला सुनाया है. न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि झारखंड के किसी भी जिले के उपायुक्त (डीसी) अब रजिस्ट्री कैंसिल नहीं कर सकते हैं. साथ ही अदालत ने डीड कैंसिलेशन के दौरान डीड धारक के ऊपर की गयी प्राथमिकियां भी रद्द करने का आदेश दिया है. झारखंड हाईकोर्ट में निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने बहस की.

**मंजूनाथ भजंत्री ने रद्द की थी दुबे की रजिस्ट्री :** दरअसल गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की रजिस्ट्री तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रद्द कर दी थी. डीसी की यह कार्रवाई काफी चर्चा में भी रही थी. डीसी द्वारा रजिस्ट्री करने के बाद सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था.

जहां से उन्हें बड़ी राहत मिली है. बता दें कि वर्ष 2016 में विभाग ने एक पत्र जारी कर डीसी को यह अधिकार दिया था कि वे कपटपूर्ण निबंधित दस्तावेजों को जांच के बाद रद्द कर सकते हैं.

## दाहू के बेटे से ईडी करेगी 5 दिनों तक पूछताछ


**रांची।** साहिबगंज जिले में हुए 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव से ईडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी. कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है. वहीं राहुल यादव की बेल पर अब 19 जनवरी को सुनवाई होगी. राहुल ने पिछले मंगलवार को हाईकोर्ट के आदेश पर ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था. जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है. राहुल यादव को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था. लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे. इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था.



www.lagatar.in

शुक्रवार, 12 जनवरी 2024 पौष शुक्ल प्रतिपदा , संवत 2080 पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 वर्ष : 1, अंक : 265

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



तापमान 23° अधिकतम 14° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



राष्ट्रीय युवा दिवस आज

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शत-शत नमन

## ब्रीफ खबरें

### हाईकोर्ट ने डीजीपी को किया तलब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में गिरिडीह जिले के पचंबा पैक्स के मैनेजर संतोष यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान केस के अनुसंधानकर्ता ( आईओ ) के जवाब को देखते हुए अदालत ने 12 जनवरी को राज्य के डीजीपी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है. इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी की इस मामले में कोई संलिप्तता अनुसंधान के क्रम में नहीं मिली है. वह निर्दोष है. इसलिए उसे जमानत दी जानी चाहिए. बता दें कि वर्ष 2022 में गिरिडीह के पचंबा पैक्स के द्वारा खरीदे गए 800 क्विंटल धान को मिल में नहीं भेजा गया था. गिरिडीह डीसी ने इसे धान का गबन मानते हुए पचंबा पैक्स के मैनेजर संतोष यादव एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था.

### अशोक नगर से ड्रग्स सप्लायर गिरफ्तार



**रांची।** अशोक नगर से ड्रग्स सप्लायर गिरफ्तार हुआ है. अरगोड़ा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ड्रग्स सप्लायर अशोक नगर रोड नंबर 4 में ड्रग्स बेचने के लिए घूम रहा है. इसके बाद मौके पर पीसीआर की टीम पहुंची और ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया. उसके पास से पुलिस ने ब्राउन शुगर समेत कई अन्य सामान बरामद किया है. पुलिस उससे पूछताछ करने में लगी हुई उसने ब्राउन शुगर किस सप्लायर से लिया था. साथ ही पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है.

### शहर के एक और मंदिर में चोरी, आक्रोश

**रांची।** राजधानी के मंदिर असामाजिक तत्वों के निशाने पर हैं. बीते दिन चोरों ने बरियातू के एक मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया. साथ ही प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया. घटना के तीन दिन बाद फिर मंदिर में चोरी हुई है. सदर थाना क्षेत्र के न्यू बांध गाड़ी स्थित एक मंदिर में बुधवार देर रात चोरी हुई है. हालांकि पुलिस ने मंदिर से चोरी किये गये सभी सामानों को बरामद कर लिया है. चोरी की घटना होने के बाद लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है.

**पुलिस ने चोरी के सामान किये बरामद :** गुरुवार सुबह लोगों ने देखा कि मंदिर से सामान गायब हैं. इसके बाद सभी आसपास के इलाकों में सामान को ढूंढ़ने लगे. पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गयी. पुलिस ने मंदिर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला. करीब एक घंटे के प्रयास के बाद पता चला कि चोरी का सामान अटल मोहल्ला क्लीनिक और पार्षद भवन में रखा है. जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है.

# पहली बार हुआ टुसू महोत्सव का आयोजन, झूमी राजधानी

**बसंत मुंडा। रांची**

झारखंडी भाषा खतियान संस्कृति समिति के बैनर तले अल्बर्ट एक्का चौक के सामने गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ टुसू महोत्सव मनाया. हाथ से बनाए गए बांस के रंग बिरंगी टुसू को विधि विधान से पूजा पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, राजधानी के विभिन्न मोहल्लों के लोग टुसू महोत्सव में शामिल हुए. इस मौके पर झारखंड खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि टुसू पर्व आज शहर से गायब हो रहा है. इसे बचाने के लिए राजधानी रांची में टुसू महोत्सव शुरू किया गया, ताकि लोग टुसू के बारे में जान सकें.

**टुसू पर्व धीरे धीरे समाज से हो रहा लुप्त :** लोगों ने कहा कि झारखंड के कला संस्कृति को बचाने का प्रयास हो रहा है. शहर मे टुसू महोत्सव को बचाना बहुत जरूरी है. क्योकि झारखंड एक खनिज संपदा के साथ साथ कला संस्कृति के रूप में जाना जाता है. लेकिन आज के युवा पीढ़ी आधुनिक युग में पांरपरिक महोत्सव को भूलते जा रहे हैं. और टुसू महोत्सव से भाषा, संस्कृति और समाज को जगाने का प्रयास है. मौके पर देवेंद्र महतो,शिवराज सिंह,अंगद नायक, विराट, सुमित महतो, रविन्द्र,फलेद्र करमाली समेत अन्य लोग शामिल थे.

-फोटो : रमीज



**प्रदर्शन :** लोहरा महाजुटान, हजारों लोगों ने भरी हुंकार

# हम भी आदिवासी, एसटी बनाओ

**संवाददाता। रांची**

राज्य भर के लोहरा समाज के लोगों का गुरुवार को पुराना विधानसभा मैदान में महाजुटान हुआ. आदिवासी लोहरा समाज केंद्रीय समिति के बैनर तले हजारों लोहरा समाज के लोगों ने हुंकार भरी- हम भी आदिवासी हैं, हमें एसटी का दर्जा दे सरकार. न सिर्फ एसटी का दर्जा दे, बल्कि उसकी तरह सुविधाएं भी दे. समाज के लोगों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा. जरूरत पड़ी तो लोहरा समाज के लोग चरणबद्ध आंदोलन कर सरकार का ध्यान अपनी एकसूत्री मांग की ओर दिलाएंगे. लोहरा समाज के साथ ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी. हमें जल्द सरकार एसटी का दर्जा देते हुए अधिसूचना जारी करे.

आदिवासी लोहरा समाज केंद्रीय समिति बैनर तले लोग खोड़हा मंडली बना कर आयोजन स्थल पहुंचे थे. आदिवासी लोहरा समाज के अध्यक्ष ठुमा तिर्की ने कहा कि सरकार झारखंड में रहने वाली लोहरा जाति को दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के लोहरा जाति के खतियान में दर्ज लोहार को लोहरा का दर्जा देते हुए एसटी की तरह सभी सुविधाएं दे, तभी समाज के अस्तित्व को बचाया जा सकेगा. अभी लोहरा समाज को एसटी की श्रेणी से हटा दिया गया है, जिससे समाज के लोग आदिवासियों को मिलने वाले हक व अधिकार से वंचित हो रहे हैं.

## लोहरा समाज को दिया जाए एसटी का दर्जाः ठुमा तिर्की

### खतियान में दर्ज लोहार शब्द को हटा कर लोहरा किया जाए



### राजनीतिक पार्टियों ने सिर्फ हम को छला है

लोहरा समाज के लोगों ने कहा कि राज्य की राजनीतिक पार्टियों ने समाज को आदिवासी का दर्जा दिलाने का आश्वासन तो दिया था, लेकिन किसी ने कुछ किया ही नहीं. सभी ने समाज के लोगों को ठगने का काम किया है. झारखंड अलग राज्य बनने के बाद भी आदिवासी लोहरा समाज की मांग को पूरा नही किया गया.

### मांग पूरी न हुई, तो हम करेंगे जोरदार आंदोलन

लोहरदगा जिलाध्यक्ष सुरेश लोहरा, कांके के संरक्षक बीरेंद्र लोहरा, मांडर प्रखंड अध्यक्ष बजरंग लोहरा, बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र लोहरा,चान्हो प्रखंड अध्यक्ष तुलसी लोहरा समेत दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के अलग-अलग जिलों से पहुंचे समाज के पदाधिकारियों ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वे खतियान की त्रुटि दूर करते हुए राज्य भर के लोहरा समाज के लोगों को आदिवासी का दर्जा देने की मांग की.

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

# जमशेदपुर व बुंडू को क्लीन सिटी का अवार्ड

**तरुण कुमार चौबे। रांची**

- राष्ट्रपति की मौजूदगी में जारी हुई स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग
- देश में इंदौर और सूरत स्वच्छता रैंकिंग में एक नंबर पर रहे

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की रैंकिंग में इस बार इंदौर और सूरत शहर ने बाजी मारी है. झारखंड के भी दो शहरों को क्लीन सिटी का अवार्ड मिला है. एक लाख से ज्यादा आबादी वाले जमशेदपुर और 25 हजार से ज्यादा आबादी वाले शहरों में बुंडू को क्लीन नगर निकाय के रूप में सम्मानित किया गया है. गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में रैंकिंग जारी की गई. देशभर के 4000 से अधिक शहरी निकायों में केंद्रीय आवासन और शहरी मंत्रालय की ओर स्वच्छ सर्वेक्षण कराये गये थे.

**स्वच्छता के लिए उठाये गये थे कई कदम :** सर्वेक्षण को लेकर 49 नगर निकायों ने कई कदम उठाये थे. इसके तहत ने डोर टू डोर कचरा का उठाव सुनिश्चित किया था. जमशेदपुर और बुंडू ने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर पुरस्कार अपने नाम किया.

**सचिव और सूडा निदेशक ने दी बधाई :** नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे और राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार नें जमशेदपुर और बुंडू के पदाधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी. साथ ही सभी निकायों को अगले वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर तैयार रहने का निर्देश दिया. अमित कुमार ने कहा कि है. सर्वेक्षण की रैंकिंग का तरीका बदला है. हमें सफाई के साथ स्ट्रेटजी व कुछ अन्य बिंदुओ पर कार्य करना है. शहरों को गार्बेज फ्री स्टार रैंकिंग और ओडीएफ रैंकिंग की जरूरत है. तभी हम अव्वल शहरों का मुकाबला कर खुद को नंबर वन और टू का पॉजिशन दिला सकते हैं.



**मिलियन प्लस सिटी की रैंकिंग में झारखंड 40वें नंबर पर**

1 लाख आबादी वाले कैपिटल सिटी की स्वच्छता रैंकिंग में झारखंड इस बार 14वें नंबर पर है. वहीं मिलियन प्लस सिटी की रैंकिंग में झारखंड 40वें स्थान पर पहुंच गया. गंगा टाउन्स की रैंकिंग में झारखंड का राजमहल नौवें और साहिबगंज 10वें स्थान पर रहा.

**अच्छी पहल :** एक्स पर दिन भर होता रहा ट्रेंड, हजारों लोगों ने किया शेयर

# सोशल मीडिया पर दिनभर छाया रहा सीटी बजाओ

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए गुरुवार से सोशल मीडिया पर सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान की राज्यभर में शुरुआत हो गई है. सभी जिलों में अधिकारियों ने गांव-गांव अभियान की मॉनिटरिंग की. अभियान के पहले दिन राज्य के सभी 35,000 सरकारी स्कूलों के बच्चों ने स्कूल के पोषक क्षेत्र का भ्रमण कर सीटी बजाते हुए सभी अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की. वहीं सोशल मीडिया पर #SeetiBajao हैशटैग पर हजारों लोगों ने बच्चों की सीटी बजाते हुए स्कूल जाने वाली तस्वीरों और वीडियो को पोस्ट कर इस अभियान को समर्थन दिया. सोशल मीडिया में सुबह सुबह 8.30 बजे से #SeetiBajao लिखते हुए तस्वीरें, वीडियो पोस्ट की जाने लगीं.



### स्कूलों ने निकाली रैली

'सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ' अभियान के तहत सुबह 8 बजे से राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के द्वारा रैली निकाली गयी। इन रैलियों में स्कूली बच्चे पोस्टर, स्लोगन आदि के साथ सड़कों पर उतरे और लोगों को शिक्षा का महत्त्व समझाया. मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, आदर्श विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय समेत सभी सरकारी स्कूलों के बच्चो ने रैली निकालकर स्कूलों में शत प्रतिशत उपस्थिति का संकल्प लिया.

# हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम आज

**संवाददाता। रांची**

श्री हनुमान सेवा संस्थान रांची की ओर से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी को संध्या 6.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में व्यासपीठ के "जीवन प्रबंधन गुरु" श्रद्धेय श्री विजयशंकर मेहता, स्वामी विवेकानन्दजी की प्रेरक वाणी एवं बाबा हनुमंतलालजी के आदर्शों को अपने सारगर्भित व्याख्यान के माध्यम से लोगों के बीच पेश करेंगे. उक्त जानकारी श्री हनुमान सेवा संस्थान के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय संयोजक राकेश भास्कर ने गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरमू मैदान में दी. संस्था के संरक्षक सह प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने कहा कि पंडित विजय शंकर मेहता के आगमन पर संध्या 4 बजे रांची एयरपोर्ट पर आयोजन समिति एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया. राकेश भास्कर ने बताया कि 12 जनवरी को सुबह 8:30 बजे पंडित विजय शंकर मेहताजी के सानिध्य में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न होगा.

### पंडित विजय शंकर मेहता का किया गया स्वागत



**राहत** जाड़े में रेट कम होने से लोगों को खूब भा रहीं सब्जियां

# सब्जियों के दाम कम होने से महंगाई में 20% की कमी

**संवाददाता। रांची**

शरीब को स्वस्थ रखने के लिए साग-सब्जियों का सेवन बेहद जरूरी है. साग-सब्जियो के दाम में हमेशा उतार-चढाव देखने को मिलता रहता है. कभी इन साग-सब्जियों के दाम काफी बढ़ जाते हैं. इनमें 30-40 प्रतिशत तक की वृद्धि हो जाती है. इससे उबरने के लिए लोग अपने घर के बजट को सीमित कर देते हैं. और जरूरत के हिसाब से ही साग सब्जियों को ही घर ले आते है. इन दिनों जाड़े में साग-सब्जियों के भाव थोड़ा गिरे हैं. इनकी बहुतायत की वजह से ऐसा हुआ है. रांची शहर के विभिन्न बाजारो में गुरुवार को साग सब्जियों के दाम में अलग-अलग देखने को मिले. लेकिन फिर भी दाम कुछ कम हुए हैं. जनवरी महीने में साग सब्जियों के दाम कम होने से महंगाई में 20 प्रतिशत तक की गिरावट आई है. नया आलू 15, प्याज 30, मटर 40 रुपए किलो बाजार में मिल रहे हैं. लोग एक दो सौ रुपए में पूरी झोला भरके घर ले आ रहे हैं. आमतौर पर इस सीजन में लोग खूब सब्जियां खा रहे हैं. सब्जी बाजारों में सुबह से ही भीड़ देखी जा सकती है.

सब्जी विक्रेता सूरत साहु ने बताया कि जनवरी महीने में दूसरे राज्यों से सब्जियां खूब आती हैं. और स्थानीय किसानों की आवक भी अच्छी रहती है. इस कारण साग-सब्जियों के दाम में काफी गिरावट देखने को मिलती है.

### इन बाजार में किलो में साग सब्जियो के दाम

| सब्जियां | बहूबाजार | मोरहाबादी | डेली मार्केट | खटाल |
|---|---|---|---|---|
| बंधा गोभी | 40 | 35-40 | 30 | 25 |
| फूल गोभी | 40 | 40 | 30 - 35 | 30 |
| मटर | 40 | 40-45 | 40 | 35 |
| सेम्बी | 35-40 | 35 | 40 | 35-40 |
| टमाटर | 40 | 40 | 25 | 25-30 |
| भिंडी | 80 | 75 | 70 | 60-65 |
| बीन | 30-35 | 35 | 30 | 25 |
| नया आलू | 15 | 15 | 20 | 10-15 |
| प्याज | 40 | 45 | 30 | 30-40 |
| पालक साग | 25 | 25-30 | 30 | 25-30 |
| टोटी | 35 | 35-40 | 30 | 20 |
| धनिया पत्ता | 55 | 60 | 50 | 50 |
| गाजर | 30 | 35 | 25 | 20 |
| सफेद आलू | 12 | 15 | 15 | 15 |
| लहसुन | 240 | 250 | 220 | 230 |



नगर निगम के बाहर नागा बाबा खटाल के सब्जी विक्रेताओं का विरोध-प्रदर्शन

# मार्केट के बाहर की दुकानें हटाइए

**संवाददाता। रांची**

जाकिर हुसैन पार्क स्थित नागा बाबा खटाल के सब्जी विक्रेताओं ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया. सब्जी विक्रेता मार्केट के बाहर अवैध तरीके से लगाई जा रही दुकानों का विरोध कर रहे थे. उनका कहना था कि बिना अनुमति मार्केट के बाहर सब्जी विक्रेता अपनी दुकान लगा रहे हैं. ऐसे में ग्राहक बाहर से ही सब्जी खरीद कर चले जाते हैं. इससे उनको हर दिन काफी नुकसान हो रहा. नगर निगम से सब्जी मार्केट के बाहर अवैध दुकान लगाये जाने की शिकायत कई बार की गयी. लेकिन निगम ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया.

**जब से मार्केट बनी है, तब से कोई न कोई विवाद हो रहा खड़ा :** दुकानदारों का कहना है कि जब से मार्केट बना है, तब से कोई न कोई विवाद खड़ा होता रहता है. कभी छत जर्जर होने के कारण पानी का रिसाव होता है, तो कभी गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है. खटाल की दाहिने तरफ अपर बाजार जाने वाली सड़क पर भी सब्जी दुकान लगी रहती हैं.



**आवंटन के बाद भी दुकानदार के परिवार वाले बाहर में लगाते हैं दुकान :** दुकानदारों का यह भी कहना है कि आवंटन के बाद दुकानदार वेजिटेबल मार्केट में दुकान लगा रहे हैं. वहीं उनके परिवार के सदस्य मार्केट के बाहर दुकान लगाते हैं. रांची नगर निगम ने कई बार चेतावनी दी है कि आवंटित विक्रेता के घर का कोई सदस्य कहीं और दुकान नहीं लगा सकता है. ऐसा करते हुए पाये जाने पर उनका आवंटन रद्द किया जाएगा.

## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिन: डॉ संजय कुमार सिंह
- ऑर्थोपेडिक: डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजी: डॉ पीजी सरकार
- टीबी एवं चेस्ट: डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्र: डॉ सुनील कुमार
- ऑब्स गायनी: डॉ किरण त्रिवेदी
- ईएनटी: डॉ आरके चौधरी
- सीटीवीएस: डॉ विनीत महाजन
- नेफ्रोलॉजी: डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्री: डॉ अजय बाखला
- न्यूरोलॉजी: डॉ सुरेंद्र कुमार-डॉ रूपेश प्रसाद

## सदर ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिन: डॉ बीएन पोद्दार, डॉ लक्ष्मीकांता सोय
- ऑब्स एंड गायनी: डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ रानी सिंह
- पीडियाट्रिक (शिशु रोग): डॉ दयानंद
- हेमाटोलॉजी:डॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजी: डॉ शैलेंद्र शुक्ला

## शहर में आज

1. श्री अनुमान सेवा संस्थान का कार्यक्रम, हरमू मैदान में सुबह 8.30 से संध्या 6.30 बजे तक
2. ज्योति पब्लिक स्कूल में विवेकानंद जयंती, बड़ा तालाब के पास, दिन के 10.30 बजे
3. मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल का समापन, मोरहाबादी में संध्या 4 बजे
4. युवा दिवस पर सांस्कृतिक विचार गोष्ठी, आर्यभट्ट सभागार में दिन के 10.30 बजे
5. विवेकानंद महोत्सव, डोरंडा में दिन के 9 बजे
6. राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता, खेलगांव में दिन के 10 बजे
7. वाइस ऑफ जेवियर कार्यक्रम, जेवियर स्कूल डोरंडा में संध्या 4.30 बजे
8. रामकृष्ण आश्रम में राज्यपाल का कार्यक्रम, टैगोर हिल में दोपहर 2 बजे

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस के प्रभारी ने सीएम से की राजनीतिक हालातों पर चर्चा

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बनाए जाने के बाद मुख्यमंत्री के साथ गुलाम अहमद मीर की यह पहली मुलाकात थी. इस दौरान राज्य के ताजा राजनीतिक हालात और जनहित से जुड़े मुद्दों एवं विषयों पर भी चर्चा हुई. इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और कृषि मंत्री बादल भी मौजूद थे.

### मुस्लिम मजलिस उलेमा कांग्रेस प्रभारी से मिले

**रांची।** मुस्लिम मजलिस उलेमा इंडिया के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने गुरुवार को सर्किट हाउस झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मिल कर बधाई दी. उन्होंने कहा कि झारखंड के अल्पसंख्यकों की समस्याएं अभी भी अनसुलझी हैं, झारखंड में संयुक्त सरकार के चार साल पूरे हो गये हैं. गुलाम अहमद मीर ने आश्वस्त किया कि न्याय होगा, हर वर्ग व समुदाय को उनकी आबादी के अनुसार प्रतिनिधित्व दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि जल्द ही राजनीतिक समाधान के लिए आपके साथ बैठक करेंगे.

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन के जन्मदिन के मौके पर आदिवासी समाज के युवाओं ने आवास पर पहुंच कर दी बधाई

# राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के प्रतिनिधियों ने सीएम को दिया न्योता

**संवाददाता। रांची**

गुरुवार को राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के अध्यक्ष अंतु तिर्की की अगुवाई में राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का एक प्रतिनिधि मंडल दिशुम गुरू शिबू सोरेन की 80वां जन्म दिन के मौके पर उनके आवास में जाकर पुष्प गुच्छ व आदिवासियों का पारंपरिक अंग वस्त्र देकर उन्हें बधाई दिया और सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आने के लिए न्यौता दिया गया.

**बधाई देने में ये शामिल थे :** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के कार्यकारी अध्यक्ष अभय भूटकुवर, संयोजक रंजीत टोप्पो समेत अन्य लोग शामिल थे.

### 32 आदिवासी समाज के खोड़हा एक मंच पर होगें



जतरा महोत्सव के अध्यक्ष अंतु तिर्की ने कहा कि दो दिवसीय महोत्सव मोरहाबादी मैदान में आयोजन होना है. इसके लिए दिन-रात तैयारी की जा रही है. 32 आदिवासी समाज के खोड़हा एक मंच पर शामिल होगें. कोषाध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी महोत्सव में शामिल हों और अपनी सभ्यता, परंपरा, संस्कृति को बढ़ावा दें. सचिव डब्लू मुंडा ने कहा कि पहली बार मोरहाबादी मैदान में हजारों खोड़हा को एक मंच पर देखने को मिलेगा और झारखंड के गौरव की बात होगी.

### सीएम ने दी स्व. अरुण पांडेय को श्रद्धांजलि



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को महगामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय के पिता स्व. अरुण पांडेय के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए. सीएम ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी.

### सीएम ने दिव्यांग अमृत को सौंपी ट्राई साइकिल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची के रातू रोड निवासी अमृत कुमार पासवान को ट्राई साइकिल प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया. सीएम ने कहा कि दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण सरकार का संकल्प है. दिव्यांग जनों को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की कई योजनाएं हैं. इसी कड़ी में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से दिव्यांग जनों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है.

### 2019 में यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच मुख्य रूप से मुकाबला था

# हजारीबाग संसदीय सीट पर संभावित 4 समीकरण

**सत्य शरण मिश्र। रांची**

हजारीबाग संसदीय सीट पर राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारी तेज कर दी है. सभी दल और पार्टियों के संभावित प्रत्याशी आंकड़े, समीकरण और संभावनाओं के हिसाब-किताब में लगे हुए हैं. हजारीबाग में लोकसभा चुनाव को लेकर चार तरह के समीकरण बनते दिख रहे हैं. पहला यह कि कांग्रेस यहां इस बार भी चुनाव लड़ेगी. 2019 में यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच मुख्य रूप से मुकाबला था. भाजपा जीती और कांग्रेस हार गई. कांग्रेस 1984 से इस सीट पर वनवास झेल रही है.

हर बार उम्मीदवार खड़ी करती है, लेकिन वह जीत नहीं पाती. 2019 में कांग्रेस ने से यहां गोपाल साहू को लड़वाया था. पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस बार कांग्रेस गोपाल साहू को हजारीबाग से चुनाव नहीं लड़वाएगी. वैसे भी वे हजारीबाग में सक्रिय नहीं है. दूसरी तरफ ये भी संकट है कि हजारीबाग में कांग्रेस के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं है. कांग्रेस के पास हजारीबाग में मजबूत नेता के रूप में धार्मिक न्यास जयशंकर पाठक, आरसी मेहता, आबिद अंसारी और विजय यादव हैं. अगर पार्टी इनमें से किसी को टिकट नहीं देती है तो फिर उसे यहां पैराशूट उम्मीदवार उतारना पड़ेगा.



**दंगल 2024**

- कांग्रेस पैराशूट उम्मीदवार उतारेगी !
- सीपीआई के लिए कांग्रेस छोड़ सकती है सीट
- भाजपा हजारीबाग में बदलेगी प्रत्याशी !
- गिरिडीह छोड़ हजारीबाग सीट पर आजसू कर सकती है दावेदारी

### चुनाव से पहले पार्टी बदल सकते हैं जयंत !

तीसरा समीकरण यह है कि भाजपा हजारीबाग सीट पर प्रत्याशी बदल सकती है. जयंत सिन्हा 2014 और 2019 में यहां से अच्छे मार्जिन से चुनाव जीते हैं, लेकिन पिछले 2-3 सालों से संगठन में उनकी बहुत ज्यादा गतिविधियां नहीं दिख रही. उन्होंने खुद को हजारीबाग तक ही समेट रखा है. प्रदेश के बड़े नेताओं से भी उनका बहुत ज्यादा मेलजोल नहीं दिखता. प्रदेश के कार्यक्रमों में भी नजर नहीं आते. दूसरी तरफ उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं. ऐसे में यह भी संभावना जताई जा रही है कि पिता के बगावत का खामियाजा पुत्र को भुगतना पड़ सकता है और चुनाव से पहले जयंत सिन्हा पार्टी बदल सकते हैं.

### आजसू के लिए हजारीबाग हो सकती है सेफ सीट

चौथा समीकरण यह है कि आजसू पार्टी हजारीबाग संसदीय सीट पर अपनी दावेदारी पेश कर सकता है. पिछले चुनाव में भाजपा ने गिरिडीह सीट आजसू को दिया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी गिरिडीह में एक्टिव नहीं रहे. इसी डर से वे सेफ सीट से चुनाव लड़ना चाहेंगे. हजारीबाग संसदीय सीट पर आजसू की दावेदारी की वजह यह भी होगी कि संसदीय सीट को बड़ा हिस्सा रामगढ़ जिले में पड़ता है और रामगढ़ में चंद्रप्रकाश की जमीन मजबूत है.

### विधानसभा सीटों के समीकरण में भाजपा मजबूत

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें आती है. इनमें से दो (बड़कागांव और बरही) कांग्रेस के कब्जे में है. दो सीटें (मांडू और हजारीबाग सदर) भाजपा के कब्जे में हैं और रामगढ़ सीट भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी के पास है. 2019 के विधानसभा चुनाव में रामगढ़ से कांग्रेस ने चुनाव जीता था, लेकिन इसी साल हुए उपचुनाव में आजसू ने रामगढ़ में कब्जा जमाया. विधानसभा सीटों के समीकरण से हिसाब से फिलहाल भाजपा कांग्रेस से मजबूत दिख रही है.

### 35 साल से कांग्रेस झेल रही वनवास

कांग्रेस यहां से हर बार चुनाव लड़ती है, लेकिन जीत नहीं पाती. 1984 के बाद कांग्रेस हजारीबाग सीट से कभी नहीं जीत सकी. 1989 से भाजपा दबदबा बनाये हुए है, लेकिन 2 बार (1991 और 2004) में सीपीआई ने यहां भाजपा की जीत का रथ रोका है. सीपीआई के भुवनेश्वर मेहता दोनों बार चुनाव जीते थे. इस बार भी सीपीआई ने हजारीबाग संसदीय सीट पर अपनी दावेदारी पेश कर दी है. चर्चा है कि इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे में कांग्रेस यह सीट सीपीआई के लिए छोड़ सकती है.

### हटिया स्टेशन पर जनरल टिकट काउंटर की संख्या बढ़ाने की मांग

**रांची।** झारखंड पैसेंजर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव व रेल उपयोगकर्ता परामर्शदातृ समिति के सदस्य प्रेम कटारुका ने रांची रेल मंडल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा से मुलाकात कर रेल सेवा में सुधार और सुविधाओं में विस्तार से संबंधिक मामलों को लेकर बातचीत की. कटारुका ने मंडल रेल प्रबंधक से हटिया स्टेशन पर ट्रेन की जनरल बोगी में सफर करने के लिए जनरल टिकट काउंटरों की संख्या बढ़ाने और प्रवेश द्वार के पास से हटाकर आरक्षण काउंटर के हॉल में स्थापित करने की मांग रखी.कहा कि ऐसे करने से यात्रियों को आर्थिक दोहन-शोषण से राहत मिल सकेगा.

### हिंदी सिर्फ भाषा नहीं हमारी मां है : संजय सेठ

**रांची ।** विश्व हिंदी दिवस पर सांसद संजय सेठ ने हिंदी रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया. चैंबर भवन में हुए इस कार्यक्रम में साहित्यकार, हिंदी के प्राध्यापक, कवि और हिंदी प्रेमी मौजूद रहे. शुरुआत कवित्रियों के कविता पाठ से हुई. सांसद ने कहा,हिंदी हमारी भाषा नहीं. यह हमारा मन है. आज विश्व में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है. पीएम मोदी ने वैश्विक पटल पर हिंदी को मजबूत किया है. पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के बाद मोदी ही ऐसे पीएम हैं, जिन्होंने हिंदी का मान सम्मान बढ़ाया है. रांची विवि के कुलपति अजीत सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र व कलाकार अजय मलकानी सहित अन्य मौजूद थे. डॉ वासुदेव प्रसाद, डॉ सुनीता, डॉ मंजू लाल, डॉ हरेंद्र सिन्हा, प्रशांत गौरव, डॉ धीरेश्वर झा, डॉ जयप्रकाश, डॉ जंग बहादुर पांडेय, सुरेंद्र कौर नीलम, मुक्ति शाहदेव, रश्मि शर्मा, वीना श्रीवास्तव, करुणा सिंह, खुशबू बरनवाल और डॉ जितेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया.

# कोयलकारो के विजय गुड़िया का निधन, दी गई अंतिम विदाई





**संवाददाता। रांची**

तोरपा प्रखंड के तपकारा गांव के कोईलकारो संगठन के सक्रिय महासचिव विजय गुड़िया का निधन गुरुवार सुबह 6 बजे हो गई. लंबे समय से बिमार से वे ग्रसित थे. निधन से कोईलकारो के सैकड़ों लोगों में मातम छा गई. दोपहर में मुंडारी रिति रिवाज से उसे अंतिम विदाई दी गई. अपने परिवार में अपने पत्नि और बेटी को पीछे छोड़ दिये.

**जीवन गुड़िया के सक्रीयता के कारण 256 गांव के लोग आंदोलन में जुड़े :** जीवन गुड़िया कोईलाकारो आंदोलन के नेता के रूप मे जाना जाता था. उनके आंदोलन से 256 गांव के लोग कोईलकारो आंदोलन से जुड़े थे. उनकी सक्रीयता से इसे कोईलकोरो संगठन का महासचिव बनाया गया था.

**14 फादरों ने दिये अंतिम विदाई :** 14 फादरों ने विजय गुड़िया की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. और अंतिम विदाई दिये. मौके पर टीएसी पुर्व सदस्य रतन तिर्की, प्रभाकर तिर्की, होफमैन के निदेशक अधिवक्ता महेंद्र पीटर तिग्गा, अधिवक्ता मार्टिन पीटर, अधिवक्ता मुक्ता मरांडी, अधिवक्ता सिलवंती कुजूर, अधिवक्ता मोनालिसा सोरेंग, पूर्व मंत्री एनोस एक्का, प्रताप किचिंगया,ब्रजेन्द्र हेमरोम समेत अन्य शामिल थे.

# चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने रासमा डायरी 2024 का किया विमोचन

**संवाददाता। रांची**

रासमा डायरी 2024 का विमोचन गुरुवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने किया. सेनिटरीवेयर ट्रेड से जुडे व्यापारियों के विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों के लिए उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों की प्रशंसा की, कहा कि काफी कम अवधि में संस्था ने बडे.आयाम स्थापित किये हैं. उन्होंने संस्था के सदस्यों की हर समस्या पर झारखंड चैंबर की ओर से हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया.

**अंजय, ओम प्रकाश व राजीव टॉप थ्री मेंबर फॉर सक्सेसफुल बुकिंग के लिए सम्मानित :** रासमा के अध्यक्ष ललित केडिया ने कहा कि व्यापारी का हित संगठन में है, आज तेज दौड़ते हुए व्यापार में वो व्यापारी तरक्की करेगा जो व्यापार और कंपनी के बीच में सही तालमेल बना सकेगा.



इस दौरान रासमा के उपाध्यक्ष अंजय सरावगी, सचिव ओमप्रकाश सराफ व उपाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल को डायरी में विज्ञापन बुकिंग के लिए टॉप थ्री मेंबर फॉर सक्सेसफुल बुकिंग के अवॉर्ड से मनोनीत किया गया. सचिव ओमप्रकाश सराफ ने डायरी के प्रकाशन के लिए कमिटी चेयरमेन अरविंद जालान और उनकी टीम के प्रति आभार जताया. कमिटी चेयरमेन अरविंद जालान ने डायरी प्रकाशन में प्राप्त सहयोग के लिए सभी विज्ञापनदाताओं के प्रति आभार जताया, कहा कि सदस्यों के प्रोत्साहन से ही डायरी का प्रकाशन संभव हो पाया है. डायरी विमोचन में संजय सिंघानिया, दीपक बुबना, अरूण शर्मा, विजय खोवाल, प्रदीप सराफ, राजकुमार गुप्ता, शीतलनाथ ओहदार, मनोज बंका, अनूप अग्रवाल, आदित्य शर्मा, अरविंद जालान, रजनीश कुमार, सौरव केडिया, चैंबर के सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, हिन्दवेयर, सेरा, परिवेयर समेत विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे.

# 15 जनवरी से 14 फरवरी तक एमओआरटीएच मनाएगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

**संवाददाता। रांची**

सड़क सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताओं का देखते हुए सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत की घोषणा की. 15 जनवरी से 14 फरवरी तक पूरे एक महीने तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह किया जाएगा. जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत में लगभग 4,50,000 सड़क दुर्घटनाएं और 150,000 मौतें हुईं, जिनमें से 50% से अधिक युवा आबादी प्रभावित हुई. मानव टोल के अलावा इन घटनाओं का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है.

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान प्रमुख पहल

**1. पीछे के वाहन की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान :** परिवहन विभाग ट्रकों और ट्रैक्टर ट्रॉलियों के पिछले हिस्से में रेट्रोरिफ्लेक्टिव शीटिंग की उपस्थिति का निरीक्षण करने के लिए विशेष अभियान चलाएगा, जिसका लक्ष्य पीछे की टक्कर को रोकना है.

**2. पुलिस और परिवहन अधिकारियों द्वारा जागरूकता अभियान :** सड़क उपयोगकर्ताओं, स्कूली बच्चों और ड्राइवरों को लक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियां परिवहन अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगी. यातायात नियमों, आपातकालीन देखभाल और अच्छे लोगों की सुरक्षा के लिए दिशा निर्देशों के बारे में ज्ञान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा.

**3. जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें :**



जिला-स्तरीय बैठकें निर्धारित की जाएंगी, जिसमें यातायात पुलिस, परिवहन अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों आदि सहित प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया जाएगा. इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा स्थिति पर चर्चा और समीक्षा करना, ब्लैकस्पॉट और दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों की पहचान करना और प्रभावी हस्तक्षेप की रणनीति बनाना है. व्यापक विश्लेषण के लिए दुर्घटना डेटा को ई-डीएआर प्लेटफॉर्म पर दर्ज किया जाएगा.

**4. सड़क सुरक्षा के लिए मीडिया की भागीदारी :** समाचार पत्रों, रेडियो और टेलीविजन के माध्यम से सड़क सुरक्षा संदेशों को प्रसारित करने के लिए स्थानीय मीडिया आउटलेट्स के साथ सहयोग. सड़क सुरक्षा प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सूचनात्मक सामग्री, ग्राफिक्स और वीडियो साझा करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग.

**5. जिला प्राधिकारी सड़क दुर्घटना डेटा प्रदान करें :** जिला अधिकारियों से पिछले वर्ष की तुलना में सड़क सुरक्षा माह के दौरान दुर्घटनाओं, मौतों और चोटों की संख्या को उजागर करते हुए सड़क दुर्घटना डेटा प्रदान करने का आग्रह किया जाता है. यह डेटा सार्वजनिक पहुंच और जांच के लिए माई भारत पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा.

**सूरते हाल** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का हाल, ऐनवक्त पर कर दी जाती हैं परीक्षाएं स्थगित

# तारीख- पे -तारीख मिलती रहेगी, परीक्षा का पता नहीं

**रजनीश प्रसाद। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जानेवाली प्रतियोगिता परीक्षा की तिथियों की घोषणा तो होती है, लेकिन तय तिथि से ठीक पहले या परीक्षा के एक दिन पहले फिर से नई तारीख का ऐलान हो जाता है. लेकिन उस नई तिथि को भी परीक्षा होगी या नहीं, संशय बना रह रहा है. हाल के दिनों में संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा की तिथियों में बदलाव किया जाता रहा.

यह परीक्षा 16- 17 दिसंबर 2023 को होनी थी, लेकिन स्थगित कर दी गयी. इसके बाद परीक्षा की नई तिथि 21-28 जनवरी घोषित हुई. कुछ दिन पहले इस तिथि में भी बदलाव रप दिया गया. अब 28 जनवरी और 4 फरवरी को परीक्षा लेने की घोषणा की गयी है.



### रिजल्ट के लिए 16 को आंदोलन की दी चेतावनी

जेई परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों ने रिजल्ट जारी करने के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री सचिवालय, मुख्य सचिव, कार्मिक और जेएसएससी कार्यालय में आवेदन दे कर परीक्षा का परिणाम 15 जनवरी तक जारी करने की मांग की है. अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 जनवरी तक मांग नहीं मानी गयी, तो 16 जनवरी से जेएसएससी कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना पर बैठेंगे.

### सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर संशय

झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 12 जनवरी से होनी थी. लेकिन हाईकोर्ट के निर्देश पर परीक्षा तिथि आगे बढ़ गयी. अब सीटेट पास को भी आवेदन का मौका दिया गया है. परीक्षा 10 फरवरी को लेने की घोषणा की गयी है. वहीं 10 फरवरी को जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा है. इस दिन मैट्रिक के उर्दू,बांग्ला और ओडिया की परीक्षा है. साथ ही इंटर के अर्थशास्त्र और एंथ्रोपोलॉजी की भी परीक्षा है. ऐसे में सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा तय तिथि को हो पाएगी या नहीं, इसे लेकर संशय है.

### जेई नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट तीन माह बाद भी अभी नहीं आया

जेई की परीक्षा लिए तीन माह बीत गए हैं, लेकिन रिजल्ट जारी नहीं हुआ है. जेई की परीक्षा तीसरी बार में ली गयी. इसका रिजल्ट भी नहीं आया. पहली बार परीक्षा जुलाई 2022 में हुई थी. लेकिन पेपर लीक हो गया. अभ्यर्थियों के विरोध के बाद परीक्षा रद्द हो गई. फिर अक्टूबर 2022 में परीक्षा हुई. कोर्ट ने नियोजन नीति रद्द कर दी, तो परीक्षा भी रद्द हो गयी. फिर अक्टूबर 2023 में ली गयी, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं आया है. जेई के 1562 पदों के लिए रिक्तियां निकाली गईं थीं, जिसमें लगभग 1 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है.

### तीन अभियुक्तों पर अभियोजन की स्वीकृति

**रांची ।** डीसी राहुल सिन्हा ने सुखदेव नगर (पंडरा) थाना कांड सं-481/23 के अभियुक्तों पर संबंधित प्रतिवेदनों को देखने के बाद शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की. अभियुक्त 1. अतुल चन्द्र, पे शशि कुमार द्विवेदी, पता फ्लैट सं0-118, विश्वनाथ अपार्टमेंट देवी मंडप रोड, थाना पंडरा ओपी, जिला रांची, स्थायी पता सा-अमरोडा, थाना चंदनी, जिला गढ़वा 2. विवेक, पे अरुण कुमार पंकज, पता बस्ती जलाल, थाना दिघवारा, जिला सारण (बिहार) 3. बिट्टु पांडेय उर्फ सुजीत उपाध्याय, पे कृष्णा कुमार उपाध्याय, स्थायी पता सुरवल जीरादई, थाना जीरादई, जिला सिवान बिहार, वर्तमान पता-एलएन मिश्रा कॉलोनी, थाना- पंडरा ओपी, जिला रांची के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा- 25(1-बी)ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा प्रदान की गयी है.

### वित्त मंत्री ने समाधान का दिया आश्वासन

# राईस मिलरों की परेशानी से चैंबर अध्यक्ष ने कराया अवगत

**संवाददाता। रांची**

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में गुरुवार को कोल्हान राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव से मुलाकात की. उन्होंने राइस मिलर्स के मिलिंग के इंसेंटिव की दरों में संतोषजनक वृद्धि के लिए आभार जताया.

चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि विभाग के इस प्रयास से राइस मिलर्स बेहद उत्साहित है. प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि मिलरों के द्वारा केएमएस 2021-22 में सीएमआर कार्य किया गया था, किंतु उक्त कार्य के परिवहन, हैंडलिंग एवं फोर्टिफिकेशन कार्य का भुगतान किसी कारणवश नहीं हो सका है. पुनः वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी मिलरों द्वारा सीएमआर कार्य किया गया है, किंतु इस वर्ष का भी भुगतान अब तक लंबित है. इस कारण मिलर्स आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं. वित्त मंत्री ने सभी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार के लिए आश्वस्त किया. प्रतिनिधिमंडल में चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीतिन प्रकाश, कोल्हान राइस मिलर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष राजीव खिरवाल, सचिव दीपक झुनझुनवाला, कोषाध्यक्ष अविनाश सुरेका, सदस्य सुभाष लोधा, जामीनी मंडल, प्रवीण अग्रवाल, आनंद सक्सेरिया, बासुदेव रूंगटा और चंदन कुमार शामिल थे.



# फोटोग्राफी और क्विज में युवा प्रतिभा का प्रदर्शन

## आरयू में पीजी युवा महोत्सव- 2024 कल्पतरू के दूसरे दिन हुए कई कार्यक्रम

**संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय पीजी युवा महोत्सव-2024 कल्पतरू के दूसरे दिन परफॉर्मिंग फाइन आर्ट्स विभाग और मास कॉम विभाग में आयोजित हो रहे हैं. 11 जनवरी को मास कॉम में क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें कई राउंड के बाद 15 छात्रों ने फाइनल में जगह बनायी. इन चुने गये छात्रों की क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई. क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन डॉ. पूनम निगम सहाय, डॉ. समीरा सिन्हा, डॉ. सोनी तिवारी और डॉ. लाडली रानी की निर्णायक मंडली ने किया. मास कॉम में स्पॉट फोटोग्राफी इवेंट भी आयोजित किये गये, जिसमें 32 छात्रों ने एक भारत विकसित भारत विजन 2047 थीम पर बेहतरीन फोटोग्राफी की. परफार्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग में फोक डांस, क्लासिकल डांस व अन्य नृत्य विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. डांस प्रतियोगिताओं में कुल 25 ग्रुप ने



भाग लिया. इसके अलावा गायन, अभिनय, मिमिक्री जैसे इवेंट भी आयोजित किये गये, जिसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया. इन इवेंट्स में जज के रूप में डॉ स्मृति सिंह, विपुल नायक, डॉ नियति कल्प, डॉ. किशोर सुरीन, डॉ सविता केसरी, सुजीत कुमार शर्मा, मनीष कुमार और विवेक दास ने विजेताओं का चुनाव किया. इस युवा महोत्सव का समापन समारोह 12 जनवरी को बेसिक साइंस स्थित आर्यभट्ट सभागार में तीन बजे से होगा, जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे.

**कला प्रदर्शन**





---

## ब्रीफ खबरें

### नीरजा सहाय डीएवी में हुई साइकिल रेस

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में गुरुवार को कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के छात्र- छात्राओं के बीच साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें नन्हे -मुन्नों का उत्साह दर्शनीय रहा. मौके पर उनके अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गयी. कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्या किरण यादव ने अपने अभिभाषण से नन्हे -मुन्नों का प्रोत्साहन किया. कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका निवेदिता सिंह ने किया.

### टुसू पर्व मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**रांची ।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग और हिंदी विभाग ने टुसू पर्व सम्मेलन का आयोजन किया. सम्मेलन में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. एमएस अब्बास, खोरठा के प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार और जिंदर सिंह मुंडा शामिल रहे. सैकड़ों की संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी शामिल रहे. इस सम्मेलन में झारखंडी सभ्यता-संस्कृति और नाच-गान का प्रदर्शन किया गया.

### झारखंड की लवली कुमारी ने जीता गोल्ड

**रांची ।** 6 से 14 जनवरी तक रायपुर में आयोजित 40वीं सब जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड के बालिका वर्ग में जोन्हा रांची की लक्ष्मी कुमारी 30 मीटर की दूरी में रजत पदक व लवली कुमारी ने 20 मीटर की दूरी में स्वर्ण पदक झारखंड को दिलाया. चाईबासा के योगेंद्र हिस्सा और सरायकेला के समीर बेहरा ने फाइनल में प्रवेश किया. इंडियन राउंड में तीरंदाज योगेंद्र हिस्सा व समीर बेहरा फाइनल में पहुंच गए हैं.

### स्वामी जी की मूर्ति का होगा अनावरण

**रांची ।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे. ये अनावरण राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को करेंगे. इस मूर्ति को सीयूजे के प्रशासनिक भवन के सामने स्थापित किया गया है. यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे होगा. मूर्ति 10 फीट ऊंची है और राजस्थान से बनकर आई है. विवेकानंद गेरूआ वस्त्र पहने हैं और हाथ में किताब लिए हैं.

---

### राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का समापन

# 498 टीमों ने लिया हिस्सा जोनल के लिए 4 चयनित

**संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. झारखंड में इसका होस्ट आईएचएम रांची कर रही है. इस प्रतियोगिता में 498 टीम ने हिस्सा लिया. यह प्रतियोगिता स्टेट, जोनल और नेशनल लेवल पर किया जाएगा. वहीं जोनल में जो क्वालिफाई करेगा उसे नेशनल स्तर पर जाने का अवसर मिलेगा. ईस्ट जोनल में झारखंड, बिहार. ओडिशा और पश्चिम बंगाल की टीम है. रांची, डीपीएस, रांची, टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी, तुपुदाना, राची, कैरलि पब्लिक स्कूल, राची, लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रांची, मांडर इंटरमीडिएट कॉलेज, रांची, विकास विद्यालय, रांची, बाघवार अकादमी, चान्हो, रांची के छात्रों ने भाग लिया था, जिसमें डीपीएस रांची के रिद्धि शाह व अनुष्का पांडा और टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तुपुदाना, राची के इप्शिता राठौड़ व श्रेयांश शौर्य, कृष्ण कुमार एवं प्रतीक कुमार तथा कृतिका सिन्हा व साक्षी कुमारी का टॉप चार प्रतिभागियों के रूप में जोनल राउंड के लिए चयन किया गया है. जोनल राउंड प्रतियोगिता का आयोजन आईएचएम कोलकाता में 15 जनवरी को किया जाएगा. नेशनल स्तर पर प्रतियोगिता नोएडा में होगी.




**खास बातें**

- ईस्ट जोन में झारखंड, बिहार, ओडिशा, प. बंगाल की टीम है
- नेशनल स्तर पर प्रतियोगिता नोएडा में होगी

इसमें प्रथम विजेता को रु. 1,00,000 और एक स्वर्ण पट्टिका, द्वितीय विजेता को रु. 50,000 और एक कांस्य पट्टिका व तृतीय विजेता को रु. 20,000 (बीस हजार) और जोन द्वारा शॉर्टलिस्ट और परिषद को अग्रेषित किए गए अन्य विजेता रु 10,000 प्रदान किये जाएंगे. संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने कहा की ये बहुत गर्व बात है कि टॉप चार टीम झारखंड राज्य के रांची जिला से है, जो यह दर्शाता है कि रांची की स्कूली शिक्षा का स्टार पड़ोसी राज्यों से काफी बेहतर है और सभी जोनल राउंड के लिए चयनित छात्रों व डीपीएस, रांची और टेंडर हार्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय, तुपुदाना, रांची के प्राचार्य व शिक्षकों की कड़ी मेहनत की सराहना की. साथ ही सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी.

---

### श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का हुआ महास्नान



**रांची।** पौष अमावस्या के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान किया गया. श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर के अनुसार यहां भी खाटूनरेश को गंगाजल दूध दही गुड शहद चीनी केसर सुगंधित इत्र गुलाब फूल आदि से महास्नान कराकर नवीन बागा (पोशाक) पहनाकर मसाज किया गया. मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने महास्नान अनुष्ठान विधिवत रूप से किया. राजेश सिंघानिया, सारिका सिंघानिया व हर्ष सिंघानिया ने पोशाक व पंचमेवा निवेदित कर माथा टेका. इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनौली, कौशल चौधरी आदि उपस्थित थे.

### डीएवी स्कूल पुंदाग में शिक्षण क्षमता संवर्धन कार्यशाला



**रांची ।** एसआरडीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग में गुरुवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पटना के तत्वावधान में दो-दिवसीय शिक्षण क्षमता संवर्धन कार्यशाला का कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. सीबीएसई की संसाधकों ने विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर ध्यान देने हेतु अनेक उपाय सुझाए तथा उनसे संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया. इसके साथ ही अनेक छोटी- छोटी फिल्में दिखाकर अध्यापकगण के समक्ष प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए. कार्यशाला के दो दिन पांच-पांच घंटे के कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं कल्याण के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की गयी.

### लिटरेचर कॉन्क्लेव ए ज्वाइंट वेंचर का आयोजन



**रांची।** डीएवी हेहल में गुरुवार को लिटरेचर कॉन्क्लेव ए ज्वाइंट वेंचर ऑफ डीएवी सेंटर फॉर अकैडमिक एक्सलेंस एंड डी ए वी यूनाइटेड फाउंडेशन का आयोजन किया गया था. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य मनुष्य के जीवन प्रबलता प्रदान करता है. साहित्य- कला के कारण ही मानव और पशु विभेद किया जाता है. साहित्य मानवता का सृजन करता है और व्यक्ति के विचारों को रसात्मक बनाता है.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन।
आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।
FLIGHT TICKETS
CRUISE BOOKING
HOTEL BOOKING
TRAIN TICKET
TAXI SERVICE
CURRENCY EXCHANGE
HOLIDAY PACKAGES
GROUP BOOKINGS
E VISA SERVICE
INTERNATIONAL TOUR PACKAGES
BOOKING
Call 8527271652-ved

---

## डोरंडा कॉलेज में हिलोर का शुभारंभ, प्रतियोगिताएं हुईं



**संवाददाता। रांची**

डोरंडा कॉलेज में तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल हिलोर का शुभारंभ किया गया. इसके उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा के साथ विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष झा और जन संचार के डायरेक्टर प्रो. बीपी सिन्हा शामिल रहे. इस दौरान कुलपति ने कहा कि हमें 2047 से के लिए तैयार होने की जरूरत है. 2047 आते आते हम लोग की उम्र बहुत अधिक हो जाएगी. आप विद्यार्थियों के कंधों पर देश की जिम्मेदवारी होगी. 2047 में आजादी का 100 साल पूरा करेंगे. यूथ फेस्टिवल में डांस, कविता, लेखनी, पेंटिंग जैसे कई प्रतियोगिताएं है. डोरंडा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. बीपी वर्मा ने कहा कि युवा महोत्सव विशेष रूप से स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में प्रारंभ किया गया है. ये उत्सव छात्रों को आगे बढ़ने और उनकी छुपी प्रतिभा को खोजने के लिए होता है.

वे छात्रों में उत्साह देख रहे हैं. इतने बच्चे शामिल हुए कि हॉल छोटा पड़ गया है. कार्यक्रम में डॉ. रजनी टोप्पो, डॉ मंजू लाल, डॉ मलाई भारती, डॉ शिल्पी सिंह, डॉ मंजू मिंज, शालिनी, डॉ सुप्रिया , डॉ कृष्णकांत रवि , डॉ एमिलिन, मनोज कुमार, मुग्धा तिवारी, अवधेश कुमार, सुशीला व छात्र-छात्राएं शामिल रहे.

### कृषि अनुसंधान केंद्र के कार्यों की हुई समीक्षा

**रांची ।** झारखंड में बागवानी को सशक्त बनाने के लिये गठित समिति द्वारा गुरुवार को पूर्वी अनुसंधान परिसर, कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र, प्लांडु, रांची का दौरा किया गया. केंद्र के प्रधान डॉ अरूण कुमार सिंह ने बैठक में समिति के अध्यक्ष नवीन कुमार पटले, अपर आयुक्त, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग समेत 12 समिति सदस्यों को केंद्र पर चल रही विभिन्न परियोजनाओं से अवगत कराया. बैठक में डॉ संतोष एस. माली, वरीय वैज्ञानिक द्वारा केंद्र में विकसित सब्जियों एवं फलों की किस्मों एवं विभिन्न उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई. समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने केंद्र में विकसित सभी तकनीकों की सराहना की. उन्होंने केंद्र द्वारा विकसित बहुस्तरीय कृषि प्रणाली, कृषि वानिकी प्रणाली, जलकुंड तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाई आदि से जुड़ी हुई तकनीकों को केंद्र तथा राज्य परियोजनाओं में शामिल करने का सुझाव दिया. जिससे इन तकनीकों को झारखंड समेत पूर्वी भारत में विस्तारित किया जा सके. धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक डॉ मीनू कुमारी ने किया.

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आज होंगे कई कार्यक्रम



**संवाददाता। रांची**

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को पूरे शहर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. आयोजित कार्यक्रम के तहत सबसे पहले रामकृष्ण मिशन के द्वारा सुबह 8 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा. यह प्रभात फेरी अल्बर्ट एक्का चौक से विवेकानंद सरोवर तालाब ( बड़ा तालाब ) तक जाएगी. जहां विवेकानंद को माल्यार्पण कर विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इसके साथ डोरंडा के विवेकानंद चौक पर भी विकानंनद मुर्ति पर माल्यार्पण कर सांस्कतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. दोपहर 2 बजे से मोरहाबादी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में शिक्षकों और छात्रों के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया है. रामकृष्ण मिशन के द्वारा पूरे राज्य में नया भारत नाम से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसके विजेता को राज्यपाल के द्वारा अवार्ड दिया जाएगा.

**बड़ा तालाब को सजाया गया :** रांची के बड़ा तालाब को कार्यक्रम के लिए तैयार करने की जिम्मेवारी नगर निगम को दी गई थी. नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार तालाब के आसपास विशेष अभियान के तहत सफाई करवाई गई है. साथ ही साथ तालाब के पानी को साफ करने के लिए मशीन का भी उपयोग किया गया.

---

# दोनों वर्गों में रांची की टीम सेमीफाइनल में

**संवाददाता ।रांची**

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय मुकाबले में दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए. पुरुष वर्ग में रांची, लोहरदगा, पाकुड़ और धनबाद की टीम सेमीफाइनल में पहुंची. वहीं महिला वर्ग में रांची, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई. दूसरे दिन का प्रतियोगिता की शुरूआत हॉकी ओलंपियन मनोहर टोपनो एवं जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, उपवन वाड़ा, खेल परामर्शी देवेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. शुक्रवार को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा. पुरुष वर्ग में पहला सेमीफाइनल रांची बनाम लोहरदगा के बीच होगा. जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच पाकुड़ बनाम धनबाद के बीच होगा. वहीं महिला वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच रांची उपविजेता बनाम पश्चिमी सिंहभूम के बीच होगा. दूसरे सेमीफाइनल में रांची विजेता और पूर्वी सिंहभूम की टीम आमने सामने होंगी.



**दूसरे दिन के मैच का परिणाम**

**पुरुष वर्ग**

1. पाकुड़ जिला बनाम सरायकेला के बीच 2-2 गोल से बराबरी पर रहा.
2. पाकुड़ ने लोहरदगा को 1-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया.
3. धनबाद ने सरायकेला को 1-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया.

**महिला वर्ग**

1. रांची ने पाकुड़ को 2-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया.
2. पश्चिमी सिंहभूम ने बोकारो को 4 -1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया.
3. पूर्वी सिंहभूम ने धनबाद को 1-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया.



▼ **ब्रीफ खबरें**

### पोल से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**सरायकेला।** सरायकेला के गम्हरिया-गोविंदपुर (राजनगर) मुख्यमार्ग पर गम्हरिया थाना क्षेत्र के रायबासा में बुधवार की रात बिजली पोल से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गयी. इसमें उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं, मृतक की पहचान सरायकेला थाना क्षेत्र के बीरबांस निवासी अजीत लोहार (19) के रूप में की गयी है. बीरबांस निवासी दोस्त राजेश नायक घायल हो गया है. गम्हरिया थाना पुलिस ने शव और बाइक को जब्त कर लिया है.

### दो पक्षों में मारपीट में कई लोग घायल हुए

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** पुरानी रंजिश को लेकर बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गेनरो में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई. मारपीट में दोनों पक्षों से लोग चोटिल हुए हैं. दोनों पक्षों ने घटना को लेकर बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. मारपीट में घायल लोगों इलाज स्थानीय स्तर पर कराया गया. एक पक्ष के रंजीत मरांडी का कहना है कि बंदना पर्व को लेकर उनके पिता लखीराम मरांडी बुधवार को गांव के ही बिंदुलाल मरांडी के घर गए हुए थे. इसी दौरान दोनों में झड़प हो गई.

### बिजली चोरी के आरोप में छह पर केस दर्ज

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के पंडरिया व भीखी में बिजली विभाग के द्वारा जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान अवैध रूप से बिजली जलाने के आरोप में बादीडीह पंचायत के पंडरिया निवासी अरविंद प्रसाद यादव, पिता गोपी प्रसाद यादव, रूपेश यादव पिता बाबूलाल यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव पिता भूलो महतो भीखी निवासी बद्रिका देवी पति भोला यादव, गणेश्वरी देवी पति रामदेव यादव व अनिता देवी पति इंद्रदेव यादव के खिलाफ गावां थाना में केस दर्ज करवाई गई है.

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी सह पाथर बांग्ला बोरागढ़ निवासी अभिषेक कुमार को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता के माता की शिकायत पर झरिया थाने में 12 जनवरी 2023 को दर्ज की गई थी.

### सीएसपी संचालक से 2.12 लाख रु की लूट

**डुमरी (गिरिडीह)।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के लोहेडीह के समीप गुरुवार को दो अज्ञात अपराधियों ने रिवाल्वर की नोंक पर सीएसपी संचालक से 2 लाख 12 हजार रूपये लूट लिए. इस संबंध में भुक्तभोगी ने थाना में लिखित शिकायत कर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच किया और संचालक से पूछताछ कर आरोपियों की पहचान में जुट गयी है.

### जनसहयोग समिति की थाने में हुई बैठक

**सिंदरी।** वरीय पुलिस पदाधिकारियों के दिशानिर्देश पर सिंदरी थाने के प्रांगण में थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में पुलिस और जनता के बीच सीधा संपर्क साधने की कोशिश की गई. बैठक में दारूबाजों और शराब की समस्या की शिकायत सर्वोपरि रही. सिंदरी थाना प्रभारी ने कहा कि फेरीवालों से विशेष दूरी बनाए रखें. लंबी छुट्टी पर आवास को छोड़कर जानेवाले पुलिस को अवश्य सूचना दें. घर के बाहर वाहन खड़ी नहीं करें.

### कोयले से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर में एनएच 98 के फोरलेन बाईपास पर बुधवार देर रात कोयला लदा एक ट्रक पलट गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मेदिनीनगर की ओर से ट्रक तेज गति से आ रही थी. कोयला लदा ट्रक रात करीब 8 बजे सोनाटांड़ कॉलोनी के समीप अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे तरफ जाकर खाई में पलट गया. इस घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गए. ट्रक चालक बिहार के अंबा थाना क्षेत्र के धनु बिगहा निवासी प्रदीप यादव गंभीर रूप से घायल हो गया.

---

**धनबाद में महिला थाने की हालत**

# फरियादी जमीन पर बैठते हैं, सुनने वाला तख्त पर

**संवाददता। धनबाद**

आजादी के 76 साल बाद भी अंग्रेजी शासक की तरह धनबाद की पुलिस फरियादियों पर हुकूमत कर रही है. अगर हकीकत का सामना करना है कि तो आइए धनबाद जिले की महिला थाना. कड़ाके की ठंड में महिला पुलिसकर्मी थाना के बाहर कुर्सी लगाकर दोपहर में मीठी धूम का आनंद ले रही है. जबकि थाना में फरियाद लेकर पहुंची दो महिलाओं से जमीन पर बैठाकर बात कर रही



है. पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस मैनुअल के तहत किसी भी फरियादी को थाने में आने पर पहले उन्हें सम्मान के साथ पुलिसकर्मी को कुर्सी देकर बैठाना है. फिर एक ग्लास पानी देना है. उसके बात विनम्रता पूर्वक फरियादी से मामले के बारे में पूछताछ करना है. पूछताछ करने के बाद सफेद कागज देकर उससे आवेदन लिखवा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना है. फरियादी पढ़ा-लिखा नहीं है या फिर उसे सही से हिंदी नहीं लिखना आता है, तो पुलिसकर्मी को स्वयं आवेदन लिखना है. उसके बाद फरियादी को पढ़कर सुनाने के बाद उससे हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लेना है. जबकि ऐसा शायद ही किसी थाना में होता होगा.

### दो से तीन दर्जन मामले पहुंचते हैं थाने में

महिला थाना में घरेलू विवाद को लेकर रोजाना सुबह से रात तक दो से तीन दर्जन मामले पहुंचते हैं, लेकिन दिन में महिला पुलिसकर्मी अधिकतर फरियादियों से जमीन पर बैठा कर बात करती है. ऐसा लगता है कि देश तो आजाद हो गया और अंग्रेजी शासकों की पुलिस भी चली गई, लेकिन उन पुलिसकर्मियों के काम करने के तौर तरीके यहां की पुलिस इस्तेमाल कर रही है. महिला थाना में एफआईआर साल-दो साल में एक-दो होता है. अधिकतर मामले को दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता करा दिया जाता है. लोगों का कहना है कि समझौता कराने में दोनों पक्षों से लेन-देन भी होता है. इस संबंध में महिला थाना के पुलिसकर्मी व पदाधिकारी कहते हैं कि जो भी बात कहना है डीएसपी या एसपी से करें.

---

**आओ जानें**

### किस जिले में कितने मामले हैं दर्ज

| जिला | मामले | जिला | मामले |
|---|---|---|---|
| एटीएस | 02 | खूंटी | 249 |
| जामताड़ा | 06 | हजारीबाग | 179 |
| लोहरदगा | 09 | सरायकेला | 128 |
| रेल धनबाद | 15 | गुमला | 126 |
| पाकुड़ | 15 | पलामू | 90 |
| दुमका | 16 | लातेहार | 66 |
| कोडरमा | 16 | चाईबासा | 62 |
| गिरिडीह | 26 | देवघर | 49 |
| रामगढ़ | 27 | रेल जमशेदपुर | 46 |
| चतरा | 506 | गोड्डा | 43 |
| रांची | 278 | सिमडेगा | 39 |
| जमशेदपुर | 255 | साहिबगंज | 37 |

---

**अपराधी गिरोह ही नहीं नक्सली व उग्रवादी भी मांग रहे लेवी**

# झारखंड के ठेकेदार और कारोबारियों में भय का माहौल

- रंगदारी के लिए कारोबारियों को लगातार दी जा रही धमकी

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड में ठेकेदार और कारोबारी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं. पिछले कुछ दिनों तक एकदम शांत रहने के बाद से अचानक नक्सली, उग्रवादी और अपराधी संगठन फिर सक्रिय हो गए हैं. उनकी गतिविधियां अचानक से बढ़ गई हैं. जिसका नतीजा यह है कि नक्सली, उग्रवादी और अपराधियों ने पिछले कुछ दिनों के दौरान एक के बाद एक कई वाहनों में आगजनी और गोलीबारी जैसी बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है. इन सभी घटनाओं के पीछे लेवी और रंगदारी मांगने की बात सामने आयी है.

**प्रिंस खान और अमन साहू गिरोह का बढ़ा उत्पात :** एक तरफ जहां धनबाद में प्रिंस खान तो, वहीं दूसरी ओर रांची, रामगढ़, लातेहार और हजारीबाग जिला में अमन साहू गिरोह का उत्पात बढ़ा है. इन दोनों गिरोहों के अपराधियों द्वारा कोयला, पत्थर, बालू, समेत अन्य जुड़े कारोबारी और निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार से व्हाट्सएप कॉल और व्हाट्सएप मैसेज के जरिए लगातार रंगदारी मांगी जा रही है. इतना ही नहीं इन अपराधिक गिरोह के नाम पर दूसरे सामाजिक तत्व भी इसका फायदा उठा रहे हैं. साथ ही रंगदारी मांगने के लिए धमकी देने का काम कर रहे हैं.

#### ये नक्सली-उग्रवादी संगठन हैं सक्रिय

- भाकपा माओवादी
- टीपीसी
- पीएलएफआई
- जेजेएमपी

#### ये प्रमुख आपराधिक गिरोह हैं सक्रिय

- **अखिलेश सिंह:** जमशेदपुर
- **अमन साहू गिरोह:** रांची, लातेहार, रामगढ़ और हजारीबाग.
- **अमन श्रीवास्तव गिरोह:** रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार.
- **प्रिंस खान:** धनबाद.
- **विकास तिवारी गिरोह:** रामगढ़ और हजारीबाग.
- **सुजीत सिन्हा गिरोह:** लातेहार और पलामू.
- **डब्लू सिंह:** पलामू



#### हाल के दिनों में हुई घटनाएं

**08 जनवरी 2024:** गुमला में नक्सलियों ने एक दर्जन वाहनों को जला दिया था. पर्चा छोड़ कर खनन व परिवहन का काम बंद करने का फरमान सुनाया था.

**08 जनवरी 2024:** हजारीबाग जिला के गिद्दी में कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगी कंपनी को विकास तिवारी के नाम पर धमकी दी गई.

**05 जनवरी 2024:** लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालूभांग गांव के निकट माओवादियों ने तीन गाड़ियों को जला दिया था.

**04 जनवरी 2024:** रांची के रातू में कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की लेवी के लिए गोली मारकर हत्या कर दी गई.

**21 दिसंबर 2023:** गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम से धनबाद के प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सर्वमंगला प्रसाद से एक करोड़ की रंगदारी मांग की गई थी.

**01 दिसंबर 2023:** रामगढ़ जिला के कुजू में अपराधियों ने कोयला कारोबारी कल्याण पांडे के ऑफिस में गोलीबारी की थी.

#### नक्सली सब-जोनल कमांडर से एनआईए कर रही पूछताछ

**रांची।** भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह से एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) पूछताछ कर रही है. रांची की एनआईए ने प्रदीप सिंह को चार दिनों की रिमांड पर लिया है. प्रदीप सिंह मुख्य रूप से लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित बरियातू जागीर गांव का रहने वाला है. झारखंड पुलिस ने उसे बीते छह दिसंबर 2023 को गिरफ्तार किया था. प्रदीप सिंह 5 लाख रुपए का इनामी नक्सली है. वह पिछले 10-12 वर्षों से काफी सक्रिय था. प्रदीप सिंह हाल ही में दवना गांव में एक व्यक्ति के साथ हुई मारपीट की घटना में भी शामिल था. उसके ऊपर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 23 मामले दर्ज हैं. वह माओवादियों द्वारा अंजाम दी गयी लगभग सभी बड़ी घटनाओं में शामिल था. पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी. इसी क्रम में छह दिसंबर 2023 को वह पुलिस की गिरफ्तार में आ गया. उसकी गिरफ्तारी से नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ.

---

### महिला से दिनदहाड़े पर्स छीन कर भागे

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत बड़ा हनुमान मंदिर के पास बाइक सवार अपराधियों ने महिला से पर्स की छिनतई कर ली. घटना बुधवार दोपहर 3 बजे की है. इस संबंध में पीड़िता मानगो सहारा सिटी निवासी गेलनिसी फोरेड ने मानगो थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि वह मानगो चौक की ओर से अपने घर सहारा सिटी की ओर जा रही थी. तभी हनुमान मंदिर के पास पीछे से तेज रफ्तार में बाइक आई और बाइक सवार पर्स छीनकर फरार हो गए. बाइक में कुल दो लोग सवार थे. इधर, शिकायत के बाद पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी की जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## गिरिडीह में संदिग्ध हालत में युवक का शव बरामद



**संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के गुनियाथर ओपी क्षेत्र स्थित कुलमुंगरी गांव में गुरुवार सुबह संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव बरामद हुआ है. युवक की पहचान गुनियाथर ओपी क्षेत्र के धावाटांड़ गांव निवासी यमुना यादव के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलने के बाद भेलवाघाटी थाना प्रभारी अवधेश कुमार, गुनियाथर ओपी प्रभारी लक्खी नारायण मुर्मू दलबल के साथ कुलमुंगरी गांव पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया. थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है. जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा. वहीं, युवक के पिता भजल यादव ने बताया कि यमुना यादव का कुलमुंगरी में ससुराल है. वह बुधवार शाम में ही अपने ससुराल गया था. गुरुवार सुबह उसके मौत की सूचना मिली.

---

## चाईबासा में 7 किलो का आईईडी बरामद, मौके पर किया नष्ट

**नक्सली अभियान**

**संवाददाता। चाईबासा**



गोईलकेरा के वनग्राम मेरालगड़ा के जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 7 किलो का एक आईईडी गुरुवार को अभियान के दौरान बरामद किया गया. सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसे उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ते ने नष्ट कर दिया. पश्चिम सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की. उन्होंने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान जारी है. नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं. जिसके आलोक में पुलिस, कोबरा, जगुआर- सीआरपीएफ की टीमों का एक संयुक्त दल गठित कर अभियान संचालित हो रहा है. जंगली इलाकों कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटंबा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोन्टो के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, लुईया क्षेत्रों में अभियान लगातार चल रहा है.

### बिजली चोरी में 30 लोगों पर केस दर्ज

**धनबाद।** बिजली विभाग द्वारा गुरुवार को बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया. विभाग ने धनबाद सर्किल में 30 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया है. विभाग ने धनबाद सर्किल में कुल 210 जगहों में रेड किया है जिसमें 7 लाख 5 हजार रुपये फाइन किया गया है. बता दें कि धनबाद डिवीजन में 53 जगहों पर हुई छापेमारी में 13 लोगों पर केस दर्ज कराया गया है. इसके साथ ही चार लाख 16 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. वहीं गोविंदपुर में 41 जगहों पर छापेमारी कर 7 लोगों पर केस दर्ज कराया गया है और एक लाख 13 हजार का फाइन किया गया है. निरसा में 94 जगहों पर हुए छापेमारी में 7 लोगों पर केस दर्ज कराया गया और एक लाख 39 हजार फाइन किया गया है. झरिया में 22 जगहों पर रेड किया गया जिसमें 3 लोगों पर केस दर्ज हुआ, साथ ही 37 हजार रुपये का फाइन किया गया है.

---

## निवेश से पांच दिन पूछताछ करेगी ईडी दिनेश गोप की संपत्ति का पता लगाएगी

**संवाददाता। रांची**

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से ईडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी. इसके लिए ईडी ने रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के स्पेशल कोर्ट से अनुमति मांगी थी. ईडी ने जो रिमांड पिटीशन दाखिल की थी, उसमें निवेश से पांच दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति मांगी गई थी. गुरुवार को ईडी की रिमांड पिटीशन पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने पूछताछ की अनुमति दे दी है. निवेश की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया. वहीं ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है, इसलिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी जानी चाहिए.

बता दें कि राजधानी रांची के धुर्वा इलाके के रहने वाले निवेश ने



दिनेश गोप को खिलौने वाले हथियार दिखाकर उससे लाखों रुपये की ठगी कर ली थी. जांच में यह बात सामने आई थी कि निवेश ने पीएलएफआइ सुप्रीमो को विदेशी हथियार दिलाने का झांसा दिया था. फिर खिलौनेवाले हथियार की तस्वीर दिखा कर लाखों रुपये ठगे. उसने वीडियो कॉल के माध्यम से दिनेश गोप को खिलौने वाले हथियारों की तस्वीर दिखाई थी. उससे यह कर पैसे ठगे थे कि उसके पास अत्याधुनिक हथियार है. फिलहाल निवेश कुमार न्यायिक हिरासत में है.

---

**सभी गिरफ्तार अपराधी अमन साहू गिरोह के**

## हथियार के साथ छह गिरफ्तार

**संवाददाता। लातेहार**

पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के कर्मकटवा जंगल से छह अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में रोहित कुमार, सुजीत कुमार यादव, मनोहर यादव, सरहोली भुइया, इब्राहिम अंसारी और सनोज यादव शामिल है. सभी लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. एसपी अंजनी अंजन ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अपराधी अमन साव गिरोह के अपराधी बालूमाथ थाना क्षेत्र के कर्मकटवा जंगल में एकत्रित होकर एक व्यवसायी की हत्या की योजना बना रहे हैं. सूचना के बाद पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई.

पुलिस ने घटनास्थल से छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. छानबीन के बाद उनके पास से दो



पिस्टल और छह जिंदा गोली भी बरामद किया गया. पूछताछ के दौरान अपराधियों ने पुलिस को बताया कि अमन साहू गिरोह के संचालक मयंक सिंह के कहने पर वे लोग एक व्यवसायी से रंगदारी की मांग किए थे. लेकिन रंगदारी के पैसे नहीं मिलने के कारण व्यवसायी की हत्या और आगजनी की योजना बनाई जा रही थी. घटना को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी पर प्राप्त हुई है .जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

प्रेस वार्ता में प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी ललित मीणा, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, चंदवा थाना प्रभारी शुभम कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी नीतीश कुमार, सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार मेहता, धीरज कुमार, कुबेर साहब, कैलाश बाड़ा समेत अन्य पुलिस के अधिकारी मौजूद थे.

---

**दहशत** नक्सलियों ने सारंडा के समठा गांव निवासी पूर्व नक्सली की हत्या कर दी थी

# ग्रामीणों को करता था परेशान, इसलिए नेल्सन को मार डाला

**संवाददाता। किरीबुरु**

सारंडा के समठा गांव निवासी पूर्व नक्सली नेल्सन भेंगरा जिसकी हत्या नक्सलियों ने 9 जनवरी की रात गोली मार कर दी थी, उसके बारे में ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि वह ग्रामीणों को लगातार परेशान कर रखा था. नेल्सन का संबंध नक्सलियों के अलावा पुलिस के उच्च अधिकारियों के साथ भी था. अपनी दोहरी दोस्ती का गलत फायदा गलत तरीके से पैसा उगाही और रौब जमाकर दहशत फैलाने में निरंतर करता था. सूत्रों के अनुसार सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण अथवा अन्य विकास योजनाओं से जुड़ी कार्यों में लगे ठेकेदारों से नक्सलियों का भय दिखाकर पैसा उगाही करता था.

#### धमकी देकर पैसों को वसूली किया करता था





नेल्सन भेंगरा की फाइल फोटो

जुआ आदि का खेल और अवैध अन्य कारोबार में शामिल लोगों से वह पुलिस को सूचना देने की धमकी देकर कुछ पैसा लेता था. पैसा का यह लोभ नेल्सन भेंगरा को अपने समाज व गांव के अलावा अन्य लोगों का निरंतर दुश्मन बनाता गया. अब तो वह लोगों व ग्रामीणों के साथ आये दिन झगड़ा व मारपीट भी करने लगा था. उसकी इस गलत प्रवृति से प्राय: लोग परेशान थे. उसके घर के पास तीन मोटरसाइकिल खड़ी थी. संभवत: तीनों मोटरसाइकिल उसी की हो. नेलशन अपनी पत्नी, दो बेटा और एक बेटी के साथ रहता था.

#### रौब दिखाकर पाड़ा संचालक से कुछ पैसा लिया, उसी से नशापान कर घर लौटा था

सूत्रों ने बताया कि घटना वाले दिन नेल्सन भेंगरा आसपास के क्षेत्र में लगा एक मुर्गापाड़ा खेल स्थल पर गया था. वहां से वह अपना रौब दिखाकर पाड़ा संचालक से कुछ पैसा लिया. पैसे से नशापान कर शाम में घर लौटा था. कुछ देर बाद उसे पता चला कि रात में हथियारबंद नक्सली समठा गांव क्षेत्र में आये हैं. रात में ही गांव से कुछ दूर जंगल में वह कुछ ग्रामीणों को बुलाकर बैठक कर रहे हैं. इसी बैठक में एक ग्रामीण ने नेल्सन भेंगरा की करतूतों की जानकारी नक्सलियों को दे दी. इसके बाद नक्सली नेल्सन को खोजने निकले और उसे पकड़ कर उसका मोबाइल जब्त कर लिया. नक्सलियों ने नेल्सन की मोबाइल की जांच की तो उसमें पुलिस के कुछ बडे.अधिकारियों के नंबर, उनसे व्हाट्सएप पर मैसेज का आदान-प्रदान आदि के प्रमाण मिले. उसके बाद नक्सलियों ने नेल्सन की पहले पिटाई की और बाद में गोली मारकर हत्या कर दी. हत्या के बाद घटनास्थल के पास ही नक्सलियों ने नेल्सन का मोबाइल भी जला दिया. यह सारी जानकारी सूत्रों ने दी है.

---

**न्यूज अपडेट**

### कर्मी की मौत के बाद परिजनों ने दिया धरना

**कतरास।** मोदीडीह कोलियरी में कार्यरत इलेक्ट्रिक सहायक फोरमैन 47 वर्षीय धर्मा महतो की ड्यूटी के दौरान बुधवार की रात अचानक तबीयत खराब हो गई. सहकर्मियों द्वारा केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई. इधर, गुरुवार को सरायढेला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया. मृतक परिवार के लोग तथा विभिन्न ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों ने नियोजन की मांग को लेकर शव के साथ कोलियरी कार्यालय के मुख्य द्वार पर रखकर प्रदर्शन किया. वे लोग धर्मा के आश्रित को तत्काल नियोजन सहित कंपनी की सारी सुविधा देने की मांग कर रहे थे. वहीं, पीओ अरविंद कुमार झा, चंदन श्रीवास्तव, मुकेश कुमार ने यूनियन प्रतिनिधियों के साथ पुत्र रूपेश कुमार महतो को प्रोविजनल नियोजन पत्र तथा दाह संस्कार के लिए 75 हजार रुपए दिए.

### मंदिर में चोरी मामले में एक हिरासत में

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के न्यू बांध गाड़ी स्थित शिव मंदिर से चोरी की घटना का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है. इस संबंध में मंदिर के पुजारी नरेश पांडेय ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंदिर से चोरी किये गये अधिकतर सामानों को बरामद कर लिया है. गुरुवार सुबह मंदिर के पुजारी पूजा करने गये तो देखा कि मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी, पूजा का बर्तन, पंचदीप सहित अन्य पूजा के पीतल का बर्तन गायब है. इसके बाद घटना की सूचना आसपास के लोगों को दी. स्थानीय लोग मुहल्ले में सामान को ढूंढने लगे. इसी बीच पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गयी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत मौके पर पहुंचे और मंदिर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला. इसी दौरान पता चला कि चोरी का सामान अटल मोहल्ला क्लीनिक के पास से बरामद किया गया है.

### सीएमपीएफ घोटाले की जांच सीबीआई करे

**तेतुलमारी।** सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष गुरुवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ ने सीएमपीएफ में डेढ़ लाख करोड़ के घोटाले की जांच सीबीआई से कराने और मजदूरों का पैसा सुरक्षित करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान संघ समर्थकों ने कोयला मंत्री के नाम का पत्र महाप्रबंधक को सौंपा. जिसमें सीएमपीएफ में कथित तौर पर घोटाले की जांच कराने की मांग करने, आयुक्त को बदलने और कोयला क्षेत्र में ठेका मजदूरों को अधिकार सुनिश्चित करने के साथ सेवानिवृत कोयला कर्मी को अवकाश प्राप्ति के दिन पैसा भुगतान की व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है. महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन के दौरान महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने कहा कि पैसों का बड़ी मात्रा में निवेश में लापरवाही बरतने से डेढ़ लाख करोड़ का नुकसान होने की संभावना है.

### ठगी मामले में साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गुमला।** मां शेरावाली इंडेन गैस के संचालक विशेष कुमार आनंद के साथ साइबर ठगी कर एक लाख 47 हजार तीन सौ रुपये का चूना लगाने के मामले में गुमला पुलिस ने आरोपी युवक रकीब खान को राजस्थान के डिंग जिला थाना कामा के धुलवारा गांव से गिरफ्तार किया है. एसपी हरविंदर सिंह ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया. वहीं गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया. एसपी ने बताया कि अपराधी ने एक अज्ञात नंबर से रसोई गैस व्यापारी चेटर रोड निवासी विशेष कुमार आनंद से संपर्क किया और कहा कि वह आर्मी मैन है. उनका कैंप चेटर रोड के सरकारी विद्यालय में लगी है. 19 केजी का दस सिलेंडर रिफिल करनी है. वाट्सएप नंबर से कॉल आया और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी दी. कहा कि आप पैसे डालें इधर से दोगुना ट्रांसफार्मर किया जाएगा. एसपी के अनुसार विशेष कुमार आनंद साइबर ठगी के झांसे में आ गए और उनके कहने पर 1,47,300 रुपये ट्रांसफर कर दिया.

**खुशखबरी : पथ निर्माण और भवन निर्माण विभाग का चार वर्षों में रहा बेहतर परफारमेंस, बढ़ रहीं सुविधाएं**

# वर्ल्ड क्लास सड़कों से आवागमन होगा और सुगम

विशेष संवाददाता। रांची

अगर आप झारखंड में रहते हैं, तो यहां वर्ल्ड क्लास सड़कों से गुजरने का मौका मिलेगा. रांची में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों को आने वाले दिनों में जाम वाली सड़कों से राहत मिलेगी. बाहर से रांची आने वालों को सड़क मार्ग से अब कम समय में दूरी तय करने का अवसर मिल रहा है. पथ निर्माण विभाग प्रदेश में कई हाईवे और फ्लाई ओवर बना रहा है, जिससे आवागमन में बहुत कम समय लगेगा. यह जानकारी पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने गुरुवार को सूचना भवन में पत्रकारों को दी. सुनील कुमार ने जानकारी की कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी क्षेत्रों की सड़कों का भी विकास किया जा रहा है. रांची के इनर रिंग रोड के 10 पार्ट में से कुल तीन पार्ट को स्वीकृति दी जा चुकी है. 194 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड का डीपीआर तैयार कर लिया गया है. वहीं रिंग रोड की कनेक्टिविटी पर काम किया जा रहा है और कई कनेक्टिंग रोड की स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है. उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2000 किलोमीटर सड़क नेशनल हाईवे के माध्यम से बनाई जा रही है. राज्य सरकार की ओर से कुल 5200 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है. वहीं 4600 किलोमीटर की सड़क निर्माण जारी है. सचिव ने बताया कि 12503 करोड़ की 11 पथों के निर्माण से संबंधित डीपीआर बनाने की प्रक्रिया चल रही है. इसके तहत कुल 323 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा. उन्होंने कहा कि कांटाटोली से सिरमटोली को जोड़ने की स्वीकृति दी जा चुकी है. वहीं हरमू फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर भी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है. राज्य में एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर, टूरिस्ट एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर भी पर काम किया जा रहा है.

### खास बातें

- हरमू फ्लाईओवर के निर्माण की प्रक्रिया की जा रही पूर्ण
- कांटाटोली से सिरमटोली को जोड़ने की स्वीकृति दी जा चुकी है

**वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट का 60 प्रतिशत हो चुका है खर्च :** पथ निर्माण सचिव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट का 60 प्रतिशत खर्च हो चुका है. 4576 करोड़ का बजट उपबंध है, जिसमें अबतक 2425 करोड़ खर्च हो चुका है. खर्च का शत प्रतिशत लक्ष्य विभाग हासिल करेगा.

## चार साल में 525 योजनाओं को मिली स्वीकृति

सचिव ने बताया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार सड़कों के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और सौंदर्यीकरण पर विशेष योजना के तहत काम कर रही है. पिछले चार सालों में विभाग ने 5207 किलोमीटर लंबाई की पथ परियोजनाओं को पूरा किया, जिसमें 39 पुल-पुलियों का निर्माण हुआ. वहीं चार वर्षों में 525 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई. जिनकी कुल लंबाई 6589 किलोमीटर है. चार वर्षों में 26 महत्वपूर्ण पथ परियोजनाओं को पूर्ण किया गया. वहीं 13 पुल परियोजनाओं को सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया. जिससे प्रदेश में छह लेन से लेकर फोर लेन सड़कों का निर्माण संभव हो पाया. उन्होंने बताया कि 283 योजनाएं वर्तमान में विभाग की ओर से चलाई जा रही हैं. अब तक विभाग की ओर से 398 बड़े पुल-पुलिया का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है.



### एनएचआई से 6213 करोड़ की योजनाओं को मिली स्वीकृति

राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग झारखंड के तहत गत चार वर्षों में कुल 6213 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसकी कुल लंबाई 815 किलोमीटर है. चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 1021 करोड़ की कार्य योजना स्वीकृति के लिए मंत्रालय स्तर पर प्रक्रियाधीन है. दूसरी तरफ प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 40 हजार करोड़ की लागत से 1414 किलोमीटर की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है. इसमें राज्य सरकार के प्रयास से भूअर्जन, वन भूमि आदि जैसी समस्याओं को दूर किया गया, जिससे 633 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो सका. 781 किलोमीटर पथों का निर्माण कार्य प्रगति में हैं.

### झारखंड भवन सहित अन्य भवनों का निर्माण जल्द

भवन विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने बताया कि भवन निर्माण विभाग की ओर से राज्य में और राज्य के बाहर भी कई भवनों का निर्माण किया जा रहा है. इनमें से ज्यादातर भवनों के निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि राज्य में दो नये मेडिकल कॉलेज, 500 शैय्या वाले अस्पताल, सामुदायिक केंद्र, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, अनुमंडलीय अस्पताल, बोकारो मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक डिग्री कॉलेज के साथ-साथ पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विभिन्न टूरिस्ट स्पॉट, कृषि पशुपालन विभाग के कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है. इसके लिए भवन निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से भी विभिन्न विभागों की बिल्डिंग का निर्माण सुनिश्चित किया जाता है. विभाग ने 2022-23 में 603 करोड़ के बजट के विरुद्ध 96 प्रतिशत से ज्यादा व्यय भवन निर्माण पर किया था. वहीं चालू वित्तीय वर्ष में विभाग ने 76 प्रतिशत व्यय अब तक किया है. सूचना भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजीव लोचन बख्शी सहित पथ निर्माण एवं भवन निर्माण विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे.

# भाजपा के काम को अपना बता रही हेमंत सरकार : नीलकंठ



संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हेमंत सरकार राज्य की जनता को बेवकूफ बना रही है. रघुवर सरकार के कार्यों को अपना बताकर वाहवाही लूटने में लगी है. भवन निर्माण और पथ निर्माण विभाग के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जिस झारखंड भवन को हेमंत सरकार अपनी सरकार की उपलब्धियों में शामिल कर बता रही है वह रघुवर सरकार की देन है. झारखंड विधानसभा, झारखंड हाईकोर्ट, रांची प्रेस क्लब भवन, हज हाउस जैसे भवनों का निर्माण भी भाजपा सरकार ने किया है. कहा कि रघुवर सरकार के 5 वर्ष के कार्यकाल में 22865 किमी सड़क का निर्माण किया गया था. वहीं राज्य सरकार के प्रेस वार्ता में बताया गया कि मात्र 5200 किमी सड़क ही हेमंत सरकार में बन पाए हैं.

नीलकंठ ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार अपने चहेतों को काम दिलाने के कारण पहले संवेदक तय कर देती है और काम पूरा होने पर टेंडर निकालती है. जमशेदपुर सर्किट हाउस भवन की 6.76 लाख रूपये की मरम्मति, सर्किट हाउस चहारदीवारी की 4.98 लाख रूपये से मरम्मति, 24.87 लाख की लागत से भालकी पंचायत भवन और इतनी ही लागत से सिंहपुरा पंचायत भवन की मरम्मति कार्य कंप्लीट होने के बाद टेंडर निकाला गया. वहीं चालू वित्तीय के 9 महीने में भवन निर्माण विभाग के योजना बजट की 5350 करोड़ में से 44.61 फीसदी राशि ही खर्च हो सकी है. वहीं भवन निर्माण विभाग में स्वीकृत 1749 पद के मुकाबले केवल 497 ही कार्यरत हैं, जबकि 1252 पद रिक्त है. भवन निर्माण विभाग के अधिकांशः प्रमंडल प्रभार व्यवस्था के भरोसे हैं. मुंडा ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के 9 महीने में पथ निर्माण के योजना बजट की 631 करोड़ की कुल राशि में से मात्र 56.65 प्रतिशत राशि ही खर्च हो सकी है. पथ निर्माण विभाग में स्वीकृत 3601 पद के मुकाबले केवल 1654 ही कार्यरत हैं, जबकि 1947 पद रिक्त हैं.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** दशम चंद्रमा है. समय बहुत ही उत्तम है. धर्म में मन लगेगा. पिता से लाभ होगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. निवेश शुभ रहेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. विवाह के लिए किए प्रयास सफल रहेंगे. संतान की चिंता रहेगी. शिक्षा में लाभ होगा.

**वृषभ** भाग्य का साथ मिलेगा. निवेश शुभ नहीं होगा. शुभ समाचार मिलेंगे. विवाद न करें. किसी की जमानत देने का जोखिम न लें. कोई गलत कार्य होने से भविष्य की चिंता रहेगी. पुरानी पीड़ा से ग्रस्त रहेंगे. धर्म में मन लगेगा.

**मिथुन** व्यापार में लाभ का योग है. पर कार्य सोच विचार कर ही करें. किसी से विवाद होगा. मिजाज खुशनुमा रहेगा. बेरोजगारी दूर होगी. विरोधी परास्त होंगे. जीवन आध्यात्म की तरफ मुड़ सकता है. बोलने से पहले विचार करें.

**कर्क** कर्म और व्यापार से लाभ होगा. समय रहते अपने कार्यों का विभाजन कर लें. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. विवाद से बचते हुए फालतू खर्च से बचें. अस्वस्थता के कारण मन खिन्न रहेगा. माता दुर्गा का पूजन करें.

**सिंह** रुका हुआ धन मिलने की संभावना के बीच यात्रा से लाभ होगा. अपनी आदतों को बदलें और प्रयास करें कि जो भी फैसला लें उस पर कायम रहें. सन्तान से मतभेद होगा. चीनी और सत्तू का दान करें. सूर्य को जल अर्पण करें.

**कन्या** व्यवसाय में नई योजना लागू होगी. कार्यस्थल में बदलाव संभव है. अनाज तिलहन के निवेश, नौकरी व यात्रा से लाभ होगा. अपनों से मन की बात कहने का अवसर मिलेगा. जल के साथ फल का दान करे.

**तुला** भाई के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. पराक्रम से कार्य बनेगा. सोचा कार्य समय पर होने से मन प्रफुल्लित रहेगा. रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी. नौकरी में भागदौड़ रहेगी. घर-परिवार में चल रहे विवादों के कारण चिंतित रहेंगे. दूध का दान करें.

**वृश्चिक** आय अच्छी होगी. किये गये कार्य का लाभ मिलेगा. पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा. नया वाहन, मशीनरी पर धन खर्च होगा. पारिवारिक कार्यक्रमों में भागदौड़ अधिक होगी. जीवनसाथी की चिंता रहेगी. हनुमान जी का पूजन ध्यान करें.

**धनु** धन का आगमन होगा. समय अच्छा परिणाम देगा. कोई बड़ा कार्य होगा. परिणय कार्य की रुकावटें दूर होंगी. संतान सुख मिलेगा. अपने हुनर को दिखाने का अवसर मिलेगा. किसी की सुनी सुनाई बातों से दूर रहें.

**मकर** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे. कोई छोटा निवेश शुभ रहेगा. दिनचर्या व्यस्त रहेगी. संपत्ति के कार्य लाभ देंगे. भोजन सोच विचार कर ही करें. पेट से सम्बंधित रोग सम्भव है. प्रियजन को मन की बात बताने का अवसर मिलेगा.

**कुंभ** खर्च अधिक होगा. कार्य सोच विचार कर ही करें. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. यात्रा मनोनुकूल रहेंगी. परिवार में बुजुर्गो का साथ मिलेगा. काली वस्तु का दान करना चाहिए.

**मीन** विदेश से शुभ समाचार मिलेगा. खर्च अधिक होने से मन खिन्न होगा. निजी जीवन में तनाव रहेगा. नौकरी में परिश्रम अधिक होगा. कार्यस्थल पर विवाद से बचें. चोरी आदि से हानि हो सकती है. सावधानी बरतें.

# आरयू के इतिहास विभाग में 140 में से 106 छात्र फेल



संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के 140 छात्रों में से 106 छात्र को इंटरनल में फेल कर दिया गया है. ये सभी छात्र सत्र 2022-24 के हैं. सभी छात्र सेमेस्टर दो के हैं. इंड सेमेस्टर की हुई परीक्षा में छात्र पास कर गए है. वहीं इंटरनल परीक्षा में फेल हैं. फेल होने कारण विवि को इंटरनल परीक्षा का नंबर नहीं भेजना है. इससे पहले मारवाड़ी कॉलेज और मांडर कॉलेज में भी ऐसा हो चुका है. इस संबंध में आजसू छात्र संघ ने विवि के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद नारायण से मिलकर शिकायत कर के दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है और आगे आंदोलन के लिए चेतावनी भी दी है. इस प्रकार की घटनाओं को देखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने परीक्षा फार्म भरने से पहले इंटरनल का नंबर जमा करने का निर्देश दिया है. वहीं जिन छात्रों का इंटरनल का नंबर जमा है, वे ही परीक्षा के लिए आवेदन कर पाएंगे. जो छात्र आवेदन नहीं कर पाएंगे, उन्हें संबंधित संस्थान के प्रधान से मिल कर समस्या की जानकारी देनी होगी.

## पाकुड़ के उपायुक्त का फेसबुक अकाउंट हैक

**पाकुड़ ।** पाकुड़ डीसी मृत्युंजय कुमार बर्णवाल का फेसबुक अकाउंट किसी ने हैक कर लिया है. डीसी ने गुरुवार को इसकी सूचना खुद जारी कर कहा है कि किसी व्यक्ति ने उपायुक्त पाकुड़ के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया है. उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि फर्जी अकाउंट पर कोई मैसेज आने पर किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दें और इस फर्जी अकाउंट को ब्लॉक कर दें.

## आज देखें चांद और दें शहादत : इमारते शरिया

**रांची ।** दारुल कजा इमारते शरिया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मो अनवर कासमी ने कहा कि 12 जनवरी को चांद का महीना जुमादल उखरा 1445 हिजरी की 29 तारीख है और चांद की 29 तारीख को आगामी महीने का चांद नजर आने की संभावना रहती है. इसलिए उपरोक्त तरीख को रजब उल मुरज्जब 1445 हिजरी महीने के चांद देखने पर विशेष ध्यान दें और देखते ही इमारते शरिया के काजी शरीअत या किसी जिम्मेदार आलिम के पास शहादत दें.

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी यात्रा होगीः गुलाम अहमद

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मकसद समाज के हर तबके को हक और न्याय दिलाने का है. यह यात्रा दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी यात्रा होगी जिसमें राहुल गांधी 6700 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे. झारखंड में 804 किलोमीटर की यात्रा होगी जो 8 दिनों में तय होगी. वे गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के विस्तारित कार्य समिति की बैठक में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह संघर्ष तब तक जारी रखेगी, जब तक इस देश में नफरत का माहौल दूर न हो जाए और मजलूमों को उनका हक ना मिल जाए.

**राजेश ठाकुर ने कहा- बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता यात्रा में बनेंगे भागीदारः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के मद्दे नजर झारखंड के प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी जाएगी.

बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को इस यात्रा में भागीदार बनाया जाएगा. बैठक का उद्देश्य ही झारखंड में यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का है. उन्होंने राहुल गांधी के संदेशों को पर्चा, पोस्टर, स्टीकर के द्वारा जन-जन के बीच पहुंचाने का निर्देश दिया. राज्य के सभी चौक चौराहो पर झंडा, बैनर, होर्डिंग आदि के माध्यम से यात्रा कार्यक्रम को प्रचारित करने, न्याय यात्रा को देखते हुए प्रत्येक जिला में कंट्रोल रूम की स्थापना करने के साथ सामाजिक संगठनों, इंडिया गठबंधन दलों के पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ,अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त पेशेवर खिलाड़ियों,कलाकारों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों को आमंत्रित करने का निर्देश दिया.

**आलमगीर आलम ने कहा- यात्रा को बनाएं ऐतिहासिकः** कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड में इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाएं. जिन जिलों से यात्रा नहीं गुजरेगी, वहां के कांग्रेसजनों को भी बढ़-चढ़ कर इस यात्रा में भाग लेना है. कार्यकर्ताओं को यह प्रण लेना होगा कि हम पूरे देश में इस यात्रा को सफल बनाने में अव्वल दर्जा प्राप्त करें.

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में ज्योति सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमिटी की कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मंत्री बन्ना गप्ता, बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव, अकेला यादव, अनूप सिंह, अम्बा प्रसाद, नमन विक्सल कोन्गाडी, सोना राम सिंकू, राजेश कच्छप, भूषण बाड़ा, डॉ इरफान अंसारी, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, ममता देवी, उपाध्यक्ष अनादि ब्रह्म, प्रदीप तुल्यान,अजय दूबे, सलतान अहमद, ब्रजेन्द्र सिंह, महासचिव-अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजीनी, मदन मोहन शर्मा, मानस सिन्हा, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, निरंजन पासवान, रियाज अंसारी, अजय शाहदेव सहित काफी संख्या में कांगेसजन मौजूद थे.

## जेपीएससी जल्द निकाल सकती है रिक्तियां

**रांची।** झारकंड लोक सेवा आयोग 11वीं से 13वीं सीविल सेवा परीक्षा का आयोजन जल्द कर सकती है. इसके लिए कार्मीक विभाग ने प्रस्ताव भेज दिया है. जेपीएससी कुल 349 पदों पर रिक्तियां निकालेगी, जिसमें 342 नियमित और 7 बैकलॉग होगा. प्रारंभिक परीक्षा अप्रैल या मई में हो सकती है. झारखंड प्रशासनिक सेवा में 207 पद, पुलिस सेवा के विए 35,कारा सेवा के लिए 2, प्रोवेशन के लिए 6, वानिज्य कर सेवा 63, श्रम नियोजन सेवा 14, शिक्षा सेवा 10, सहकारिता 8, उत्पात सेवा 10 और गृह रक्षा वाहिनी सेवा में 1 रिक्ति है.

## जंगली हाथियों ने तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के सालदोहा गांव में तीन जंगली हाथियों के झुंड ने गुरुवार देर रात तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसमें पुटकी गिरि, संजना सिंह व भरती सिंह के घरों को तोड़ दिया तथा घर में रखे अनाज को गटक गये. देर रात जंगली हाथियों की चिग्घाड़ से ग्रामीण रात भर सहमे रहे.अचानक घर से ढहाने की आवाज को सुन कर घरवाले किसी तरह अपनी जान बचाकर भागने में सफल रहे .वहीं हाथियों के झुंड ने खेत में लगी फसल को भी नुकसान पहुंचाया. इसके अलावा घर के दरवाजा को भी अपना निशाना बनाया.

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदनलाल खन्ना का निधन

**झरिया(धनबाद) ।** झरिया नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मदन लाल खन्ना का गुरुवार को निधन हो गया. वह लंबे समय से बीमार थे. धनबाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली. निधन की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में शुभचिंतक व पार्टी नेता उनके आवास पहुंचे और शोक जताया. मदनलाल खन्ना के निधन पर गणेश बहादुर सिंह, रामजी सिंह, अशोक मालाकार, अशोक बर्णवाल, जगदीश प्रसाद गुप्ता, राजा प्रसाद गुप्ता, भगत सिंह, महेश शर्मा, रत्नेश यादव, बृजमोहन शर्मा, गिरीश सिंह, प्रीतम रवानी आदि शामिल हैं.

# जयंती पर याद किए गए पूर्व सांसद सुनील महतो, दी गई श्रद्धांजलि



संवाददाता | जमशेदपुर

जमशेदपुर के पूर्व सांसद स्वर्गीय सुनील महतो को जयंती पर लोगों ने याद किया. इसी क्रम में गुरुवार को स्टेशन चौक पर लगी उनकी प्रतिमा पर कुड़मी सेना, झारखंड आंदोलनकारियों व अन्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का प्रण लिया. इस अवसर पर मौजूद झारखंड आंदोलनकारी हरमोहन महतो ने कहा कि लोकसभा में सांसद सुनील महतो को बेहतर सांसद का पुरस्कार भी मिला था. उनकी काफी प्रतिष्ठा और सम्मान थी, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी आजतक इन्हें शहीदों का दर्जा नहीं मिला. सुनील महतो के साथ नक्सली घटना में मारे गए अन्य लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी मिल गई, लेकिन सुनील महतो के परिवार के लोगों को सरकारी नौकरी नहीं दी गई. झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार होने के बावजूद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया. उन्होंने स्वर्गीय सांसद को शहीद का दर्जा देने तथा उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है.

## विचार साधना सत्र में शामिल होंगे पीआईएल मैन

**जमशेदपुर ।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन व तुलसी भवन द्वारा विवेकानंद जयंती के अवसर पर तुलसी भवन में शुक्रवार को 'विचार साधना सत्र' का आयोजन किया जायेगा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता एवं पीआईएल मैन ऑफ इंडिया अश्विनी उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि के रूप मे सांसद विद्युत वरण महतो शामिल रहेंगे. यहजानकारी तुलसी भवन में गुरुवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में दी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चीफ ऑफ फैक्ट्रीज अरुण मिश्रा करेंगे. सत्र शाम 5 बजे से प्रारंभ होगा. इसमें 'रामराज्य और भारतीय संविधान' विषय पर चर्चा-परिचर्चा होगी. आयोजकों ने बताया कि अश्विनी उपाध्याय ने भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए काफी काम किया है. उनके द्वारा दायर पीआईएल पर ही सर्वोच्च न्यायालय ने पीएमएलए कोर्ट की स्थापना की थी. वर्तमान में वक्फ बोर्ड एक्ट की असंवैधानिकता पर उन्होंने एक याचिका डाली है.

## वार्षिक वनभोज में शामिल होंगे जैक अध्यक्ष

**चांडिल ।** कुड़मी समाज का वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह 20 जनवरी को चांडिल डैम के निकट शीशमहल परिसर में होगा. मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो शामिल होंगे. इनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में चाईबासा के जिला कृषि पदाधिकारी कालीपद महतो, श्रीनाथ विश्वविद्यालय के चांसलर सुखदेव महतो, टाटानगर रेलवे अस्पताल के एसीएमएस डॉ. राजू मोहंता, डॉ. अरुण कुमार महतो, रांची हाईकोर्ट अधिवक्ता हरेन कुमार महतो आदि उपस्थित होंगे. वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए गुरुवार को चांडिल के कदमडीह में कुड़मी समाज की बैठक हुई. बताया गया कि समारोह में समाज आंदोलन में बुद्धिजीवियों के योगदान विषय पर विचार गोष्ठी होगी.

**जज्बे को सलाम** एनडीडीबी के सहयोग से झारखंड में पहली बार गिर गाय का फॉर्म विकसित करने की योजना पर हो रहा काम

# नंदिनी गिर फॉर्म बन रहा लोगों की पसंद, डॉ मीनाक्षी ने पेश की नयी मिसाल

संवाददाता। रांची


झारखंड में पहली बार गिर गाय का फॉर्म विकसित करने की योजना पर कार्य हो रहा है. इसके लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) सहयोग भी कर रहा है. हालांकि फिलहाल राज्य में गिर गाय का एक भी विशेष फॉर्म नहीं है. लेकिन गिर गाय के दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग बढ़ रही है, क्योंकि गिर गाय का दूध पौष्टिक होता है. इसे ही ध्यान में रखकर पेशे से दन्त चिकित्सक डॉ. मीनाक्षी सिंह ने एक नयी पहल की है. रांची के बुढ़मू में अपना खुद का गिर गाय का डेयरी फॉर्म विकसित किया है. इनके डेयरी फॉर्म का नाम नंदिनी है. बाजार में भी नंदिनी ब्रांड नाम से ही गिर गाय का बोतल बंद दूध, पेड़ा, घी ग्राहकों को पहुंचाया जा रहा है. डेयरी में अभी 30 से ज्यादा गिर नस्ल की गायें हैं. इन गायों के चारे, पानी और दूध संवर्धन से जुड़े सभी भोज्य पदार्थ इनके फॉर्म में ही उगाये जाते हैं. गिर गायों को खाने के लिए दिया जाने वाला सभी भोज्य पदार्थ ऑर्गेनिक तरीके से इसी फॉर्म में उगाये जाते हैं.



## दूध में हो रही मिलावट को देखते हुए लिया फॉर्म खोलने का फैसला

डॉ. मीनाक्षी ने अपने फॉर्म के बारे में बताया कि, नंदिनी फॉर्म में केवल गिर नस्ल की ही गायें हैं. यह अपने आप में अनूठा प्रयोग भी है, क्योंकि इस फॉर्म में गायों को दिया जाने वाला चारा और अन्य भोजन सब इसी फॉर्म में उगाया जाता है. सभी चीजें ऑर्गेनिक तरीके से उपजायी जाती है. साफ सफाई और केमिकल युक्त कोई भी अनाज इन गायों को नहीं दिया जाता है. फॉर्म की सभी गायें गुजरात से लायी गयी हैं. सभी गायों का वैक्सिनेशन और नियमित जांच की जाती है. वर्तमान में नंदिनी डेयरी से 300 लीटर दूध का उत्पादन होता है. डॉ मीनाक्षी ने बताया, हमारे उत्पाद नंदिनी पेड़े और नंदिनी घी की भी डिमांड काफी है. डॉक्टरी पेशे में होते हुए दूध उत्पादन में जुड़ने के सवाल पर डॉ. मीनाक्षी सिंह का कहना था, यह केवल बिजनेस करने या पैसे कमाने के उद्देश्य से शुरू किया गया काम नहीं है. बल्कि नंदिनी डेयरी स्थापित करने का आईडिया शुद्धता और खास कर दूध उत्पादन में मिलावट को देखते हुए लिया गया फैसला था. ताकि लोगों तक पौष्टिक दूध पहुंचाया जा सके. इससे आगे डॉ मिनाक्षी ने बताया कि, डॉक्टरी पेशे में होने की वजह से मैं और मेरे पति ने अपने हॉस्पिटल में आने वाले पेसेंट को देखकर यह अनुभव किया कि सही और शुद्ध भोजन का नहीं मिलना कई बीमारियों का प्रमुख कारण है. क्योंकि मिलावटी और केमिकल युक्त भोजन सभी को बड़ी बीमारियों का शिकार बना रहे हैं. डॉ. मीनाक्षी नंदिनी डेयरी फॉर्म को एक आध्यात्मिक और पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही हैं. जिसका फायदा भविष्य में यहां आनेवाले बच्चे,बड़े व बुजुर्गों को होगा. उन्हें अध्यात्म, पर्यावरण और सामाजिक मूल्यों की जानकारी मिल सकेगा. इससे आगे उन्होंने बताया कि फॉर्म में अलग-अलग प्रजाति के पेड़,पौधे, कृषि कार्य, मछली पालन, प्रशिक्षण भवन और एक मंदिर भी स्थापित किया गया है. जिससे ये फॉर्म बाकि जगहों से इसे अलग पहचान दे रहे हैं. यहां बता दें कि ऑर्थो डेंटिस्ट डॉ. मीनाक्षी का मीनाक्षी नेत्रालय नाम से अपना अस्पताल भी है. पति डॉ. अभिषेक कुमार सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं. पति डॉ. अभिषेक अध्यात्म और राजनीति में रूचि रखते हैं, जबकि डॉ. मीनाक्षी अध्यात्म के साथ स्टार्टअप्स और स्वस्थ्य जीवन शैली के साधनों में गहरी रुचि रखती है.

# कटक महोत्सव में कत्थक में जेपीएस की टीम बनी विजेता



संवाददाता। जमशेदपुर

ओडिशा के कटक शहर में पांच दिवसीय कटक महोत्सव का आयोजन हुआ. इसमें कत्थक नृत्य में जमशेदपुर पब्लिक स्कूल अव्वल रहा. इस उत्सव में पूरे भारत से आए कलाकारों ने शिरकत कर अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित नृत्य गुरु और जमशेदपुर पब्लिक स्कूल की नृत्य शिक्षिका भारती बनर्जी के नेतृत्व व कुशल निर्देशन मे विद्यालय की नृत्य टीम भी शामिल हुई और कत्थक नृत्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया. कत्थक की विभिन्न शैलियों-यथा थाट, अमंद, टुकड़ा और परन की शानदार प्रस्तुति कर छात्राओं ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. उत्सव में भारती बनर्जी को भी नृत्य गरिमा पुरस्कार से सम्मानित किया गया. स्कूल की नृत्य टीम में छात्रा हर्षिता, प्रगति, वैष्णवी, आरशिया, श्रेयसी व ईशिका शामिल थीं. भारती बनर्जी ने इन सबका श्रेय देते हुए बड़ी विनम्रता से स्कूल की प्राचार्य नमिता अग्रवाल को देते हुए कहा कि इन सबके पीछे उनके प्रेरणादायक सुविचार ही हैं, जो उत्साह का संचार करते हैं.

## बढ़ती असमानता का संकट

अवसरों का तलाशता, छटपटाता एक छोटा सा मध्यवर्ग है. इसमें वे लोग हैं जो सरकारी नौकरी में है या पेंशन पाते है या संगठित क्षेत्र की निजी नौकरी में है या फिर ऐसे लोग जो ठीक-ठाक व्यापार कर रहा है. लेकिन इन तमाम लोगो के लिए अपनी उन्नति की राह कितनी सिमट रही है इस पर चचार नहीं के बाराबर हो रही है. ण्क ओर कहा जा रहा ह कि भारत का विकास दर चालू वित्त वर्ष में 7.4 प्रतिशत रहने की संभावना है. यदि भारत की यही विकास दर बनी रहेगी तो भारत 2047 में दुनिया के सशक्त ताकत बन कर उभर जाएगा. इन तमाम आंकड़ोकं के बावजूद कुछ वास्तिवक सवाल हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. प्रधानमंत्री एलान कर चुके हैं क अगले पांच सालों तक 85 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन प्रदान किया जाता रहेगा. इसका साफ मतलब है क दो तरह का भारत इस समय ठोस वास्तिवकता है. एक वह भारत जहां तेजी से चंद अरबपति उभर रहे हैं और उनके पास पूंजी का एकाधिकार भी बढ़ रहा है. वहीं भारत में गरीबी,मुफ्त राशन लेने वालों और बेरोजगारों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है. यानी इनके लिए अवसर लगातार सिमटते जा रहे हैं. मध्य वर्ग की आबादी का एक हिस्सा किसी तरह से अमेरिका या दुनिया के किसी दूसरे सभ्य देश में वैध या अवैध रूप से घुसने की कोशिश में है. पिछले दिनों तीन सौ भारतीयों को लेकर निकारागुआ जा रहा एक विमान फ्रांस ने रोक लिया था और जांच के बाद वहीं से लौटा दिया था.

> मध्य वर्ग की आबादी का एक हिस्सा किसी तरह से अमेरिका या दुनिया के किसी दूसरे सभ्य देश में वैध या अवैध रूप से घुसने की कोशिश में है. पिछले दिनों तीन सौ भारतीयों को लेकर निकारागुआ जा रहा एक विमान फ्रांस ने रोक लिया था और जांच के बाद वहीं से लौटा दिया था.

यह विमान 'डंकी रूट' का हिस्सा था, जिसके जरिए लोग अवैध तरीके से मेक्सिको और उसके बाद अमेरिका या कनाडा में घुसते हैं. उस विमान में 70 फीसदी लोग पंजाब के और 30 फीसदी गुजरात के थे. देश के दो अपेक्षाकृत अधिक सम्पन्न राज्य के लोग कितने बेचैन हैं? किसी भी तरह से ये किसी सभ्य व विकसित या किसी भी तरह विदेश में जाने के लिए छटपटाता हुआ है. इस खबर के बाद पता चला कि पिछले दिनों दुबई से तीन विमान निकारागुआ गए. उनमें भी बड़ी संख्या में भारतीय सवार थे. अमेरिका में 30 लाख भारतीय हैं. इनमें एक लाख के करीब अवैध रूप से रह रहे भारतीय हैं. कितने लोग अवैध रूप से सीमा पार करने में परिवार के साथ मर गए, वह आंकड़ा अलग है. एक अच्छे जीवन की तलाश में मध्य वर्ग के लोग लाखों खर्च करके अवैध रूप से अमेरिका या यूरोप जाना चाहते हैं.देश की आबादी में अमीरों का एक जो तीसरा वर्ग है उसके हजारों लोग हर साल भारत की नागरिता छोड़ रहे हैं. ये अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन या ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं. इसी अमीर और सरकारी या कॉरपोरेट की नौकरी या अच्छे कारोबार से जुड़ा तीन-चार करोड़ लोगों का एक वर्ग है, जो खूब खर्च कर रहा है.यानी इस बनते असमान भारत का भविष्य क्या होगा इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है.

### सुभाषित

**येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।**
**ते मर्त्यलोके भुविभारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति ।।**

जिन लोगों के पास विद्या, तप, दान, शील, गुण और धर्म नहीं होता. ऐसे लोग इस धरती के लिए भार हैं और मनुष्य के रूप में जानवर बनकर घूमते हैं. वह मनुष्य ही ऐसा प्राणी है, जो विद्या प्राप्त कर सकता है, तप और दान कर सकता है, जिसके पास शील, गुण और धर्म होता है.

# और कितना बड़ा रिकॉर्ड क़ायम होगा

**महिला सांसद ने आगे जो बात कही या सवाल किया, वह ज़्यादा महत्व का है. सांसद ने कहा, यही कारण है कि इस तरह की हिंसा आज समाज में देखने को मिलती है. उन्होंने सवाल यह किया कि सेंसर बोर्ड ऐसी फ़िल्मों को कैसे बढ़ावा दे सकता है? जो समाज के लिए बीमारी हैं? सांसद द्वारा किए गए सवाल में ही जवाब भी तलाश किया जा सकता है कि जब सरकार को ही फ़िल्मों में दिखाई जा रही हिंसा से कोई शिकायत नहीं है तो सेंसर बोर्ड को आपत्ति क्यों होनी चाहिए!**




बीते साल को किस एक ख़ास बात के लिए याद रखा जाना चाहिए? राजनीतिक चेतना के प्रति जानबूझकर उदासीन होते जा रहे मीडिया ने एक ख़ास ख़बर के तौर पर सूचित किया है कि 2023 का साल बॉलीवुड के लिए ज़बरदस्त तरीक़े से भाग्यशाली साबित हुआ है! एक के बाद एक फ़िल्म ने धुआंधार कमाई के रिकॉर्ड कायम किए हैं! बॉक्स ऑफिस के इतिहास में पहली बार फ़िल्म उद्योग ने किसी एक साल में ग्यारह हज़ार करोड़ से ज़्यादा की कमाई की है. इसमें भी महत्वपूर्ण यह है कि हिंसा के दृश्यों से भरपूर फ़िल्मों को सबसे ज़्यादा पसंद किया गया है! उपसंहार यह कि 2023 को देश में हिंसा के प्रति बढ़ती मोहब्बत के लिए याद किया जा सकता है. फ़िल्म उद्योग को इसके लिए असली 'आभार' किसका मानना चाहिए? राज्यसभा में पिछले दिनों चर्चा के दौरान कांग्रेस की एक सदस्य रंजीत रंजन ने अत्यंत भावुक होते हुए कहा था 'आजकल कुछ अलग तरह की फ़िल्में आ रहीं हैं. कबीर सिंह हो या पुष्पा हो! एक 'एनिमल' पिक्चर चल रही है. मैं आपको बता नहीं सकती...मेरी बेटी के साथ बहुत सारी बच्चियां थीं, जो कॉलेज में पढ़ती हैं. आधी पिक्चर में उठकर रोते हुए चली गईं. इतनी हिंसा है उसमें. महिलाओं के प्रति असम्मान को फ़िल्मों के ज़रिए सही ठहराया जा रहा है. हिंसा के ज़रिए हीरो को ग़लत और नकारात्मक तरीक़े से पेश किया जा रहा है. 11वीं और 12वीं के बच्चे उन्हें अपना आदर्श मानने लगे हैं!'

महिला सांसद ने आगे जो बात कही या सवाल किया, वह ज़्यादा महत्व का है. सांसद ने कहा, यही कारण है कि इस तरह की हिंसा आज समाज में देखने को मिलती है. उन्होंने सवाल यह किया कि सेंसर बोर्ड ऐसी फ़िल्मों को कैसे बढ़ावा दे सकता है? किस तरह ऐसी फ़िल्में (सेंसर बोर्ड से) पास हो कर आ रही हैं, जो समाज के लिए बीमारी हैं? सांसद द्वारा किए गए सवाल में ही जवाब भी तलाश किया जा सकता है कि जब सरकार को ही फ़िल्मों में दिखाई जा रही हिंसा से कोई शिकायत नहीं है तो सेंसर बोर्ड को आपत्ति क्यों होनी चाहिए! इसे इस तरह भी पेश किया जा सकता है कि बॉक्स ऑफिस पर फ़िल्मों के लगातार फ्लॉप होने के संताप से जूझ रहे फ़िल्म उद्योग को सत्ता की राजनीति ने सफलता का गुर सिखा दिया है. जो लोग हुकूमत में हैं, वे समाज में बढ़ती हिंसा को लेकर किसी भी सांसद या उसकी बेटी की पीड़ा को सुनने-समझने की क्षमता और क़ाबिलियत खो चुके हैं.

• देश-काल



श्रवण गर्ग

वैचारिक अथवा धार्मिक प्रतिबद्धताओं के आधार पर सेंसर बोर्ड में भर्ती होने वाली प्रतिभाओं से फ़िल्मों में हिंसा के इस्तेमाल के ख़िलाफ़ फ़ैसले लेकर ताकतवर फ़िल्म उद्योग को नाराज़ करने के साहस की उम्मीद नहीं की जा सकती.

सच्चाई यही है कि वीएफ़एक्स प्रभावों के ज़रिए बॉक्स ऑफिस पर सफलता के लिए प्रदर्शित की जाने वाली नक़ली हिंसा सत्ता की राजनीति में कामयाबी के लिए असली स्वरूप में इस्तेमाल के लिए ज़रूरी हथियार बन चुकी है. इसीलिए फ़िल्मों में प्रदर्शन अथवा राजनीतिक कार्रवाई के लिए इस्तेमाल की जाने वाली हिंसा का शासकों की ओर से आमतौर पर विरोध नहीं किया जाता! विशेष परिस्थितियों में विरोध उस समय ज़रूर प्रकट होता है, जब फ़िल्मी-प्रदर्शन वीएफ़एक्स वाला कृत्रिम नहीं, बल्कि सत्य के क़रीब हो. राजनीतिक हिंसा को 'परज़ानिया' जैसी किसी साहसिक फ़िल्म अथवा बीबीसी की डॉक्युमेंट्री के माध्यम से नंगा किया जा रहा हो! फ़िल्मों में प्रदर्शित की जानी वाली अतिरंजित हिंसा और सड़कों पर व्यक्त होने वाली असली सांप्रदायिक हिंसा से फ़िल्म उद्योग, सेंसर बोर्ड, राजनीति, धर्म और समाज किसी को कोई परेशानी नहीं है. सत्ताधीशों के लिए जिस तरह से धर्म पैंतीस पार की आबादी को व्यस्त रखने का अचूक मंत्र बन गया है, फ़िल्मों में हिंसा का प्रदर्शन युवाओं को बेरोज़गारी की चिंता से मुक्त रखने का तिलस्मी औज़ार साबित हो रहा है. संसद जैसे मंच पर भी सिर्फ़ फ़िल्मों में दिखाई जा रही हिंसा का ही मुद्दा उठाकर महिला सांसद शायद समस्या की असली जड़ पर प्रहार करने से चूक रही हैं! फ़िल्मों में बढ़ती हिंसा और दर्शकों के बीच उसकी बढ़ती स्वीकार्यता को कथित 'धर्म संसदों' में एक क़ौम विशेष के ख़िलाफ़ शस्त्र उठाने के आह्वान, सुरक्षा के लिए तैनात किए गए जवान द्वारा चलती ट्रेन में एक वर्ग विशेष के यात्रियों की ढूंढ-ढूंढकर हत्या करने और सड़कों पर मॉब लिंचिंग की घटनाओं के साथ जोड़कर नहीं देखा जा रहा है. सवाल यह है कि इन तमाम असली घटनाओं के क़िस्से सुन-पढ़कर जब बच्चे-बच्चियां विचलित होते हैं, कितने सांसद उसे मुद्दा बनाकर हुकूमत को कठघरे में खड़ा करते हैं ? सत्ता के निहित स्वार्थों द्वारा जब नागरिकों को योजनाबद्ध तरीक़े से हिंसक बनाया जा रहा हो, हिंसा को महिमामंडित करने वाले फ़िल्म उद्योग को भी राजनीतिक दलों का ही एक आनुषंगिक संगठन मानकर चलना पड़ेगा. साल 1944 में रचित महान अंग्रेज उपन्यासकार जॉर्ज ओर्वेल की कालजयी कृति 'एनिमल फ़ार्म' का ब्रह्म-सारांश यही है कि 'सभी जानवर आपस में बराबर हैं, पर कुछ जानवर दूसरों से ज़्यादा बराबर हैं!' वर्तमान की राजनीति शायद इसी मंत्र को संविधान की मूल आत्मा मानती है. हिंसा के समर्थन से अगर सत्ता में बने रहने के प्रयोग को राजनीति के क्षेत्र में सफलतापूर्वक आज़माया जा सकता है तो उसके इस्तेमाल से बॉक्स ऑफिस पर कामयाब होने वाली फ़िल्मों की क़तारें भी खड़ी की जा सकतीं हैं! हो सकता है हिंसा के प्रति बढ़ती मोहब्बत की दृष्टि से राजनीति और फ़िल्म दोनों उद्योगों के लिए 2024 का साल 'कामयाबी' के नए कीर्तिमान स्थापित करने वाला साबित हो !

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



### पाप का गुरु

एक पंडितजी कई वर्षों तक काशी में शास्त्रों का अध्ययन करने के बाद गांव लौटे. पूरे गांव में शोहरत हुई कि काशी से शिक्षित होकर आए हैं और धर्म से जुड़े किसी भी पहेली को सुलझा सकते हैं. शोहरत सुनकर एक किसान उनके पास आया और उसने पूछ लिया-, पंडितजी आप हमें यह बताइए कि पाप का गुरु कौन है? प्रश्न सुन कर पंडितजी चकरा गए. उन्होंने धर्म व आध्यात्मिक गुरु तो सुने थे, लेकिन पाप का भी गुरु होता है, यह उनकी समझ और ज्ञान के बाहर था. पंडितजी को लगा कि उनका अध्ययन अभी अधूरा रह गया है. वह फिर काशी लौटे. अनेक गुरुओं से मिले लेकिन उन्हें किसान के सवाल का जवाब नहीं मिला. अचानक एक दिन उनकी मुलाकात एक गणिका (वेश्या) से हो गई. उसने पंडितजी से परेशानी का कारण पूछा, तो उन्होंने अपनी समस्या बता दी. गणिका बोली- पंडित जी! इसका उत्तर है तो बहुत सरल है, लेकिन उत्तर पाने के लिए आपको कुछ दिन मेरे समीप रहना होगा. पंडितजी इस ज्ञान के लिए ही तो भटक रहे थे. वह तुरंत तैयार हो गए. गणिका ने अपने पास ही उनके रहने की अलग से व्यवस्था कर दी. पंडितजी किसी के हाथ का बना खाना नहीं खाते थे. अपने नियम-आचार और धर्म परंपरा के कट्टर अनुयायी थे. गणिका के घर में रहकर अपने हाथ से खाना बनाते खाते कुछ दिन तो बड़े आराम से बीते, लेकिन सवाल का जवाब अभी नहीं मिला. एक दिन गणिका बोली- पंडित जी! आपको भोजन पकाने में बड़ी तकलीफ होती है. यहां देखने वाला तो और कोई है नहीं. आप कहें तो नहा-धोकर मैं आपके लिए भोजन तैयार कर दिया करूं. पंडितजी को राजी करने के लिए उसने लालच दिया- यदि आप मुझे इस सेवा का मौका दें, तो मैं दक्षिणा में पांच स्वर्ण मुद्राएं भी प्रतिदिन आपको दूंगी. स्वर्णमुद्रा का नाम सुनकर पंडितजी अपना नियम-व्रत, आचार-विचार धर्म सब कुछ भूल गए. उन्होंने कहा- तुम्हारी जैसी इच्छा. बस विशेष ध्यान रखना कि मेरे कमरे में आते-जाते तुम्हें कोई नहीं देखे. पहले ही दिन कई प्रकार के पकवान बनाकर उसने पंडितजी के सामने परोस दिया. पर ज्यों ही पंडितजी ने खाना चाहा, उसने सामने से परोसी हुई थाली खींच ली. इस पर पंडित जी क्रुद्ध हो गए और बोले, यह क्या मजाक है? गणिका ने कहा, यह मजाक नहीं है पंडित जी, यह तो आपके प्रश्न का उत्तर है. यहां आने से पहले आप भोजन तो दूर, किसी के हाथ का पानी भी नहीं पीते थे,मगर स्वर्ण मुद्राओं के लोभ में आपने मेरे हाथ का बना खाना भी स्वीकार कर लिया. यह लोभ ही पाप का गुरु है.

## प्राकृतिक उर्जा के क्षेत्र में भारत की संभावनाएं

• संसाधन

कौस्तुभ केलकर

कच्चे तेल पर भारत की भारी निर्भरता इसके कुल आयात का चिंताजनक ढंग से 23 प्रतिशत है और जो महत्वपूर्ण वित्तीय चुनौतियां पैदा करती है. इसके अलावा, तेल निर्यातक देशों का अक्सर अनुचित दबाव का सामना करना पड़ता है, जिससे जटिलताएं बढ़ जाती हैं. मसलन गलवान झड़पों पर चीन के साथ चल रहे तनाव के आलोक में, रूसी तेल खरीद को युआन में निपटाना राजनीतिक और आर्थिक दोनों चिंताओं को जन्म दिया. इन सबको देखते हुए हमारे देश के लिए यह उचित होगा कि हम आयात कम करें और घरेलू स्तर पर कच्चा तेल निकालें. कच्चे तेल की समस्या एक बार फिर गंभीर हो गई है. हालांकि पश्चिम एशिया में इजराइल-हमास संघर्ष के कारण ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत आज 90 डॉलर प्रति बैरल से लगभग 80 डॉलर हो गई है. वर्तमान में, भारत यूरोपीय संघ और चीन के बाद कच्चे तेल का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आयातक है. वर्तमान में, हमारा देश अपनी कुल कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 87 प्रतिशत आयात करता है. हमारी तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था इस स्थिति को बरकरार नहीं रख सकती, क्योंकि इससे आयात में मूल्यवान विदेशी मुद्रा का महत्वपूर्ण व्यय होता है. हमारे कुल आयात का लगभग 23 प्रतिशत कच्चे तेल के कारण होता है, जो एक वित्तीय चिंता का विषय है. इसके अतिरिक्त, सऊदी अरब, इराक और रूस जैसे निर्यातक देशों और ओपेक जैसे संगठनों से कच्चे तेल पर निर्भरता के कारण हमें संभावित भूराजनीतिक दबावों और बाधाओं का सामना करना पड़ता है. हमारा देश वर्तमान में विभिन्न स्रोतों से लागत-प्रभावी कच्चे तेल का आयात करता है, जिसमें रूस एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता है. हालांकि, इन आयातों के लिए चीन से युआन में भुगतान प्राप्त करने पर रूस का जोर एक दुविधा पैदा करता है.भारत और चीन के बीच तनावपूर्ण संबंधों को ध्यान में रखते हुए, विशेष रूप से गलवान बेसिन में संघर्ष के संबंध में, कच्चे तेल के लिए रूस को भुगतान करने के लिए युआन मुद्रा का उपयोग करने की संभावना राजनीतिक और आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो जाती है. इन परिस्थितियों के आलोक में, हमारे देश के लिए यह समझदारी होगी कि हम आयात पर अपनी निर्भरता कम करें और घरेलू कच्चे तेल के निष्कर्षण को बढ़ाएं. कच्चे तेल की बढ़ती मांग कच्चे तेल की मौजूदा वैश्विक मांग लगभग 100 मिलियन बैरल प्रति दिन है. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) की एक रिपोर्ट के

> हमारे कुल आयात का लगभग 23 प्रतिशत कच्चे तेल के कारण होता है, जो एक वित्तीय चिंता का विषय है. इसके अतिरिक्त, सऊदी अरब, इराक और रूस जैसे निर्यातक देशों और ओपेक जैसे संगठनों से कच्चे तेल पर निर्भरता के कारण हमें संभावित भूराजनीतिक दबावों और बाधाओं का सामना करना पड़ता है.

अनुसार, यह मांग वर्ष 2045 तक अनुमानित 117 मिलियन बैरल प्रति दिन तक बढ़ने का अनुमान है. विभिन्न देशों में आज की कच्चे तेल की मांग और 2045 के लिए ओपेक के पूर्वानुमान का विवरण देने वाली जानकारी 'स्टेटिस्टा' वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है. वर्तमान में, हमारे देश में कच्चे तेल की मांग लगभग 5.1 मिलियन बैरल प्रतिदिन है, जिसके वर्ष 2045 तक लगभग 11.1 मिलियन बैरल तक पहुंचने का अनुमान है. यह पूर्वानुमान अगले 22 वर्षों में मांग में दो गुना से अधिक वृद्धि का संकेत देता है. इस उछाल के पीछे प्राथमिक कारण हमारे देश की लगातार आर्थिक विकास दर है, जो 5 से 6 प्रतिशत के बीच है. आर्थिक विस्तार की यह निरंतर गति जारी रहने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप बढ़ती आर्थिक प्रगति के स्वाभाविक परिणाम के रूप में ऊर्जा और ईंधन की आवश्यकता में निरंतर वृद्धि होगी. वैश्विक कच्चे तेल की मांग को कम करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं, विशेष रूप से पेट्रोल और डीजल वाहनों के विकल्प के रूप में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देने के माध्यम से.इन प्रयासों के बावजूद, ओपेक रिपोर्ट आने वाले वर्षों में कच्चे तेल की मांग में लगातार बढ़ोतरी का संकेत देती है. कुल मिलाकर, यह परिदृश्य हमारे देश के लिए एक चुनौतीपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है. कच्चे तेल में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए तत्काल उपाय जरूरी हैं. कच्चे तेल की बढ़ती मांग के बीच, वैकल्पिक ईंधन और स्रोतों की खोज की ओर वैश्विक दबाव बढ़ रहा है. इलेक्ट्रिक वाहन एक प्रमुख विकल्प के रूप में उभरे हैं. हमारे देश में, इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों के उत्पादन और बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय प्रोत्साहन की पेशकश की जा रही है. भारत के लिए वह दिन दूर नहीं जब तेल और गैस के क्षेत्र में आत्म निर्भरता के दरवाजे पूरी तरह खोले जा सकते हैं.

## विधि निर्माण में संवादहीनता कब तक जारी रहेगी

• विमर्श

कुमार देश प्रकाश

वर्ष 2024 का आगाज़ बसों व ट्रकों की जिस तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के साथ हुआ है, वह केन्द्र सरकार की प्रशासकीय अक्षमता, निरंकुशता और संवादहीनता का नया उदाहरण है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार मनमाने ढंग से कानून बनाने के लिये जानी जाती है. यह उसी परम्परा के निर्वाह का प्रतिफल है जिसके अंतर्गत संसद के हाल ही में समाप्त हुए सत्र में मोदी सरकार ने सड़क कानून में संशोधन कर 'हिट एंड रन' मामले में सजा व जुर्माना इतना ज्यादा कर दिया है कि कोई भी ड्राइवर वाहन चलाने से घबरायेगा. इसके फलस्वरूप देश भर के 30 लाख बसों व ट्रकों के पहिये कुछ दिनों तक थमे रहे. किसी वाहन चालक द्वारा कोई दुर्घटना होती है और यदि वह घटनास्थल से फरार हो जाता है तथा पुलिस को सूचना नहीं देता तो संशोधित कानून के अंतर्गत उसे 10 वर्ष तक की जेल की सजा होगी और सात लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ सकता है. अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 279 (लापरवाहीपूर्ण वाहन चलाना), 304ए (लापरवाही के कारण मौत) और 338 (जान जोखिम में डालना) के तहत अब तक इसमें दो साल की सजा का प्रावधान था. तीन कानून लाकर इसकी सजा की मियाद तो बढ़ा ही दी गई, जुर्माना भी भारी-भरकम कर दिया गया है. ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस द्वारा इन कानूनों पर पुनर्विचार की मांग को लेकर की गई इस हड़ताल में देश भर के बस-ट्रक चालक एवं ट्रांसपोर्टर शामिल हुए, जिसका असर देश भर में देखा गया. कई शहरों में पेट्रोल पम्प खाली हो गये. जहां तक हड़ताली चालकों-परिवहन संचालकों का सवाल है, वे मानते हैं कि इन कानूनों के चलते उनका सड़कों पर वाहन निकालना तक मुश्किल हो जायेगा. नये कानूनों में जैसे कठोर प्रावधान किये गये हैं, उससे कोई भी ड्राइवर वाहन चलाने से हिचकिचायेगा. जो भी भारत की सड़कों एवं यातायात व्यवस्था की वस्तुस्थिति से वाकिफ है, वह जानता है कि सड़कों पर पूरी तरह से अराजकता का मंज़र उपस्थित रहता है. कानून बनाते समय इस बात पर विचार तक नहीं किया गया कि किस तरह से हर रास्ते और मोड़ पर राहगीरों से लेकर वाहन चालकों तक के लिए खतरों की स्थिति होती है. सड़क पर अनुशासन के नाम पर लगभग शून्य होने के कारण देश में हर वक्त दुर्घटनाएं होती रहती हैं. आंकड़े भी बताते हैं कि भारत उन देशों में से एक है, जिनमें

> कई शहरों में पेट्रोल पम्प खाली हो गये. जहां तक हड़ताली चालकों–परिवहन संचालकों का सवाल है, वे मानते हैं कि इन कानूनों के चलते उनका सड़कों पर वाहन निकालना तक मुश्किल हो जायेगा. नये कानूनों में जैसे कठोर प्रावधान किये गये हैं, उससे कोई भी ड्राइवर वाहन चलाने से हिचकिचायेगा.

सर्वाधिक हादसे होते हैं. लाखों लोग हर रोज सड़कों पर मारे जाते हैं और उनसे कई गुना ज्यादा घायल होते हैं. अक्सर यह भी देखा जाता है कि हादसे में दोषी का निर्धारण वाहन के आकार के अनुसार होता है. पैदल चलते को स्कूटी-मोटर साइकल टक्कर मारे तो बाइक सवार दोषी होता है. ऐसे ही, बाइक व कार के बीच टक्कर हो तो कार वाला और कार से ट्रक-बस की भिड़ंत हो तो ट्रक चालक का दोष होता है. ऐसे मामले अक्सर रोड रेज़ का स्वरूप धारण कर लेते हैं. वाहन चालक से मारपीट करना, बसों-ट्रकों की तोड़-फोड़, उन्हें जला देना आम है. सैद्धांतिक रूप से चाहे गलत हो, परन्तु व्यवहारिक रूप से चालकों को यही सही लगता है कि वाहन छोड़कर या उसे लेकर घटना स्थल से किसी भी तरह से निकल जाये. उन्हें अपने प्राणों की भलाई इसी में नज़र आती है. देश में कई बार ड्राइवरों को गुस्साई जनता मार भी देती है. जहां तक थानों को सूचित करने की बात है, तो इसमें प्रत्यक्षदर्शी तक गवाह बनने से इंकार कर देते हैं, क्योंकि उनके साथ पुलिस वाले कोई अच्छा सलूक नहीं करते. फिर दोषियों की कौन कहे? वे अगर बचकर निकलने की स्थिति में रहते हैं तो उनकी पहली कोशिश यही होती है कि वे खुद को और अपने वाहन को जनता के हाथों से बचा लें. जो लोग स्वेच्छा से पुलिस की मदद करना चाहते हैं, उन्हें डर रहता है कि हादसे को लेकर उन्हें ही प्रताड़ित किया जा सकता है. पुलिस की यह छवि गलत भी नहीं है. कोर्ट के आदेशों के बाद भी लोग सहायता के लिये सामने नहीं आते. उन्हें यह भी लगता है कि मामले की जांच-सुनवाई के दौरान उन्हें बार-बार थाने या कोर्ट में आते रहना पड़ेगा. आज के जमाने में कोई भी इतनी ज़हमत नहीं उठाना चाहता. सरकार में बैठे प्रमुख लोगों को यह गलतफहमी है कि वे हर विषय के विशेषज्ञ हैं और उन्हें सभी लोगों से अधिक ज्ञान है.

### मीडिया में अन्यत्र

## नये मानकों पर उड़ान का सही मार्ग

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने थोड़े विलंब से ही सही, लेकिन एक अहम सुधार करते हुए सभी विमानन कंपनियों के लिए उड़ान सेवा समय सीमा यानी फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) में नए नियमन जरूरी किए हैं. ये नियम एक जून से प्रभावी होंगे. नए मानकों में आराम की लंबी अवधि, कम अवधि की रात्रिकालीन सेवा और लैंडिंग के नियम शामिल हैं और यह जरूरी किया गया है कि विमानन कंपनियां तिमाही आधार पर थकान संबंधी रिपोर्ट पेश करें. नए मानक वैश्विक मानकों के अधिक करीब हैं. यह लंबे समय से होना लंबित था क्योंकि भारत दुनिया के सबसे तेज विकसित होते विमानन बाजारों में शामिल है और देश के प्रमुख हवाई अड्डों में भीड़ खतरनाक रूप से बढ़ रही है. तेजी से बढ़ते प्रतिस्पर्धी और पूंजी के गहन इस्तेमाल तथा कम मार्जिन वाले इस क्षेत्र में विमान चालकों की थकान आम है. एफडीटीएल नियमन के मामले में भारत दुनिया के सबसे खराब प्रदर्शन वाले देशों में शामिल है. अब साप्ताहिक अवकाश की अवधि को भी 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया है और रात की परिभाषा को एक घंटे बढ़ाकर मध्य रात्रि से सुबह छह बजे तक कर दिया गया है. उड़ान की अधिकतम अवधि तथा उड़ान परिचालन के लिए अधिकतम समय को क्रमशः आठ घंटे और 10 घंटे तक सीमित किया गया है. उड़ान अवधि से तात्पर्य है एक उड़ान में लगने वाला समय जबकि उड़ान सेवा से तात्पर्य है वह समय जो एक के बाद एक उड़ानों के संचालन में लगता है. रात में जहां पहले छह लैंडिंग की इजाजत थी वहीं अब इन्हें घटाकर दो कर दिया गया है. विमानन क्षेत्र की निगरानी करने वाली संस्था ने अगस्त में उस समय एफडीटीएल प्रक्रिया शुरू की थी जब एक विमान चालक की उस समय हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी जब वह उड़ान भरने ही वाला था. उसके निधन के बाद विमान चालकों का गुस्सा उबल पड़ा था. उनका दावा था कि विमानन कंपनियां थकान को लेकर उनकी शिकायतों की अनदेखी करती हैं. एयर इंडिया (पूर्व में सरकारी कंपनी) के अलावा किसी विमानन कंपनी में विमान चालकों का संगठन नहीं है, जो इन मुद्दों पर प्रबंधन के साथ बातचीत करे. नए एफडीटीएल नियम उन नियमों की जगह लेंगे जो 2019 में लागू किए गए थे और जिनके तहत 2011 में लागू नियमों को शिथिल किया गया था. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## ब्याज/व्याज

**समाज** में जब भी विषमता की बात उठती है राष्ट्रकवि दिनकर जी की ये पंक्तियां कौंध जाती हैं-स्वानों को मिलता दूध दही, भूखे बालक अकुलाते हैं, मां की गोदी में चिपक ठिठुर जाड़े की रात बिताते हैं. युवती लज्जा वसन बेच, जब ब्याज चुकाये जाते हैं, मालिक तब तेल फुलेलों पर पानी-सा द्रव्य बहाते हैं. विषमता का आलम देखिए. एक ओर युवती की लज्जा और वसन बेचकर ब्याज चुकाये जाते हैं वहीं दूसरी ओर तेल-फुलेलों पर पानी की तरह पैसे बहाये जाते हैं. इन पंक्तियों में ब्याज शब्द मर्मस्पर्शी है. ब्याज हिंदी का संज्ञा पुल्लिंग और बहु प्रचलित शब्द है, लेकिन अक्सर लोग इसे लिखने या बोलने में गलती कर बैठते हैं. वैसे लोग ब्याज को व्याज समझ बैठते हैं. व्याज संस्कृत तत्सम शब्द है. हालांकि श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों में इस प्रकार का भ्रम होना स्वाभाविक है, लेकिन अगर दोनों शब्दों को अच्छी तरह समझ लें तो यह भ्रम दूर हो सकता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश में दोनों शब्दों के अलग-अलग अर्थ बताये गये हैं. ब्याज का मतलब है उधार दिये गये रुपयों पर लिया जानेवाला धन यानी सूद. वहीं व्याज का मतलब है छल, कपट, धोखा, फरेब, बनावटी बात करना, बहाना, देर, विघ्न, विलंब. अब सवाल उठता है कि ब्याज और व्याज में कौन सही है तो इसका उत्तर शब्दकोश ही दे देते हैं. यानी दोनों शब्द सही हैं, लेकिन अगर गलत है तो वह है आपके द्वारा प्रयोग की समझ. अगर दोनों में किसी का सही स्थान पर प्रयोग करेंगे तो दोनों में कोई भी सही होगा और अगर गलत तरीका का प्रयोग करेंगे तो वे शब्द ही गलत हो जाएंगे. मतलब यह कि जहां किसी से कर्ज पर चुकानेवाले अतिरिक्त धन के अर्थ में इनका प्रयोग करना हो तो ब्याज शब्द का प्रयोग ही सही है, न कि व्याज का. वहीं अगर बहाने या छल-प्रपंच के अर्थ में प्रयोग करना हो तो बेहिचक व्याज शब्द का प्रयोग करें.

## रंगों में गेरुआ रंग की रंगदारी

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

रंग हैं तो रंगरेज़ भी हैं और रंगरेजों का काम रंगना है. रंगने के इस कार्य को आप रंगदारी भी कह सकते हैं, लेकिन रंगदारी सिर्फ रंगने का कार्य ही नहीं है. रंगदारी रोब और धाक भी है, जिसके चलते गुंडे लोग जबरन वसूली कर लेते हैं. गुंडों द्वारा लिया जाने वाला पैसा रंगदारी है और इस प्रकार से दिया गया धन भी रंगदारी ही कहलाता है. रंगदारी कोई अपने आप नहीं देता. मांगी जाती है और रंगदारी मांगना एक अपराध है. अपना रंग जमाकर, डरा-धमाका कर, गुंडे रंगदारी वसूलते हैं. पकड़े जाने पर हवालात की सज़ा भी खा आते हैं. पर रंगदारी से बाज़ नहीं आते. गुंडे रंगदारी करते हैं, चलो ठीक है. पर अब तो रंग भी रंगदारी करने लगे हैं. कोई न कोई रंग किसी न किसी जगह पर अपना कब्ज़ा जमाए बैठा है. राजनीति के खेल में रंगों को मज़ा आने लगा है. राजनीति रंगीन हो उठी है. राष्ट्रीय जनता दल पर हरे रंग ने कब्ज़ा कर लिया है. लाल रंग समाजवादी पार्टी पर हावी है. नीले रंग ने बसपा को रंग डाला है और भाजपा पर भगवा रंग चढ़ा हुआ है. जब जिस पार्टी का राज होता है बस उसका अपना रंग छा जता है. इन दिनों भगवा रंग इठला रहा है. हर जगह इसकी रंगदारी देखी जा सकती है. पता नहीं भगवा रंग का 'भगवा'न से कोई सम्बन्ध है या नहीं, किन्तु हिन्दुओं में यह पवित्रता का प्रतीक है. सांसारिक मोह त्याग का प्रतीक है. उत्तर प्रदेश के मुख्य-मंत्री योगी आदित्यनाथ जिस 'नाथ सम्प्रदाय' से आते हैं उसमें गेरुआ रंग "पसंद नहीं परम्परा" है. योगी जी गेरुआ साफा लगाते हैं, गेरुआ कुरता पहनते हैं, कुरते के ऊपर एक चौड़ा पट्टा भी गेरुए रंग का ही पड़ा रहता है. यहां तक कि उनके मोज़े और अंतर्वस्त्र तक गेरुए ही होते हैं. उन्होंने हुक्म दिया कि सरकारी बैठकों में उनके लिए जो कुर्सी डाली जाए उसपर एक गेरुए रंग का तौलिया ज़रूर रखा जाए. दो महीने बाद होली आनेवाली है. मुझे पूरा यकीन है होली इस बार भगवे रंग में ही रंगी होगी. एक फिल्मी गाना बड़ा प्रसिद्ध हुआ था – "रंग दे तू मुझे गेरुआ". इस बार होली की यही 'टेगलाइन' होगी. दृश्य कुछ इस प्रकार होगा. केसरिया रंग में रंगा प्रेमी आता है. प्रेमिका इठलाते हुए कहती है, मुझे भी रंग दे तू गेरुआ. तू जोगी, तो मैं भी जोगन बन जाऊँगी सैंया तोरे कारन...समझा करो जानम!



# धर्म अध्यात्म

## घर के मध्यभाग में भारी झूला रखेंगे तो डायबिटीज करेगा परेशान



स्वामी विमलेश
वास्तु विशेषज्ञ

बेशक बीमारियों का अपना विज्ञान है और शारीरिक स्थिति के अनुसार ही इनका असर होता है. लेकिन वास्तु शास्त्र की मानें तो कई बार वास्तु दोष के कारण भी हम बीमारियां झेलते हैं और इस दोष को दूर करने या उपाय अपनाने से राहत के द्वार खुलते हैं. आइए जाने वास्तु शास्त्र के अनुसार मधुमेह की बीमारी में कौन से कारण उत्तरदायी हैं.

1. यदि घर के दक्षिण-पश्चिम कोण में कुआं हो या पानी की बोरिंग हो या पानी का टैंक हो तो मधुमेह होने का 100% चांस रहता है और होता भी है.
2. दक्षिण-पश्चिम कोण में हरियाली बगीचा या छोटे- छोटे पौधे भी शुगर का कारण हैं.
3. घर भवन का दक्षिण- पश्चिम कोना बढ़ा हुआ है, तब भी शुगर होने के संकेत हो सकते हैं.
4. यदि दक्षिण पश्चिम भाग घर या भवन की ऊंचाई से नीचे है, मधुमेह की समस्या हो सकती है. इसलिए यह भाग सबसे ऊंचा रखें.
5. दक्षिण पश्चिम भाग में सीवर का गड्ढा होना शुगर को निमंत्रण देना है.
6. ब्रह्म स्थान (घर का मध्य) भाग भारी हो तथा घर के मध्य में अधिक लोहे का प्रयोग हो या ब्रह्म भाग से सीढ़ियां ऊपर की ओर जा रही हो तो समझ लो की डायबिटीज दरवाजा खटखटा रही है. कई बार लोहे का भारी झूला भी इस हिस्से में लोग रख लेते हैं. यह मधुमेह का कारण हो सकता है. यदि आपने दक्षिण-पश्चिम भाग सुधार लिया तो काफी हद तक आप अवसाद रोगों से मुक्त हो जाएंगे.

### ये बातें भी काम की

- अपने बेडरूम में कभी भी भूल कर खाना न खाएं
- अपने बेडरूम में चप्पल (नए या पुराने) बिल्कुल ना रखें.
- अपने घर के मुखिया को पूर्ण सम्मान दें.
- हर मंगलवार प्रसाद चढ़ाएं.
- हर रविवार सूर्य भगवान को जल दें और बंदरों को गुड़ खिलाएं.
- ईशान कोण से लोहे की सारी वस्तुएं हटा लें.
- हल्दी की एक गांठ को पीसकर सुबह खाली पेट पीने से मधुमेह से मुक्त हो सकते हैं.
- मधुमेह की बढ़ती समस्या को नियंत्रित करने के लिए कमरे के उत्तर पश्चिम दिशा में नीले रंग के फूलों का गुलदस्ता रखें. सफेद मूंगा धारण करने से भी यह रोग नियंत्रित होता है.

ज़्योतिष एवं यात्रा

## यात्रा के कारक ग्रह हैं केतु, शुक्र, गुरु व चंद्र



आचार्य प्रणव मिश्रा

जीवन में प्रत्येक व्यक्ति कई बार यात्रा करता है जिसमें उसे कहीं नुकसान होता है तो कहीं लाभ होता है. यात्रा में ग्रहों की बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है. जन्मान्ग चक्र के अनुसार तीसरे भाव से छोटी यात्रा, नवम् भाव से लम्बी दूरी की यात्रा तथा द्वादश भाव से विदेश यात्रा क़ा विचार किया जाता है. केतु, शुक्र, गुरु एवं चन्द्र यात्रा के कारक ग्रह है. इन भावों के स्वामियों क़ा कारक ग्रहों से सम्बन्ध होने पर जीवन में यात्राएं अत्यधिक होती हैं. लग्नेश यदि द्वादश भाव में हो तो घर से बाहर अर्थात विदेशों में रहना पड़ता है. चौथे आठवें भाव में शनि राहू केतु घर से बाहर अथवा विदेश में रहने के योग बनाते हैं. तृतीय भाव में स्थित ग्रह या तृतीय भाव के स्वामित्व से भी यात्रा के शुभाशुभ के बारे में जाना जा सकता है. तीसरे भाव के स्वामी या तृतीय भाव में या बारहवें भाव से संबंध रखता है यात्रा का अच्छा योग बनता है.

**सूर्य :** सूर्य ग्रहों का राजा होता है. जीवन में सरकारी कार्यों से सम्बंधित यात्राएं अत्यधिक होगी तथा लाभ भी होगा.

**चन्द्र :** यात्राएं बहुत होंगी तथा उनसे लाभ भी होगा. यात्रा के दौरान मित्र मिलेंगे तथा उनसे लाभ भी होगा. ऐसा जातक घूमने फिरने क़ा शौकीन भी होगा.

**मंगल :** भाग्य भाव में मंगल हो तो यात्रा में लड़ाई झगड़े भी होते हैं. यात्रा के दौरान छितनई, कोई दुर्घटना आदि क़ा डर अर्थात यात्रा के द्वारा हानि. पहले सोचें फिर यात्रा करें.

**बुध :** परिवार या कुटुम्ब से मिलने का अच्छा मौका मिलता है. इसके प्रभाव से यात्राएं अधिक होंगी. व्यवसाय क़ा सम्बन्ध यात्रा से है. इसलिए जितना घूमें उतना लाभ.

**गुरु :** धार्मिक स्थलों में जाने वालों का गुरु बलवान होता है. गुरु से यात्रा से लाभ मिलता है. यात्रा के दौरान अधिकारी वर्ग से मित्रता तथा सहयोग की प्राप्ति होती है. विदेश यात्रा का योग होता है.



**शुक्र :** जीवनसाथी के साथ या रोमांटिक यात्रा का कारक होता है शुक्र. यह सड़क सफर अधिक करवाता है. घूम-घूम कर चित्र प्रदर्शनी गीत संगीत देखने का मौका मिलता है.

**शनि :** सफर में बाधाएँ आती हैं. विघ्न व हानि की आशंका होती है. बनते-बनते विदेश यात्रा क़ा काम रुक जाता है. धैर्य, संतोष एवं बार बार हिम्मत से काम बनता है.

**राहू :** यात्रा में बाधा या रुकावट के साथ गलत जगहों पर या ले जाता है. यात्रा करके अनचाही मंजिल पर पहुंचते हैं और यात्रा में नुकसान होता है. यात्रा के दौरान हॉस्पिटल या जेल जाना पड़ सकता है.

**केतू :** यात्राएं अधिक होंगी. व्यवसाय क़ा सम्बन्ध यात्रा से हो सकता है. जितना घूमे उतना लाभ होगा. विदेश यात्रा भी होगी.

### अपनाएं यह टोटके

सोमवार को आइना देख कर यात्रा करना चाहिए. मंगलवार को गुड़ खाकर, बुधवार को धनिया या तिल खाकर यात्रा करें. गुरुवार को दही, शुक्रवार को जौ खाकर अथवा दूध पीकर सफर पर निकलें. शनिवार को उड़द या अदरक खाकर जाएं. रविवार को घी अथवा दलिया खाकर यात्रा करनी चाहिए.



मोहन मंगलम



यदि किसी के जीवन में कहीं भी अशांति नजर आती है तो इसके पीछे मूल कारण उसके मन में, विचार में, बुद्धि में जड़ जमाए बैठा भयंकर क्रोध ही है. क्रोध के कारण बदला लेने की भावना पैदा होती है और इसी के चलते क्रोध पूरे संसार के लिए एक जटिल समस्या बन गया है.

# क्रोध अगिन घर-घर बढ़ी, जलै सकल संसार

क्रोध की उत्पत्ति अभिमान से होती है और दुर्वचन, अविनय और अधैर्य की त्रिवेणी इसे आगे बढ़ाती हैं. जिस व्यक्ति में स्वनियंत्रण एवं आत्मानुशासन का अभाव होता है, उसी में क्रोध की चिनगारियां ज्यादा फूटती हैं. क्रोध दिमाग के दीपक को बुझा देता है तथा बुद्धि-विवेक को निगल जाता है. जो व्यक्ति क्रोध के वश में आ जाता है, उसके लिए सभी प्रकार की शिक्षाएं निरर्थक होती हैं, व्यर्थ होती हैं. क्रोधी व्यक्ति न कुछ देखता है, न सुनता है, वह सिर्फ धधकता है और क्रोध की भीषण ज्वाला में अपने घर-परिवार को ही जला डालता है. सबसे आश्चर्यजनक यह है कि हर समझदार व्यक्ति को इस बात का भान होता है कि क्रोध एक ऐसा विकार है जो प्रकट रूप में सबसे अधिक दृष्टिगोचर होता है और जिसकी हानियां भी प्रत्यक्ष रूप से सामने आती रहती हैं, फिर भी क्रोध को छोड़ पाना सुगम नहीं होता.

### इनके क्रोध सर्वविदित

क्रोध केवल इच्छा के अवरोध से उत्पन्न होता है. हमारे शास्त्र-पुराणों में ऐसे ॠषियों तक के उदाहरण मिलते हैं जो अनेक सिद्धियों के स्वामी होते हुए भी अपने क्रोध के कारण अधिक जाने गए. ॠषि भृगु, दुर्वासा, विश्वामित्र, परशुराम का क्रोध तो सर्वविदित है. इन्हें अपने क्रोध के कारण कई बार लज्जित भी होना पड़ा. आज विश्व में चारों ओर जो उथल-पथल मची हुई है, उसका एक कारण आपस में क्रोध की जटिलता का होना भी है.

### क्रोध के ये कारण

क्रोध का मनोविज्ञान समझने के लिए हमें अपेक्षाओं का गणित समझना होगा. जब भी क्रोध मन में पनपता है, उसके मूल में कोई अधूरी अपेक्षा होती है कि कोई कार्य हमारे मन मुताबिक नहीं हुआ है. क्रोध आने का एक अत्यंत प्रमुख कारण होता है व्यक्तिगत या सामाजिक अवमानना. तभी तो उपेक्षित, तिरस्कृत और हेय समझे जाने वाले लोग अधिक क्रोध करते हैं क्योंकि वे क्रोध के द्वारा समाज को दिखाना चाहते हैं कि उनका भी अस्तित्व है. क्रोध का एक उद्देश्य सामने वाले को अपने रोष, विरोध या पराक्रम का परिचय देकर डराना भी होता है, जिससे दबाव देकर उसे वह कार्य करने के लिए विवश किया जाए, जो चाहा गया है. कई बार क्रोध का ध्येय व्यक्ति विशेष या समाज से प्रेम की अपेक्षा करना भी होता है. तभी तो प्रसिद्ध कवि जयशंकर प्रसाद अपनी कालजयी कृति 'कामायनी' में लिखते हैं -

**जिसके हृदय सदा समीप हैं, वही दूर जाता है.**
**और क्रोध होता उस पर ही, जिससे कुछ नाता है.**



### भगवान श्री कृष्ण का संदेश

शास्त्रों में क्रोध को मानव का सबसे बड़ा शत्रु बताया गया है. क्रोध करने वाला स्वयं तो दुःखी बनता ही है, आसपास रहने वाले लोग भी उसके निमित्त से दुःखी बन जाते हैं. परिवारों में अशांति और कलह का वातावरण बन जाता है. इसकी वजह से कई बार रिश्ते भी टूट जाते हैं. श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं -


क्रोधात् भवति सम्मोहः सम्मोहात् स्मृतिविभ्रमः।
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति॥

अर्थात् क्रोध निर्णय लेने की क्षमता को क्षीण करता है जिसके कारण स्मृति भ्रम हो जाता है. जब स्मृति भ्रमित हो जाती है तो बुद्धि का नाश हो जाता है और बुद्धि के नष्ट होने से मनुष्य का पतन हो जाता है.

### क्रोध विजय की साधना

क्रोध किसी भी कारण से आया हो, उसकी परिणति हानिकारक ही होती है. इससे जितना बचा जा सके, उतना ही अच्छा है. क्रोध को जीतना कठिन कार्य है, किन्तु सलक्ष्य प्रयास किया जाए तो इस कार्य में सफलता मिल सकती है. क्रोध को समाप्त करना एक साधना है और इसी का नाम है — क्रोध-विजय. क्रोध पर विजय पा लेने से क्षमा का भाव उत्पन्न होता है. शांति का भाव पैदा होता है तथा सहन करने की क्षमता बढ़ती है. क्रोध की अभिव्यक्ति से अधिक महत्वपूर्ण है कि उस पर से ध्यान हटाकर जिस कार्य में रुचि है, उसे करने में लग जाना जिससे कि रचनात्मकता में वृद्धि हो. क्रोध की जटिलताओं को ध्यान, योग और चेतना के जागरण के द्वारा आसानी से सुलझाया जा सकता है.

### हम सभी ईश्वर के अंश



क्रोध आना उतना बुरा नहीं होता जितना क्रोध का टिके रहना बुरा होता है. यदि हम किसी समस्या का हल करना चाहें तो उसके लिए पहला कदम होना चाहिए कि हम उस समस्या की पहचान करें और उसे बिना किसी किंतु-परंतु के उसे स्वीकारें. एक बार जब हमने समस्या को बिना शर्तों के स्वीकारना शुरू कर दिया तो फिर उससे निपटना असंभव नहीं रहेगा. इसके साथ ही हमें एक और सत्य स्वीकार करना होगा कि हम सभी ईश्वर के अंश हैं. जब हम इसे स्वीकार कर लेंगे तो इस बात को भी स्वीकार कर सकेंगे कि जिस पर हमने क्रोध किया, वह भी उसी ईश्वर का अंश है तो फिर हमें इस व्यर्थता का एहसास हो जाएगा कि हम क्रोध किस पर कर रहे हैं? क्या हम स्वयं पर क्रोध कर रहे हैं? इस बात को हम गहराई से सोचेंगे तो फिर इस निष्कर्ष पर भी पहुंच सकेंगे कि हमें दूसरों में दोष ढूंढ़ने ही नहीं हैं. संत कबीर दास क्रोध की अग्नि को घातक बताते हुए कहते हैं - क्रोध अगिन घर घर बढ़ी, जलै सकल संसार/ दीन लीन निज भक्त जो तिनके निकट उबार.क्रोध की अग्नि से सम्पूर्ण संसार जल रहा है परंतु ईश्वर को समर्पित भक्त इस क्रोध की आग से अपने को शीतल कर लेता है. वह सांसरिक तनाव एवं कष्टों से मुक्त हो जाता है.

### सुखद पक्ष यह

हमेशा ऐसा नहीं होता कि क्रोध में किए गए कार्य गलत ही हों. क्रोध में कई बार चुनौती की तरह स्वीकार करके व्यक्ति अपनी क्षमता को साबित करने के लिए जुट जाता है और ऐसे असंभव कार्य कर जाता है जिसे शांत अवस्था में करना उसके लिए भी मुश्किल था. क्रोध को विनय, क्षमा, धैर्य और विवेक से जीता जा सकता है और यही मनुष्य के उत्कर्ष की पहचान है. जो व्यक्ति क्रोध को अपने ही ऊपर झेल लेता है, वह दूसरों के क्रोध से भी बच जाता है. क्रोध पर विजय पाना जीवन की सबसे बड़ी साधना है. अक्रोध की यह स्थिति व्यक्ति को परमात्मा के निकट पहुंचा देती है. क्रोध पर विजय पाने वाला मनुष्य विनयशील और क्षमाशील होता है. वह सारे संसार को अपना आत्मीय बना लेता है और परमार्थ साधना की दिशा में आगे बढ़ जाता है.

### अपनाएं यह मंत्र

महात्मा गांधी के गुरु श्रीमद् राजचंद्र अपनी काव्य रचना 'अपूर्व अवसर' में कहते हैं, क्रोध तो पूरा जब आएगा तब आएगा, लेकिन अभी यदि क्रोध आए भी तो उसे स्वयं क्रोध के ऊपर मोड़ दो. यानी क्रोध के ऊपर ही क्रोध करो. अरे क्रोध! तू ही मेरा वास्तविक शत्रु है, ऐसा जानकर स्वयं क्रोध पर ही क्रोध आए तो एक दिन क्रोध विजय हो जाएगी. 'उपदेश छाया' में क्रोध को दूर भगाने का उपाय बताते हुए श्रीमद कहते हैं कि बाहरी जाल समेटने से क्रोध मिटेगा. व्यवहार कार्य में प्रयोजन के बिना व्यर्थ की बातें नहीं करनी चाहिए. जहां माथापच्ची होती हो, वहां से दूर ही रहना चाहिए. साथ ही एक लक्ष्य रखना चाहिए - क्रोध, मान, माया, लोभ को मुझे कम करना है, जब यह लक्ष्य होगा, जब उसका थोड़ा-थोड़ा भी लक्ष्य किया जाएगा, तब बाद में वह सरल हो जाएगा. बाद में यह अभ्यास धीरे-धीरे बढ़ाते हुए इसे बरकरार रखना चाहिए और इस बिंदु पर विचार करते हुए चिंतन-मनन करते हुए समय बिताना चाहिए. जिसका अपने क्रोध पर नियंत्रण हो, वह महाबलवान से अधिक बलवान है, जिसने अपने आपको जीत लिया हो वह राज्य-विजेता से बड़ा विजेता है.

## कब पूरे होते हैं हमारे सपने !



आर्चाय अजय कुमार मिश्रा

**हम सभी कभी न कभी सपने जरूर देखते हैं. सपनों पर वैज्ञानिकों ने भी खूब शोध किए हैं, वहीं ज्योतीष शास्त्र में सपनों के खास मायने हैं. आइए, ज्योतिषीय दृष्टिकोण से सपनों और उसके महत्व की करें बात**

### ये सपने निष्फल

दिन में देखे गए सपनों को झूठा माना जाता है. कामुक, मिथ्यावादी, दूसरों की स्त्रियों पर बुरी नजर रखने वालों, रोग ग्रस्त शोकागस्त आदि द्वारा देखें सपने झूठे होते हैं. पुरुष द्वारा बायीं करवट तथा स्त्रियां द्वारा दायी करवट सोते हुए देखने वाला सपने झूठे होते हैं. अगर कोई सपना देखने के बाद हम दुबारा सो जाते हैं तब भी वह निष्फल हो जाता है. अपवित्र तथा नंगी अवस्था में देखे सपने झूठे होते हैं. रोगियों के सपने झूठे होते हैं.

### फलदायक स्वप्न

सत्यवादियों द्वारा देखें सपने अधिकांशतः सत्य ही होते हैं. वैसे व्यक्ति जिनकी इंद्रियां उनके वश में हो, जो परोपकारी हो, जो दूसरों के दुख में दुखी होने होते हों, उनके देखे गए सपने आमतौर पर सत्य ही होते हैं.

### तिथियों अनुसार सपनों के फल

ज्योतिष शास्त्र की मानें तो प्रतिपदा तिथि में देखा गया सपना कुछ विलंब से सही, लेकिन फलदायक होता है. द्वितीया तिथि का देखा गया सपना विपरीत फलदायक सिद्ध होता है. वही तृतीया तिथि का देखा गया सपना सामान्य फलदायक होता है. चतुर्थी तिथि का सपना दो तीन महीनों में वास्तविक स्वरूप में नजर आता है तो पंचमी तिथि में देखे गए सपने को फलीभूत होने में तीन साल लग जाते हैं. षष्ठी तिथि में यदि आपने कोई सपना देखा है तो उसे यकीं ही मानिए क्योंकि यह जरूर पूरा होता है. सप्तमी का सपना झूठा होता है. अष्टमी व नवमी का सपना अवश्य फलदायी माना जाता है. दशमी का सपना नहीं के बराबर फलीभूत होता है. एकादशी का सपना विलम्ब से सत्य होता है.

**द्वादशी का सपना बारहवें दिन सत्य होता है. त्रयोदशी और चतुर्दशी के सपने झूठे होते हैं. पूर्णिमा और अमावस्या के स्वप्न शीघ्र ही सत्य प्रमाणित होते हैं.**

### अशुभ सपनों के शांति उपाय

- अशुभ सपना दिखे औ नींद खुल जाए तो पुन: सो जाना चाहिए.
- बुरा स्वप्न आने पर जितना संभव हो अपने हित, मित्र जनों को सुनाएं.
- अपने गुरु, पुरोहित या किसी वृद्ध व्यक्ति को बुरा स्वप्न सुनाकर उनसे आशीर्वाद लेना चाहिए.
- बुरा स्वप्न आने पर स्नान कर शांति पाठ करना चाहिए, या महामृत्युंजय कवच का पाठ करना चाहिए.
- गोशाला में गाय को घास खिलाना चाहिए, हरि कीर्तन करना चाहिए.



खुशी संदेश-02

## अपना कीमती समय खुद की भलाई में करें खर्च



मुकेश चौहान

एक व्यक्ति का प्राण हरने यमराज पहुंचे. उस वक्त व्यक्ति एक भूखे को भोजन दे रहा था. यमराज बोलें, तुम अच्छा काम कर रहे हो, इसलिए तुम्हें किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं. यमराज ने उसे डायरी देकर कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है. इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा. व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की करोड़ों की लॉटरी निकलने वाली है. उसने वहां लिख दिया कि उसकी लॉटरी न निकले. अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक पहचान वाला, जिससे उसकी पटती नहीं थी. चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है. उसने लिख दिया कि वह चुनाव हार जाए. इस तरह, वह पेज पलटता रहा. अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया. जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया, यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स! तुम्हारा पांच मिनट खत्म हुआ. तुमने अपना पूरा समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया. तुम्हारा अंत निश्चित है. लब्बोलुआब यह, यदि ईश्वर ने आपको शक्ति प्रदान की है तो कभी किसी का बुरा न सोचे, न करो. दूसरों का भला करने वाला सदा सुखी रहता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

▼ ब्रीफ खबरें

### मौसम विभाग ने येलो अलर्ट किया जारी

**पटना।** राजधानी पटना सहित प्रदेश के लगभग सभी शहरों के लिए मकर संक्रांति से पहले लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना होगा. तीन दिनों के दौरान तापमान में गिरावट की संभावना है. मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य भागों में घना कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग से जारी अलर्ट के मुताबिक अगले 24 घंटे के दौरान पटना समेत अन्य भागों में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरे का प्रभाव बना रहेगा.

### गोपालगंज सिविल कोर्ट के ताइद की हत्या

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले में हथियारबंद बदमाशों ने सिविल कोर्ट के एक ताइद की गोली मारकर हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देकर बदमाश आसानी से फरार हो गए. वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा और मामले की जांच में जुट गई. मृतक की पहचान बंजारी निवासी हृदया प्रसाद कुशवाहा के 35 वर्षीय बेटे सुजीत कुमार के रूप में की गई. बताया जाता है कि मृतक सिविल कोर्ट में वकील राजेश्वर तिवारी की ताईद के काम करता था.

### जेल से बाहर आए ओसामा शहाब

**सीवान।** पटना हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद गुरुवार को ओसामा शहाब सीवान मंडल कारा से बाहर आ गए हैं. इस दौरान जेल के बाहर उनके हजारों समर्थक सुबह से ही मौजूद थे. ओसामा के बाहर आते ही उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया और नारे भी लगे. ओसामा जैसे ही जेल की गेट से बाहर निकले शेर आया शेर आया के नारे लगने लगे. बता दें कि सीवान के पूर्व सांसद मो. शहाबुद्दीन के पुत्र मारपीट और गोलीबारी के मामले में तकरीबन तीन महीने से जेल से में बंद थे. बुधवार को पटना हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई हुई है, जेल से निकलने के बाद जैसे ही ओसामा अपने घर के लिए निकले, पीछे-पीछे समर्थक भी उनके घर पहुंच गए.

## पटना में अपहरण कर दो बच्चियों के साथ किया गया गैंगरेप

# एक की मौत, दूसरी को घायल अवस्था में भर्ती कराया

संवाददाता। पटना



बिहार में नाबालिग बच्चियों से दरिंदगी मामले में सियासत गर्मा गई है. इस मामले में भाजपा ने नीतीश सरकार के साथ-साथ इंडिया गठबंधन को घेरा है. यह घटना बीते मंगलवार की है जहां दोनों बच्चियों का अपहरण कर उनके साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है. घटना के 48 घंटे से ज्यादा हो गए. लेकिन अब तक आरोपी फरार हैं. मामला पटना के फुलवारीशरीफ का है.

इस मामले में पुलिस के हाथ अबतक खाली हैं, वहीं परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए फुलवारी शरीफ में चक्का जाम किया. साथ ही पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की. इस दौरान आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया गया. फुलवारी शरीफ के एसपी विक्रम सिहाग ने बताया, हमें सूचना मिली कि लकड़ी लाने गईं दो बच्चियां मंगलवार से लापता थीं. बाद में एक बच्ची का शव खेत में मिला, जबकि दूसरी घायल अवस्था में पाई. जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं इस घटना पर पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूड़ी ने कहा कि जब से लालू जी से नीतीश ने हाथ मिलाया है, उसी समय से पुरानी परंपरा शुरू हो गई है. बिहार की भयावह स्थिति हो गई है. इसके अलावा भाजपा के आईटी सेल चीफ अमित मालवीय ने कहा कि इस घटना में आठ साल की एक बच्ची की मौत हो चुकी है और 10 साल की बच्ची जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही है. उन्होंने पूछा कि क्या इस परिवार को इंडिया गठबंधन की सरकार में न्याय मिलेगा? नीतीश से लेकर राहुल गांधी तक, सब चुप क्यों हैं? वहीं मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि इस घटना में शामिल लोगों को छोड़ा नहीं जाएगा.

**खास बातें**
- घटना के 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली
- परिजनों ने किया विरोध प्रदर्शन, रोड जाम

**आओ जानें**

### बिहार : सामान्य ज्ञान

1. किस शासक के काल में वैशाली में द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया था? – कालाशोक
2. किस शासक ने नंद वंश के शासक घनानंद को पराजित कर मौर्य वंश की स्थापना की थी? – चंद्रगुप्त मौर्य
3. किस सुल्तान ने दरभंगा का नाम बदलकर 'तुगलकपुर' रख दिया था? – मोहम्मद बिन तुगलक
4. किसके शासनकाल में बिहार में नूहानी वंश का उदय हुआ था? – सिकंदर लोदी
5. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के राज्यों में बिहार का कौन सा स्थान है? – बारहवां
6. गुप्त वंश के किस शासक ने 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की थी? – समुद्रगुप्त
7. गुप्त वंश के किस शासक ने 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की थी? – चंद्रगुप्त द्वितीय

## राजद विधायक फतेह बहादुर ने अब राम नगरी पर उठाए सवाल

# अयोध्या का निर्माण बौद्ध भिक्षुओं का सिर काटकर हुआ

संवाददाता। जमुई

मंदिर को गुलामी का रास्ता बता कर विवादों से घिरे राजद विधायक फतेह बहादुर ने एक बार फिर भगवान श्री राम और अयोध्या को लेकर विवादित बयान दिया है. जमुई में एक कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे राजद विधायक फतेह बहादुर ने कहा कि अयोध्या का निर्माण बौद्ध भिक्षुओं का सिर काटकर किया गया है, जिसका गवाह सरयू नदी है.

उन्होंने साफ कहा कि आस्था दिखाने की चीज नहीं होती. उन्होंने कहा कि पहले इसका नाम साकेत हुआ करता था, लेकिन जब राजा वृहद्रथ की हत्या पुष्यमित्र शुंग ने कर दी थी, इस दौरान लाखों बौद्ध भिक्षुओं की हत्या भी कर दी गई थी. तब सरयू नदी खून से लाल हो गई थी. इस दौरान ही उसका नाम बदलकर साकेत से अयोध्या कर दिया गया था. उन्होंने ये भी कहा कि जिसकी जिसमें आस्था है वो रखे, लेकिन मंदिर और राम के नाम पर लोगों में अंधविश्वास क्यों फैलाया जा रहा है. उन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर फिर से सवाल उठाते हुए कहा कि भगवान राम महज एक काल्पनिक पात्र हैं. इसे सुप्रीम कोर्ट ने भी माना था. जो लोग संविधान को नष्ट करने में लगे हैं और मंदिर के नाम पर लोगों में अंधविश्वास फैला रहे हैं.



*दरअसल, 22 जनवरी को राम की नगरी अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है. लोगों में इसे लेकर काफी उत्सुकता है. वहीं इसे लेकर राजनीति भी गरमाई हुई है, राजद के नेताओं ने तो इसे लेकर विवादित बयान भी दिया है, जिससे इंडिया गठबंधन के लोगों को जवाब देते नहीं बन रहा. राजद नेता फतेह बहादुर ने मंदिर पर बयान देने के बाद अब अयोध्या नाम पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं.*

### गिरिराज सिंह बोले : मौसमी हिंदू हैं कांग्रेसी इनके पास अयोध्या जाने की नैतिक ताकत नहीं



**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राम मंदिर मामले को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने के लिए कांग्रेस के पास नैतिक ताकत नहीं है. कांग्रेस द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण अस्वीकार करने पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, ये लोग मौसमी हिंदू हैं, जब उन्हें लगता है कि उन्हें वोट लेना है, तो वह सॉफ्ट यानी नरम हिंदू बनने की कोशिश करते हैं.

**कांग्रेस अपने आप समाप्त हो जाएगी**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद से कांग्रेस में कोई अयोध्या गया है. कांग्रेस पार्टी ने ही अयोध्या मामले को अदालत में लटकाने-भटकाने का काम किया था, इसलिए उनके पास अयोध्या जाने की नैतिक ताकत नहीं है. हमको कांग्रेस के खिलाफ नहीं बोलना है. कांग्रेस अपने आप से समाप्त होने वाली पार्टी है. जनता भी अब कांग्रेस का सच जान चुकी है. इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बारे में कहा कि उनकी पार्टी एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है और ऐसी कंपनी किसी अन्य को शेयरधारक नहीं बनाती है. पार्टी का सुपर शेयरधारक उनका भतीजा (अभिषेक बनर्जी) है. अगर कोई हिस्सा मांगना चाहता है और अभिषेक बनर्जी का विरोध करना चाहता है, तो वह इसे बर्दाश्त करेगी. जनता इस बात को जानती है. आने वाले चुनाव में जनता जरूर जवाब देगी.

## दोनों मृतकों पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे

# दो जमीन कारोबारी की हत्या

संवाददाता। सीवान

सीवान में जमीन विवाद में दो लोगों की हत्या कर दी गई. ताबड़तोड़ गोलीबारी में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मामला जिले के सराय ओपी थाना क्षेत्र के महापुर गांव का है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि जमीन विवाद में एक पक्ष के लोगों ने जमकर गोलीबारी की, जिसके बाद पूरे गांव में भगदड़ मच गया. मिली जानकारी के अनुसार एक पक्ष के लोगों ने माहपुर में कोई जमीन खरीदा था, जिसको खाली कराने के लिए पहुंचे थे, लेकिन उस पर किसी और दबंग व्यक्ति का पहले से कब्जा है. जैसे ही दोनों वहां पहुंचे, जमकर गोलीबारी शुरू हो गयी. घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई.

मृतक की पहचान तेलहटा बाजार निवासी कालीचरण और महापुर गांव निवासी धर्मेंद्र डोम के रूप में हुई है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीवान मोर्चरी भेज दिया है. वहीं बताया जाता है कि दोनों के सिर में गोली लगी है, जिससे उन लोगों की मौत हो गई. घटनास्थल से पुलिस ने चार गोली का खोखा बरामद किया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. पूरे मामले पर सीवान एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि दो लोगों की गोली मारकर हत्या हुई है. घटना का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है. दोनों मृतकों पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. यह पेशे से अपराधी भी थे. पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है.

### 30 छात्राओं की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**आरा।** भोजपुर के अंबेडकर छात्रावास की 30 छात्राएं फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गयी हैं. खाना खाने के बाद सभी छात्राओं का सिर घूमने लगा. उल्टी और पेट दर्द की शिकायत के बाद सभी को आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. 30 में से 12 छात्राओं की हालत गंभीर है. तबीयत बिगड़ने के बाद हॉस्टल की अन्य छात्राएं धरने पर बैठ गयी. छात्राओं का कहना है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक वो प्रदर्शन करती रहेंगी. बताया जाता है कि जीविका दीदियों ने रात में खाना बनाया था. हॉस्टल का खाना खाने के बाद 30 छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी. छात्राओं को सिर घूमने लगा.

## लालू पर हमलावर हुए सुमो कहा- महिलाओं को फंसा दिया

संवाददाता। पटना

नौकरी के बदले जमीन से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने 9 जनवरी को अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया. आरोपपत्र में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती और हेमा यादव का नाम है. एजेंसी की इस कार्रवाई के बाद सांसद सुशील मोदी ने लालू यादव पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि काला धन छिपाने और उसे वैध बताने के लिए लालू यादव ने खुद अपने घर की महिलाओं को फंसा दिया.

मोदी ने कहा कि राबड़ी देवी को 31 लाख और हेमा यादव को 62 लाख की जमीन दान में देने वाले विधान परिषद में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हैं. कहा कि हृदयानंद चौधरी ने दानापुर थाना क्षेत्र के महुआ बाग की 3375 वर्गफीट जमीन तेजस्वी यादव की पांचवीं बहन हेमा यादव को मुफ्त में दान कर दी. इस महान दानी ने हेमा यादव को ही क्यों भूमिदान के योग्य समझा? क्यों चौधरी ने ही स्टांप ड्यूटी के तौर पर 6.28 लाख रुपये एसबीआई के मेन ब्रांच में जमा कराये. सुशील ने कहा कि राजद नेताओं को इन सवालों का जवाब देना चाहिए. लेकिन कोई भी इन सवालों के जवाब नहीं दे रहा है. सब के सब ईडी के समन पर राजनीति करने में लगे हैं.

**कारोबार**

### स्टार्टअप कंपनी 100 पेट्रोल पंप खोलेगी

**गुवाहाटी।** ईंधन की खुदरा बिक्री करने वाली स्टार्टअप कंपनी इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग (आईपीएम) अगले पांच साल के भीतर देशभर में 100 पेट्रोल पंप स्थापित करेगी. कंपनी ने गुरुवार को बताया कि वह अपना कारोबार असम से शुरू करेगी. दिल्ली की कंपनी ने देश में विभिन्न प्रकार के ईंधन बेचने के लिए अपना नेटवर्क शुरू करने को पहले ही 250 करोड़ रुपये का नेटवर्थ बना लिया है. आईपीएम के संस्थापक ज्ञान प्रकाश शर्मा ने कहा, आईपीएम ईंधन बेचने के लिए देशभर में खुदरा दुकानें या पेट्रोल पंप स्थापित करेगी.

### महिंद्रा कंपनी 400 करोड़ का निवेश करेगा

**नयी दिल्ली।** भारत-जापान कोष वाहन बनाने वाली घरेलू कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की इकाई महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लि. में 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा. महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि भारत-जापान कोष (आईएजेएफ) 6,600 करोड़ रुपये तक के मूल्यांकन पर 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा. इसके परिणामस्वरूप आईजेएफ की हिस्सेदारी महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लि. (एमएलएमएमएस) में 6.06 प्रतिशत से 8.25 प्रतिशत के बीच होगी.

### यात्रियों से मिल रही है अच्छी प्रतिक्रिया : विस्तारा

**नयी दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी विस्तारा ने कहा है कि प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी यहां टिकने के लिए है और इसका विकल्प चुनने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है. टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त उद्यम (जेवी) विस्तारा ने भारत में सबसे पहले 'प्रीमियम इकोनॉमी' श्रेणी शुरू की थी. इसके बेड़े में 67 विमान हैं और यह घरेलू-अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर प्रतिदिन लगभग 320 उड़ानों का परिचालन करती है. कंपनी अपने बेड़े में इस साल अप्रैल तक तीन और विमान शामिल करेगी. वर्तमान में एयरलाइन अपने तीन विमान मॉडल- एयरबस 320 नियो, एयरबस 321 और बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर में प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी की पेशकश करती है.

## 2023 में 15.30 लाख ईवी बिके, जो 2022 से 49.25% ज्यादा हैं

# देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बढ़ी मांग

भाषा। नयी दिल्ली

**2022** में बिके ई-कारों के मुकाबले 114.71%


**2023** में 82,105 इलेक्ट्रिक कारें बिकीं

एक समय पेट्रोल वाहनों की मांग थी, वहीं अब देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) की मांग है. इसकी बिक्री तेजी से बढ़ रही है. एक आंकड़े के मुताबिक 2023 में 15.30 लाख ईवी बिके, जो 2022 से 49.25% ज्यादा हैं. 2022 में 10.25 लाख ईवी बिके थे, लेकिन इसी दौरान इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 115% बढ़कर 82,000 से ऊपर निकल गई. फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के मुताबिक, 2023 में 82,105 इलेक्ट्रिक कारें बिकीं. ये 2022 में बिकीं 38,240 ई-कारों के मुकाबले दोगुने से ज्यादा यानी 114.71% है. बीते महीने देश में कारों की कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 2.5% हो गई, जो दिसंबर 2022 में 1.3% थी. वहीं, बीते साल इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की बिक्री 36% बढ़कर 8.59 लाख से ज्यादा हो गई, लेकिन इस दौरान मार्केट शेयर 5.7% से घटकर 5.2% रह गई है. वहीं ई-थ्री-व्हीलर के लिए पिछला साल काफी शानदार रहा और सालाना बिक्री में 65.23 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज हुई. 2023 में 5,82,793 यूनिट्स ई थ्री व्हीलर की बिक्री हुई, जबकि 2022 में ये संख्या 3,52,710 यूनिट थी.

वहीं ई-कमर्शियल गाड़ियों की सालाना बिक्री में शानदार 114.16 फीसद की बढ़ोतरी देखने को मिली. 2023 में इस सेगमेंट में 5,673 यूनिट्स की बिक्री हुई, जबकि 2022 में 2,649 यूनिट्स कमर्शियल ईवी की बिक्री देखने को मिली थी. फाडा की तरफ से जारी किये गए 2023 में हुई पैसेंजर ईवी के आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिक पीवी में 114.71 फीसद का जबरदस्त उछाल देखने को मिला और बिक्री का ये आंकड़ा 82,105 यूनिट्स पर जा पहुंचा, जो 2022 में 38,240 यूनिट का था. वैसे भारत में ईवी की डिमांड में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जिसकी कई वजह हैं. हालांकि बढ़ता प्रदूषण इसका एक प्रमुख कारण है, जिससे सरकार और नागरिक दोनों ही परेशान हैं. इसी बीच टाटा मोटर्स ने भी अपनी टाटा पंच ईवी को अनवील कर दिया है. कंपनी का दावा है कि यह कार फुल चार्ज पर 300 से 400 किमी चलेगी. रेंज बैटरी पैक पर निर्भर करेगी. 5 जनवरी से ही पंच ईवी की बुकिंग शुरू हो गई है, जिसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक किया जा सकता है. टाटा पंच ईवी का मुकाबला सिट्रोएन ईसी3 से होगा. इसे नेक्सॉन ईवी और टियागो ईवी के बीच पोजीशन किया जाएगा. यानी, कीमतें 10 लाख-13 लाख रुपए, एक्स-शोरूम के बीच हो सकती हैं. रेंज बैटरी पैक पर निर्भर करेगी. इसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक किया जा सकता है. टाटा पंच ईवी का मुकाबला सिट्रोएन ईसी3 से होगा. इसे नेक्सॉन ईवी और टियागो ईवी के बीच पोजीशन किया जाएगा. यानी, कीमतें 10 लाख-13 लाख रुपए, एक्स-शोरूम के बीच हो सकती हैं.

टाटा पंच ईवी को दो वेरिएंट में उतारा गया है. वो स्टैंडर्ड और लॉन्ग रेंज है. स्टैंडर्ड में 25केडब्ल्यूएच और लॉन्ग रेंज में 35केडब्ल्यूएच बैटरी पैक होने की उम्मीद है. स्टैंडर्ड में केवल 3.3केडब्ल्यू एसी चार्जर मिलता है, जबकि लॉन्ग रेंज में 7.2केडब्ल्यू एसी चार्जर के साथ 150केडब्ल्यू डीसी फास्ट चार्जिंग भी मिलती है.

**36% बढ़ी बीते साल इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की बिक्री**



**स्टैंडर्ड पंच ईवी 5 ट्रिम्स में उपलब्ध है -** स्मार्ट, स्मार्ट, एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड। इसे 5 डुअल-टोन कलर ऑप्शन में उतारा गया है. वहीं लॉन्ग रेंज में तीन ट्रिम मिलते हैं - एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड। इसमें 4 डुअल-टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं. यह देश में ईवी के बढ़ते बाजार का ही कमाल है कि बड़ी-बड़ी कंपनियां इसमें नयी तकनीक वाले वाहनों के साथ बाजार में उतर रही हैं. इसके फ्रंट में फुल-विड्थ एलईडी लाइट बार और एक स्प्लिट हेडलैंप सेटअप दिया गया है. यहां मैन हेडलैंप नेक्सॉन ईवी की तरह है. इसके साथ ही पंच ईवी कंपनी की पहली है, जिसके फ्रंट में चार्जिंग सॉकेट दिया गया है. इसके नीचे फुली न्यू डिजाइन बंपर है. रियर में वाई-शेप ब्रेक लाइट सेटअप, रूफ स्पॉइलर और डुअल-टोन बंपर डिजाइन है.

## ओडिशा दो लाख करोड़ रुपये ले सकता है उधार : नाबार्ड

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने ओडिशा के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का अनुमान लगाया है, जो एक साल पहले की अवधि से 25.19 प्रतिशत अधिक है. अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को एक बैठक में नाबार्ड द्वारा तैयार एक 'स्टेट फोकस पेपर' पेश किया गया.

बयान में कहा गया, नाबार्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के तहत 2,00,608 करोड़ रुपये की समग्र ऋण क्षमता का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष (2023-24) की तुलना में 25.19 प्रतिशत अधिक है. नाबार्ड ने 2023-24 के लिए 1,60,280 करोड़ रुपये की समग्र ऋण क्षमता का अनुमान लगाया था. नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक सुधांशु केके मिश्रा ने कहा कि चालू वर्ष 2023-24 के लक्ष्यों को हासिल करने और ओडिशा में प्राथमिकता वाले क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है.

## पिछले रिकॉर्ड देखते हुए बजट में महंगाई नहीं बढ़ेगी : दास

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक क्रिप्टो करेंसी नियमों पर दूसरों का अनुकरण नहीं करेगा और जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो. अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग द्वारा अमेरिका में बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के निर्माण की अनुमति देने के लिए बदलावों को मंजूरी देने के बाद उनका यह बयान आया है. क्रिप्टो करेंसी नियमों पर दास ने कहा, जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो. इसलिए हमारे विचार, रिजर्व बैंक के और व्यक्तिगत रूप से मेरे..वही रहेंगे. दास ने मिंट प्रकाशन द्वारा आयोजित बीएफएसआई शिखर सम्मेलन में यह बात कही. यह पूछे जाने पर कि क्या वह आगामी लेखानुदान को मुद्रास्फीति बढ़ाने वाला मानते हैं.

**निवेश**

## आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ में 2023 में 2,290 करोड़ का निवेश हुआ

# गोल्ड ईटीएफ में निवेश बीते वर्ष छह गुना हुआ

एजेंसी। नयी दिल्ली



सोने में निवेश से जुड़े वित्तीय उत्पाद गोल्ड एक्सचेंज ट्रेड फंड (ईटीएफ) में निवेश बीते वर्ष इससे पिछले साल की तुलना में छह गुना होकर 2,820 करोड़ रुपये रहा. निवेशक उच्च महंगाई दर, इसे काबू में लाने के लिए ब्याज दर में वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर तनाव के बीच सुरक्षित माने जाने वाले इस परंपरागत निवेश उत्पाद को तरजीह दे रहे हैं. म्यूचुअल फंड उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ के अंतर्गत संपत्ति आधार और निवेशकों के खातों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है. गोल्ड ईटीएफ, एक्सचेंज में कारोबार वाला कोष (ईटीएफ) है. यह घरेलू भौतिक सोने के भाव पर नजर रखता है. यह कोष आधारित निवेश उत्पाद है, जो सोने की कीमतों पर आधारित होता है और इसके तहत सोने में निवेश किया जाता है. आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ में 2023 में 2,290 करोड़ रुपये का निवेश हुआ. यह 2022 के 459 करोड़ रुपये के प्रवाह से कहीं अधिक है. बीते वर्ष सिर्फ अगस्त में इस कोष में 1,028 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो 16 माह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है. सुरक्षित निवेश को लेकर सोने के प्रति आकर्षण बना हुआ है. महंगाई से उत्पन्न जोखिम से बचाव को लेकर लोग इसमें निवेश कर रहे हैं. मुख्य रूप से महंगाई बढ़ने, इसे काबू में लाने के लिये ब्याज दर में वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर जारी तनाव के साथ निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने में निवेश को तरजीह दे रहे हैं.

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ऊंची मुद्रास्फीति और उसके बाद ब्याज दर में बढ़ोतरी से सोने के प्रति आकर्षण बढ़ा है. इसके अलावा इजराइल और हमास के बीच युद्ध के कारण बढ़े वैश्विक तनाव ने इसे निवेशकों के लिए एक आकर्षक और सुरक्षित निवेश विकल्प बना दिया है. जेरोधा फंड हाउस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल जैन ने कहा कि भारतीयों का भौतिक सोने के साथ सदियों पुराना जुड़ाव रहा है. जबकि गोल्ड ईटीएफ जैसे निवेश उत्पाद अपनाने के मामले में वे धीमे रहे हैं.

**खास बातें**
- ब्याज दर में बढ़ोतरी से सोने के प्रति आकषर्ण बढ़ा है
- निवेशकों के खातों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है

## बीएमडब्ल्यू इंडिया ने 2023 में रिकॉर्ड कार-बाइक की बिक्री की

संवाददाता। नयी दिल्ली



जर्मनी के वाहन निर्माता समूह बीएमडब्ल्यू ने 2023 में भारत में 22,940 इकाइयों की लक्जरी कार और मोटरसाइकिल की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की. कंपनी ने 2023 में बीएमडब्ल्यू और मिनी ब्रांड की कुल 14,172 इकाइयां बेचीं, जबकि मोटरसाइकिल (बीएमडब्ल्यू मोटरराड) की 8,768 इकाइयां बेचीं. कंपनी की बिक्री 2022 में 19,263 इकाइयों की तुलना में पिछले साल 19 प्रतिशत बढ़ी. बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने यहां पत्रकारों से कहा, 2023 बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के लिए रिकॉर्ड कमाई वाला वर्ष रहा. तीनों ब्रांड 'बीएमडब्ल्यू, मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटरराड' की अभी तक की सबसे अधिक इकाइयां बेची गईं. उन्होंने बताया कि बीएमडब्ल्यू आईएक्स भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन रहा. पावाह ने बताया कि समूह 2024 में दो ईवी और छह बाइक सहित 13 कार पेश करेगा. साथ ही 5-सीरीज और एक्स3 सहित विभिन्न मॉडल पेश करने की भी योजना है.

### ब्रीफ खबरें

## बाबूलाल के जन्मदिन पर कंबल का वितरण

**कांके।** पुराने पंचायत भवन बोड़ेया में गुरुवार को झारखंड के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का जन्म दिवस मनाया गया. इस उपलक्ष्य में समाजसेवी अर्जुन राम के नेतृत्व में गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया. वहीं, लोगों को मिठाई भी खिलाया गया. मौके पर मुख्य रूप से भाजपा युवा नेता सह मंडल उपाध्यक्ष सुकेश नारायण तिवारी, संतु महतो, विक्की नायक, रुपेश तिवारी, कमलकांत दुबे, पिंटू तिवारी, शशांक तिवारी, पिंटू केसरी, रोहित साहू, सुचित सिंह मौजूद थे.

## कुश्ती के राज्य स्तरीय चयन का ट्रायल कल

**रांची।** 1 से 4 फरवरी 2024 को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम हैदराबाद में आयोजित 11वीं सीनियर, जूनियर, सब-जूनियर, महिला पुरुष एवं बालक बालिका राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2024( बेल्ट कुश्ती, मास कुश्ती, कुश्ती पहलवानी, कज़ाख कुशती, सभी एसोसिएट स्टाइल यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यू डब्ल्यू डब्ल्यू) का आयोजन किया जा रहा है. जिला कुश्ती संघ गढ़वा के सचिव-चंद्र बहादुर सिंह ने जानकारी दी कि झारखंड टीम के गठन के लिए झारखंड कुश्ती संघ के तत्वाधान में गढ़वा कुश्ती द्वारा राज्य स्तरीय ओपेन चयन ट्रायल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है.

## सिविक एक्शन प्रोग्राम से ग्रामीणों को मदद

**रांची।** बुढमू में जरूरतमंद बच्चों और लोगों के बीच पठन-पाठन, खेल और अन्य सामग्री का वितरण किया गया. सीआरपीएफ सेक्टर टू धुर्वा की ओर से यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस सिविक एक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य जरूरतमंदों को मदद पहुंचाना था. कार्यक्रम सीआरपीएफ 133 बटालियन की ओर से किया गया. इसका निर्देशन कमांडेंट अमित कुमार ने किया. इस मौके पर भवानी प्रताप सिंह यादव, द्वितीय कमान अधिकारी, सदीप द्विवेदी, द्वितीय कमान अधिकारी, कपनी कमांडर-ई/133 के अतिरिक्त अधीनस्थ अधिकारी औक जवान उपस्थित थे.

## झाकोमयू ने शिबू सोरेन का जन्म उत्सव मनाया

**डकरा।** झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन एनके एरिया कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्म उत्सव मनाया गया. इस दौरान इस मौके पर यूनियन के सचिव रंथु उरांव ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का अहम योगदान रहा है. जन्मोत्सव में केक काट कर गुरुजी की लंबी एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई. मौके पर जगरनाथ महतो, विक्रंम मिंज, बालमुकुंद पांडेय, नरेश गंझू, सूरज मुंडा, दिलीप गंझू, तानेश्वर उराव, लालचंद लोहरा, रमेश तुरी मनोज मुंडा, कुलदीप मुंडा, विजय तुरी, संजोग कुजूर आदि उपस्थित थे.

## हेल्प डेस्क को लेकर आजसू पार्टी की बैठक

**अनगड़ा।** प्रखंड में आजसू पार्टी जल्द ही हेल्प डेस्क सेंटर खोलेगी. इसे लेकर गुरुवार को डांक बंगाल में प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में पार्टी की बैठक हुई. मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव व पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के मार्गदर्शन से 31 जनवरी को हेल्प डेस्क सेंटर का गठन किया जाएगा. बैठक में जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, सचिव वनमाली मंडल, जलनाथ चौधरी, साहेब राम महतो, जगदीश भोगता, महाबीर महतो, संजय महतो, अनिल मुंडा, कन्हैया केसरी, सरिता देवी, बेबी देवी, निर्मला देवी, मुनी देवी आदि थे.

## रोजगार मेला में 120 युवाओं ने दिया आवेदन

**चान्हो।** प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया. मेले का उद्घाटन अंचल अधिकारी संजीव कुमार, प्रमुख होलिका देवी, बीपीएम नीलकंठ कच्छप, इश्तियाक अंसारी, जिला प्रबंधक शिव रमन ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान 120 बेरोजगार युवक-युवतियों द्वारा 120 आवेदन दिए गए. मौके पर सुरजीत शाही, सुनीता कुमारी, रूबी देवी, बिगुल महतो, बसंती देवी, परवेज, कर्ण, सुधीर टोप्पो और जेएसएलपीएस के सभी कर्मी शामिल रहे.

### राज्य स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम संपन्न, 5 प्रमंडल के 75 प्रतिभागियों ने लिया भाग

# पेंटिंग, निबंध लेखन, क्विज व भाषण में दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता। रांची**




गुरुवार को रांची के ऑड्रे हाउस में झारखंड खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के तत्वावधान में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें राज्य के पांचो प्रमंडल से चयनित 75 प्रतिभागियों ने पेंटिंग, युवा संसद, निबंध लेखन, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया. उद्घाटन सत्र में मनीष कुमार उप निदेशक खेल विभाग, राजेश तिवारी अवर सचिव खेल विभाग, शिवेन्द्र कुमार सिंह रांची जिला खेल पदाधिकारी, संतोष कुमार देवघर जिला खेल पदाधिकारी, अमित कुमार सरायकेला-खरसावां जिला खेल पदाधिकारी, तुषार राय चतरा जिला खेल पदाधिकारी व प्रो० डॉ० कमल बोस ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि खेल सचिव मनोज कुमार एवं विशिष्ट अतिथि खेल निदेशक सुशांत गौरव, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया.

**सफल प्रतिभागियों की सूची इस प्रकार है**

| | | |
|---|---|---|
| **पेंटिंग** | | |
| प्रथम स्थान- | सरस्वती सुंडी- | चाईबासा (कोल्हान) |
| द्वितीय स्थान- | विकास महतो- | साहेबगंज (संथाल परगना) |
| तृतीय स्थान- | कोमल भारती- | धनबाद (उत्तरी छोटानागपुर) |
| **निबंध लेखन** | | |
| प्रथम स्थान- | पार्वती हेस्सा- | चाईबासा (कोल्हान) |
| द्वितीय स्थान- | मयूर माला- | हजारीबाग (उत्तरी छोटानागपुर) |
| तृतीय स्थान- | आस्था कुमारी- | रांची (दक्षिणी छोटानागपुर) |
| **क्विज प्रतियोगिता** | | |
| प्रथम स्थान- | शिव शंकर दयाल- | पलामू (पलामू) |
| द्वितीय स्थान- | सोनम कुमारी- | रांची (दक्षिणी छोटानागपुर) |
| तृतीय स्थान- | मो. तालीब- | दुमका (संथाल परगना) |

### दर्जनों विद्यालयों के बच्चों ने स्कूल आने के लिए किया जागरूक

# सीटी बजा बच्चे पहुंचे स्कूल

**संवाददाता। लापुंग**



**अच्छी पहल**

- विद्यालयों के पोषक क्षेत्रों में बच्चों में दिखा भारी उत्साह
- सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया वीडियो व फोटो

प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों में गुरुवार को 'सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में विद्यालयों के लीडर विद्यार्थियों के नेतृत्व में सीटी बजा कर बच्चों को स्कूल आने के लिए जागरूक किया गया. इस दौरान कार्यक्रम का विडियो व फोटो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर अपलोड भी किया गया.

प्रखंड मुख्यालय में बीपीओ को नोडल पदाधिकारी बनाया गया था. वहीं ककरिया संकुल में नोडल पदाधिकारी संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य बांदे हेरेंज ने ककरिया के अंटोबाली में कार्यक्रम का सीटी बजा कर शुभारंभ किया. ककरिया संकुल अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंपाडीह, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खटंगा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोकटा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाड़ी सहित अन्य विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

वहीं संकुल साधन सेवी सह नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार साहू, चंद्रमोहन ठाकुर, मंटु कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह की देखरेख में लापुंग संकुल अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर, लेटे संकुल के राजकीय मध्य विद्यालय लेटे, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कातिंगकेला, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगंज, सरसा संकुल के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, दोलैचा संकुल के राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा, महुगांव संकुल के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुगांव खास, चालांगी एवं मालगो संकुल के विद्यालयों सहित अन्य विद्यालयों के पोषक क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

स्कूल के हाउस कैप्टन एवं क्लास मॉनिटर सहित अन्य बच्चे सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक सीटी बजाते हुए कारवां बनाते गए और स्कूल पहुंचे. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव, जीवेश्वर साय, बहादुर उरांव, धनेश्वर राव, राजेंद्र प्रसाद, राणा जितेंद्र, सागेन होरो सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### बच्चों ने सीटी बजाकर स्कूल आने के लिए किया प्रेरित



**अनगड़ा।** प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में गुरुवार को सीटी बजाओ अभियान की शुरुआत की गयी. इस कड़ी में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गेतलसूद में प्रधानाचार्य सहजनाथ महतो व उप मुखिया शंकर बैठा के नेतृत्व में बच्चों ने अपने-अपने पोषक क्षेत्र में सीटी बजा कर अभियान चलाया. सुबह से ही विभिन्न मुहल्ला और वार्डों में सीटी की आवाज गूंजने लगी थी. छोटे-छोटे बच्चे अपने हाथों में सीटी लेकर अपने साथियों को स्कूल चलने के लिए बुलाते नजर आए.

### बुंडू के सभी स्कूलों में चला सीटी बजाओ महाअभियान



**बुंडू।** सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड के लगभग सभी स्कूलों ने चलाया गया. इसी क्रम में गुरुवार को रमेश सिंह मुंडा स्मारक प्लस टू उच्च बुंडू के प्राचार्य बुद्धेश्वर महतो के नेतृत्व में स्कूल से रैली निकल कर हाई स्कूल, पुराना बाजार टोली, नवरात्रि टोली, मस्जिद टोली, चौक बाजार टोली, सुभाष चौक, थाना रोड, धुर्वा मोड़ तक गयी. प्राचार्य ने कहा कि सीटी बजा कर बुलाने जाने पर अविभावक और छात्र दोनों पर स्कूल जाने का दबाव बनता है.

## 17 जनवरी को धरना देंगे असंगठित मजदूर

**डकरा।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स एटक के क्षेत्रीय कार्यालय में असंगठित मजदूरों की बैठक मनोज कुमार की अध्यक्षता संपन्न हुई. बैठक में यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश भर ने कहा कि असंगठित मजदूरों का सीएमपीएफ राशि का भुगतान 2021 से विभिन्न प्राइवेट कंपनियों में में लंबित है. एनके प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्ट कंपनियों की लापरवाही से भुगतान नहीं हो रहा है. इस संदर्भ में एनके प्रबंधन एवं मजदूर यूनियन प्रतिनिधि से कई बार वार्ता हुई है, जिसमें सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा. क्षुब्ध होकर मजदूरों ने 17 जनवरी को एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन का फैसला लिया है. मौके पर यूनियन के अध्यक्ष कृष्ण चौहान, सचिव प्रेम कुमार, मनोज कुमार, कृष्ण शर्मा, भानु प्रताप यादव, कैलाश यादव आदि थे.

## सीएमपीएफ घोटाला की सीबीआई जांच की मांग

**डकरा।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ बीएमएस ने एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया. संघ के सीसीएल अध्यक्ष मनोज कुमार रजक ने कहा कि कोयला कर्मियों के मेहनत की कमाई के 1.5 लाख करोड़ रुपये का भविष्य निधि और पेंशन फंड धनबाद स्थित सीएमपीएफ द्वारा घोटाला किया गया है. साथ ही दीवान हाउसिंग लिमिटेड कंपनी में 7.27 करोड़ बिना सोचे समझे इन्वेस्ट किया गया. उसी पैसे की वापसी की लड़ाई भारतीय मजदूर संघ लड़ रही है. उन्होंने कोयला कर्मचारियों के सीएमपीएफ में हुए घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की. साथ ही पैसे की वसूली कर सीएमपीएफ में जमा कराने और दोषियों को दंडित करने की मांग भी रखी.

# रोड कंस्ट्रक्शन के 22 इंजीनियर इधर से उधर

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के 22 इंजीनियरों की ट्रांसफर पोस्टिंग कर दी है. वहीं अधीक्षण अभियंता व प्रभारी मुख्य अभियंता केंद्रीय निरूपण संगठन पथ निर्माण विभाग के पद पर पदस्थापित उमेश कुमार को मुख्य अभियंता के पद पदस्थापित किया है. गुरुवार को रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट ने इसका आदेश जारी कर दिया.

**पथ निर्माण विभाग के 25 ईई को मिला प्रमोशन :** रांची। राज्य सरकार ने रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के 25 एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के पद पर प्रोन्नति दे दी है. प्रोन्नति पाने वालों में संतोष कुमार, श्रवण कुमार,विजय रंजन कुमार, अनिल कुमार, कुंडल कुमार,जयकांत राम,सुनील कुमार रजक, सुबोध पासवान,विजय कुमार दास, बिहारी प्रसाद, नसीम अली, मनोज कुमार वर्मा, महेंद्र प्रसाद गुप्ता और सुरेश प्रसाद शामिल हैं.

**कौन कहां गए**

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| इंद्र मोहन चौधरी | प्रभारी मुख्य अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ |
| प्रवीण जयंत बांगरा | प्रभारी मुख्य अभियंता( आवास बोर्ड) |
| आशीष कुमार सिंह | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल दुमका |
| विनीत वत्सल | कार्यपालक अभियंता, उड़न दस्ता नियंत्रण निदेशालय, |
| राजू किस्पोट्टा | सेवा भवन निर्माण विभाग |
| बालकृष्ण टुडू | अवर पथ प्रमंडल संख्या एक गिरिडीह |
| दिलीप कुमार | सेवा ग्रामीण विकास विभाग |
| रामप्रसाद सिंह | सेवा ग्रामीण विकास विभाग, |
| सिकंदर प्रसाद सिंह | सेवा ग्रामीण विकास विभाग |
| पंकज कुमार नाग | सेवा नगर विकास विभाग |
| निमांशु चरण गागरे | सहायक अभियंता खूंटी |
| मोहम्मद मजहर हुसैन | अवर प्रमंडल पथ गढ़वा |
| मनेश्वर हेंब्रम | सेवा ग्रामीण कार्य विभाग |
| सुरेंद्र कुमार | ग्रामीण कार्य विभाग |
| जयप्रकाश सिंह | पथ प्रमंडल गोड्डा |
| विजय कुमार मरांडी | पथ प्रमंडल हंसडीहा |
| अभय कुमार | पथ अवर संख्या एक पथ प्रमंडल हजारीबाग |
| राजीव कुमार | पथ अवर प्रमंडल मधुपुर, |
| इंद्र मोहन सिंह | एनएच देवघर |
| शैलेश कुमार | पथ अवर प्रमंडल दो दुमका |
| सत्येंद्र कुमार सिंह | पथ प्रमंडल संख्या 3 रांची |
| अशोक प्रसाद | पथ अवर प्रमंडल गिरिडीह |

# लेडीज क्लब ने आदर्श वृद्धाश्रम में किया कंबल व साड़ी का वितरण



**संवाददाता। रांची**

एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने गुरुवार को अपनी सीएसआर पहल के तहत रांची के आदर्श वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों को कड़ाके की ठंड के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया. इस पहल के तहत लेडीज क्लब ने वृद्धाश्रम की जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को साड़ी और ड्रेस सामग्री प्रदान की.

स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन की गरिमामय उपस्थिति में यह पहल की गई. जैन और क्लब के अन्य सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ कुछ अच्छा समय बिताया. इस अवसर पर उपाध्यक्ष लक्ष्मी मूर्ति, पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव दीपा, संयुक्त सचिव परमेश्वरी, सांस्कृतिक सचिव और सदस्य सपना पारीक उपस्थित थीं. एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय की महिला कल्याण शाखा समाज को वापस देने की भावना के साथ अपनी विभिन्न कल्याण और सीएसआर पहलों के तहत समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों को अपना समर्थन दे रही है.

**सौगात** विधायक सुदेश महतो और सांसद संजय सेठ ने किया शिलान्यास

# स्वर्णरेखा नदी पर बनेगा उच्चस्तरीय पुल

**संवाददाता। सोनाहातू**



**विकास कार्य**

- 9.35 करोड़ से बनेगा पुल, झारखंड व बंगाल को जोड़ेगा
- पुल की लंबाई 268 मीटर व चौड़ाई साढ़े सात मीटर होगी

रांची सांसद संजय सेठ और विधायक सुदेश महतो ने गुरुवार को सोनाहातू प्रखंड के स्वर्णरेखा नदी के मारांगकिरी घाट में उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. ग्रामीण विकास विभाग के मुख्यमंत्री ग्रामसेतु योजना के तहत 9 करोड़ 35 लाख की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा. पुल की लंबाई 268 मीटर और चौड़ाई साढ़े सात मीटर होगी.

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि पुल दिलों को जोड़ने वाला होगा. बंगाल के साथ संबंध मजबूत होंगे. उन्होंने 22 जनवरी को लोगों से दीपावली मनाने का आह्वान किया. वहीं, सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी पर बनने जा रहे तीसरा पुल एक माइल स्टोन साबित होगा. पुल के माध्यम से हम ग्रामीणों के संघर्ष को पूरा करने का काम कर रहे हैं. पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किए जा रहे हैं. हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है.

उन्होंने यह भी कहा कि गांव में राजनीतिक जागरुकता लाने का काम किया गया है. योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे हैं. मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, बीणा मुंडा, जयपाल सिंह, संजय सिद्धार्थ, चितरंजन महतो, श्याम महतो, गौतम सिंह देव, अशोक महतो, मुखिया सुभद्रा देवी, भाजपा के मनोज महतो, सुनील सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## सम्मेलन के पदस्थापना पर 22 को मनेगा दीपोत्सव

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह दीपोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा. यह समारोह 22 जनवरी को अग्रसेन भवन में होगा. इसके लिए 21 जनवरी को दीपों का वितरण किया जाएगा. इस आशय का निर्णय गुरुवार को अग्रसेन भवन में आयोजित सम्मेलन की बैठक में किया गया. बैठक की अध्यक्षता सम्मेलन के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने की. उन्होंने बैठक में दीप वितरण का शुभारंभ भी किया. रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार सत्र 2024- 26 के लिए अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण करेंगे.समारोह के सफल आयोजन के लिए स्वागताध्यक्ष कमल कुमार केडिया को एवं स्वागतमंत्री पवन शर्मा को बनाया गया है.

### न्यूज अपडेट

## आजसू माटी की पार्टी और परिवार : प्रकाश लकड़ा



**नामकुम।** खिजरी विधानसभा अंतर्गत लोवाडीह के वार्ड नंबर 12 में आजसू पार्टी की बैठक हुई. अध्यक्षता वनमाली मंडल और संचालन साजिद ने किया. पार्टी के जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने पार्टी के नीति-सिद्धांतों को बताया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है और एक परिवार है. साथ ही कहा कि राज्य पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में ही झारखंड राज्य का सर्वांगीण विकास हो सकता हैं. मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा, केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह एवं अन्य थे.

## सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ महाअभियान की शुरुआत



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने केउद्देश्य से गुरुवार को सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ महाअभियान की शुरुआत हुई. इस कड़ी में गुरुवार से ही प्रखंड के चकला पंचायत के राज्यकृत मध्य विद्यालय चकला के बच्चों के द्वारा चकला गांव में सिटी बजाकर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया. प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाईक एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चों ने विद्यालय पोषक क्षेत्र के अलग-अलग टोला में अभियान चलाया.

## न्याय यात्रा से मजबूत होगा लोकतंत्र : अमाल खान



**ओरमांझी।** युवा कांग्रेस नेता अमाल खान ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के द्वारा 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से प्रारंभ हो रहा है. इस यात्रा से लोकतंत्र मजबूत होगा. यात्रा पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड में 2 से 5 फरवरी के बीच पहुंचेगी. झारखंड में 804 किलोमीटर की दूरी 8 दिनों में तय करेगी. यह यात्रा झारखंड में दो चरणों में होगी. झारखंड में न्याय यात्रा आने से कांग्रेस एवं गठबंधन दल के नेताओं-कार्यकर्ताओं के अलावा आम जनता काफी उत्साहित है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी इसकी तैयारी में जुट गई है.

## शांति व्यवस्था को लेकर नामकुम थाना में हुई बैठक



**नामकुम।** 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर गुरुवार को समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों के साथ नामकुम थाना परिसर में प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई. थाना प्रभारी ने कहा कि सभी चौक-चौराहों एवं सभी मंदिर परिसर में सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा कि उपद्रवी, अफवाह फैलाने वाले, सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वाले पर कानून का उल्लंघन करने वाले पर कठोर कार्रवाई होगी.

## आरा व बड़ाम में पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा



**नामकुम।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम प्रखंड की आरा व बड़ाम पंचायत में आयोजित किया गया. इस दौरान बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार ने ग्रामीणों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न, दीनदयाल अंत्योदय, उज्ज्वला, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान समृद्धि, किसान क्रेडिट कार्ड, हर घर जल नल, जनधन, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशनआदि योजनाओं का लाभ के लिए प्रेरित किया. वहीं, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन व पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती कुजुर ने भी केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की ग्रामीणों से अपील की.

### पेज 1 का शेष...

## लॉटरी का अवैध कारोबार 500...

**कहां और कब हुई कार्रवाई**

**11 जनवरी 2024 :** धनबाद के पथरडीह पुलिस ने चासनाला के समीप वाहन जांच के दौरान अवैध लॉटरी के साथ एक धंधेबाज को पकड़ा. जो नुनूडीह एनबीसी कॉलोनी का रहने वाला है. उसने धंधे से जुडे धनबाद और अन्य जिलों के लोगों का नाम बताया है.

**29 दिसंबर 2023 :** देवघर के मधुपुर से गिरिडीह में ऑनलाइन लॉटरी खेलाया जा रहा था. सदर अनुमंडल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया. जिनसे 110 पीस लॉटरी टिकट और नगद रुपए बरामद हुए थे.

**28 दिसंबर 2023 :** पाकुड के मुफस्सिल पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया. उसे अवैध लॉटरी बेचते हुए कई जगह देखा गया था. जांच के दौरान पुलिस ने उसके पास से अवैध लॉटरी बरामद किया.

**29 नवंबर 2023 :** जामताडा पुलिस ने अवैध लॉटरी खेलने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने एक होटल में छापामारी कर नकली लॉटरी टिकट, छपाई मशीन, 12 पीस प्रिंटर,13 बोरा नकली लॉटरी बरामद किया था.

**29 नवंबर 2023 :** जामताड़ा अमोइ मेन रोड पर बंद अमन रेस्टोरेंट एंड होटल में लॉटरी खेलाया जा रहा था. पुलिस ने छापा मारा. सात लोग पकड़े गए. जिसमें पांच धनबाद निरसा के निवासी थे.

**27 सितंबर 2023 :** 20 बंडल नकली झारखंड लॉटरी टिकट एवं नजग रुपए जब्त हुए. कुल्टी थाना की पुलिस ने छापेमारी की थी.

**30 अक्तूबर 2023 :** गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड में छापेमारी हुइर. दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. दोनों कई माह से अवैध रूप से ऑनलाइन लॉटरी टिकट बेचने का करोबार कर रहे थे.

**4 सितंबर 2023 :** शिकारीपाड़ा पुलिस ने लॉटरी खेलाने वाले दो लोगों को पकड़ा. जिन्होंने बताया कि एजेंट रखकर बेनागढ़िया, पिनरगिया, सरसडंगाल,शिकारीपाड़ा, बरमसिया, महुलपहाड़ी आदि क्षेत्र में बेचा जाता है.

## मंदिर बनने से ही रामराज्य...

अयोध्या का वैभव, ऐश्वर्य ऐसा कि देवता भी लालायित रहते थे. उस अयोध्या को राम की थाती मान कर संभालने, संजोनेवाला भरत ही रामराज्य की गारंटी है. भरत अयोध्या में रहते भी नहीं हैं. वह राजधानी से दूर नंदी ग्राम में पर्णकुटी में संन्यासी की तरह रहते हैं और प्रजा हित के लिए चैतन्य इतने कि संजीवनी बूटी का शिलाखंड लेकर आ रहे हनुमान को कोई आततायी समझ कर नीचे गिरा देते हैं. राम ने हनुमान को भरत सम प्रिय भाई यों ही नहीं कहा था. जिसने कभी स्वयं को अयोध्या का शासक नहीं माना, जो राम (जनता) की सेवकाई में ही लगा रहा , जिसे अपनी सुख-सुविधा के लिए कुछ चाहिए नहीं. वह भरत ही वस्तुतः लोकतांत्रिक व्यवस्था में रामराज्य का अवलंब बन सकता है.

**भोगवादी समाज योगवादी रामराज्य की आकांक्षा नहीं पाल सकता:** आज हमारे प्रतिनिधि निधिपति बन बैठे हैं और हम रामराज्य पर बहस कर रहे हैं. राजनीति कैश , कास्ट, क्रिमिनल के हवाले हो गयी है. यकीन मानिए , गांधी होते तो चुनाव नहीं जीत पाते. दारू की व्यवस्था नहीं करते , बूथ खर्चा नहीं देते, मतदाताओं को पैसे नहीं बांटते, प्रचार में धन नहीं झोंकते, मीडिया वालों को पटाते, खिलाते-पिलाते नहीं तो चुनाव कैसे जीतते ? इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में रामराज्य पर गलथेथरई तो हो सकती है, भोगवादी समाज योगवादी रामराज्य की आकांक्षा नहीं पाल सकता. यदि पालता है, तो वह सिर्फ पाखंड ही होगा. जब तक जनता साफ-सुथरे, चरित्रवान, ईमानदार लोगों को नहीं जितायेगी, चाहे जितने मंदिर बनवा लीजिए रामराज्य नहीं आनेवाला है. निष्कर्ष यह कि यदि हम यानी प्रजा यानी राम अपना प्रतिनिधि भरत जैसा चुनें जो अपने लिए, अपने परिवार के लिए सरकारी पैसे से गैरजरूरी एक धेला भी न ले, तो रामराज्य की स्थापना के बारे में सोचा जा सकता है. लेकिन बाड़ेबंदियों में फंसकर, पैसे लेकर, जाति-धर्म के आधार पर वोट देनेवाली प्रजा रामराज्य की कतई हकदार नहीं है. अगर हम बिकेंगे तो हमारा नेता हमें पांच साल बेचेगा और देश व राज्य को निचोड़ेगा.



ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारतीय टीम ने आत्मविश्वास में किया इजाफा

# अभ्यास मैच में भारतीय टीम जीती

संवाददाता। रांची

एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के अभ्यास मैच में अपने आक्रामक खेल से भारत ने चेक रिपब्लिक को 2-0 से हराया. पहले अभ्यास मैच में जर्मनी के हाथों मिली हार के बाद इस जीत से भारतीय टीम के आत्मविश्वास में इजाफा होगा. भारत ओलंपिक क्वालीफायर में यूएसए, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में है.

भारत का पहला मुकाबला 13 जनवरी को यूएसए के साथ होगा. 13 से 19 जनवरी 2024 तक ओलंपिक क्वालीफायर के सभी मुकाबले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में सभी मुकाबले खेले जाएंगे. इस प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ 8 देशों की टीम हिस्सा लेगी. इनमें भारत, इटली, चीली, जापान, चेक रिपब्लिक, जर्मनी, न्यूजीलैंड और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की टीम शामिल हैं. इनमें से टॉप तीन टीम पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करेंगी.

**खास बातें**

- 2-0 से भारत ने चेक रिपब्लिक को हराया
- पहले अभ्यास मैच में जर्मनी से हारी थी भारतीय टीम





क्वालीफायर से पहले भारतीय कप्तान ने की प्रेसवार्ता

# हम पूरी तरह से तैयार : सविता

**क्या कहा**


- सविता ने कहा- रांची की क्राउड बेहतरीन
- रांची में खेलने को लेकर भारतीय टीम उत्साहित

खेल संवाददाता। रांची



रांची में 13 से 19 जनवरी तक आयोजित आयोजित एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के मुकाबले से पहले गुरूवार को भारतीय टीम की कप्तान ने प्रेसवार्ता की. इस दौरान टीम की मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने भी मीडिया के सवालों का जवाब दिया. सविता ने कहा कि रांची आकर हमेशा अच्छा लगता है. यहां की क्राउड बेहतरीन है. क्राउड से हमें काफी समर्थन मिलता है. टीम इस टूर्नामेंट को लेकर काफी उत्साहित है. अभ्यास मैच में जर्मनी के हाथों मिली हार पर सविता ने कहा कि प्रैक्टिस मैच से हमें सीख लेने की जरुरत है और कमियों में सुधार करने की जरुरत है. पहला मुकाबला यूएसए के साथ है और अभी टीम उसपर ही फोकस कर रही है. यूएसए के साथ पहले मुकाबले पर उन्होंने कहा कि सभी प्रतियोगिता में दबाव होता है, लेकिन हम इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. हमारी स्ट्रेंथ अटैकिंग खेलना है और हम इसपर ही काम करेंगे. वहीं पेरिस ओलंपिक के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके लिए हमारी टीम पूरी कोशिश करेगी कि हम पेरिस ओलंपिक जाएं और वहां भी बेहतर प्रदर्शन करें, लेकिन उससे पहले क्वालीफाई करना जरूरी है. जिसके लिए हमने बहुत मेहनत की है. ऐसे में हम क्वालीफाई करने की पूरी कोशिश करेंगे. ये टूर्नामेंट मुश्किल होने वाला है क्योंकि हर टीम अपना बेहतर करना चाहेगी. इस प्रतियोगिता में भारत का सामना यूएसए, न्यूजीलैंड और इटली से होगा. टूर्नामेंट के सभी मुकाबले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में खेले जाएंगे.

## ओलंपिक का टिकट कटाएंगे : शॉपमैन



भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने गुरुवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम ने हांगझोउ एशियाई खेलों के जरिये पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने का मौका गंवा दिया लेकिन अब उन्हें यकीन है कि शनिवार से शुरू हो रहे ओलंपिक क्वालीफायर के जरिये वह पेरिस का टिकट कटायेंगे. पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के जरिये सीधे ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने से चूकी भारतीय टीम यहां क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेगी. यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले क्वालीफायर में भाग ले रही आठ में से शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक खेलेंगी. शॉपमैन ने कहा कि हम एशियाई खेलों में चूक गए लेकिन अतीत को भुलाकर यहां अच्छा खेलेंगे. हमें पहले से बेहतर खेलना होगा और ऐसा करने पर ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर सकते हैं.

## टीम को खलेगी वंदना की कमी

भातीय कप्तान सविता ने वंदना कटारिया के टीम में नहीं होने पर कहा कि टीम को उनकी कमी खलेगी. उन्होंने कहा कि वंदना जैसी अनुभवी खिलाड़ी के टीम में होने से टीम को मजबूती मिलती है. वहीं उपकप्तान जुड़ी सवाल पर सविता ने कोच को इसका क्रेडिट देते हुए कहा कि उन्होंने हमें सिखाया है कि कप्तान और उपकप्तान बस नाम है. सीनियर खिलाड़ी होने के नाते हमें अपने खेल पर फोकस करना है और ग्राउंड पर अपना गेम खेलना है.

**ब्रीफ खबरें**

### हैंपशर में हिस्सा खरीद सकती है दिल्ली कैपिटल्स

**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की हैंपशर टीम में हिस्सा खरीदने के लिये बातचीत की प्रक्रिया में है. रिपोर्ट के अनुसार हैंपशर के पूर्व अध्यक्ष दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक को यह काउंटी टीम बेचने के अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं. रिपोर्ट में कहा गया कि हैंपशर काउंटी क्लब के अधिकांश शेयरों के मालिक दिल्ली कैपिटल्स टीम के सह मालिक को अपना हिस्सा बेचने के लिये बातचीत कर रहे हैं.

### पिछड़ने के बाद जीती मुंबई सिटी की टीम

**भुवनेश्वर।** मुंबई सिटी ने गुरुवार को यहां कलिंगा सुपर कप के ग्रुप सी मैच में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए गोकुलम केरला को 2-1 से मात दी. युवा खिलाड़ियों की मुंबई की टीम को हालांकि पूरे अंक जुटाने के लिए जूझना पड़ा. पर उसने इंजुरी टाइम में पेनल्टी पर गोल कर जीत हासिल की. अब्देनासेर अल खयाति ने इंजुरी टाइम में इस पेनल्टी पर गोल कर अपनी टीम को जीत दिलायी.

### गोल्फ: निश्ना पटेल ने बढ़त बनाई

**पुणे।** निश्ना पटेल ने गुरुवार को यहां दूसरे दौर में पार 71 के स्कोर से 2024 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले चरण में बढ़त बरकरार रखी है. निश्ना का दो दौर के बाद कुल स्कोर पांच अंडर 137 है और उन्होंने हिताषी बक्शी पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है. हिताषी ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपने और निश्ना के बीच के अंतर को कम किया. निश्ना ने दूसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गई.

# रिदम का ओलंपिक कोटा पक्का

भाषा। जकार्ता



रिदम सांगवान पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की 16वीं निशानेबाज बन गई जिन्होंने यहां एशियाई क्वालीफायर में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता. इसके साथ ही भारत ने जुलाई अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी के लिये सबसे ज्यादा कोटा हासिल कर लिये हैं. इससे पहले तोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के 15 निशानेबाजों ने भाग लिया था.

एशियाई क्वालीफायर में भारत का यह तीसरा ओलंपिक कोटा है. इससे पहले ईशा सिंह और वरूण तोमर 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और पुरूष वर्ग में कोटा हासिल कर चुके हैं. हरियाणा की 20 वर्ष की रिदम पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की 25 मीटर स्पोर्टर्स पिस्टल टीम का हिस्सा थीं जिसमें ईशा और मनु भाकर भी शामिल थी. रिदम फाइनल में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही लेकिन यह उन्हें पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने के लिये काफी था. चीन की यांग जिन को 41 अंक के साथ स्वर्ण और कोरिया की किम येजी को 32 अंक के साथ रजत पदक मिला. एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में यह रिदम का दूसरा कांस्य पदक है. उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में भी तीसरा स्थान हासिल किया था.

**क्या कहा**

- एशियाई क्वालीफायर में रिदम ने कांस्य पदक जीता
- कोटा हासिल करने वाली भारत की 16वीं निशानेबाज बनीं रिदम

स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल

# फाइनल में पहुंची रियल मैड्रिड की टीम

- रोमांचक मुकाबले में 5-3 से जीता रियल मैड्रिड
- फाइनल में बार्सिलोना या ओसासुना से होगा मुकाबला

एजेंसी। रियाद

रियल मैड्रिड ने रोमांचक मुकाबले में अतिरिक्त समय के बाद एटलेटिको मैड्रिड को 5-3 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फाइनल में प्रवेश किया. रविवार के फाइनल में मैड्रिड का सामना बार्सिलोना या ओसासुना से होगा, जो दूसरे सेमीफाइनल में भिड़ेंगे. डिएगो शिमोन की एटलेटिको इस सीजन में सितंबर में मैड्रिड को हराने वाली एकमात्र टीम है, और बढ़त लेने से कुछ समय पहले ही सैमुअल लिनो ने एरिजाबलागा का परीक्षण करके इसकी जोरदार शुरुआत की थी.



## एथलेटिको के शीर्ष स्कोरर बने ग्रीजमैन



इस मैच के पहले हाफ में एथलेटिको के ग्रीजमैन ने गोल दागकर एथलेटिको के सर्वाकालिक शीर्ष स्कोरर के रूप में सुइस अरागोन्स का रिकॉर्ड तोड़ा. ग्रीजमैन ने इस मैच में एथलेटिको की ओर से अपने करियर का 174 दागकर दिवंगत लुईस अरागोन्स को पीछे छोड़ा.

# पहला टी-20 : 6 विकेट से जीता भारत

भाषा। मोहाली



भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले गए श्रृंखला के पहले टी-20 मुकाबले भारतीय टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज की. भारत की ओर से शिवम दुबे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 60 रन बनाए. वहीं जीतेश शर्मा में ताबड़तोड़ 31 रन बनाए. इससे पहले अनुभवी मोहम्मद नबी और युवा अजमतुल्लाह ओमरजई के बीच 43 गेंद में 68 रन की साझेदारी से अफगानिस्तान ने पांच विकेट पर 158 रन बनाये. भारत के पावरप्ले में दबदबे के बाद नबी (27 गेंद में 42 रन) और ओमरजई (22 गेंद में 29 रन) ने चौथे विकेट के लिए साझेदारी निभाकर अपनी टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभायी. भारत ने पीसीए स्टेडियम में शीतलहर के बीच 10 ओवर में अफगानिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 57 रन कर दिया था. सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज (28 गेंद में 23 रन) और कप्तान इब्राहिम जदरान (22 गेंद में 25 रन) पावरप्ले में केवल चार बाउंड्री ही लगा सके. मैच शुरू होने में कुछ मिनट का विलंब हुआ क्योंकि साइटस्क्रीन से चमचमाती नीली रोशनी से गुरबाज का ध्यान भंग हो रहा था. तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने मेडन ओवर से पारी की शुरूआत की.

### क्वालीफाइंग के फाइनल राउंड में पहुंचे सुमित

**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने गुरुवार को यहां



ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल राउंड में प्रवेश किया जिससे वह इस ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने से केवल एक जीत दूर हैं. नागल ने दूसरे क्वालीफाइंग मैच में ऑस्ट्रेलिया के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी एडवर्ड विंटर को एक घंटे चार मिनट में 6-3, 6-2 से पराजित किया. अब सत्र के शुरूआती ग्रैंडस्लैम में जगह बनाने के लिए 26 साल के भारतीय खिलाड़ी का सामना शुक्रवार को फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकोन से होगा.

# कोहली, रोहित की मौजूदगी जरूरी : रैना

भाषा। बेंगलुरु



पूर्व भारतीय आल राउंडर सुरेश रैना ने विश्व कप को देखते हुए अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने को गुरुवार को समझदारी भरा फैसला करार दिया. रोहित और कोहली की 14 महीने बाद भारत की टी-20 टीम में वापसी हुई है. रैना ने कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी. रैना ने कहा कि अगर आप विश्व कप के अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्टेडियम को देखो तो विकेट थोड़ा पेचीदा होगा. भारत को वहां पर रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत होगी. उन्होंने कहा कि वनडे विश्व कप में उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी और बतौर कप्तान रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का जज्बा मजबूत होता है. रैना की राय में कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी जायसवाल की होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए. उसके अनुभव से मजबूती मिलेगी विशेषकर अमेरिका और वेस्टंडीज की चुनौतीपूर्ण पिचों पर.

**खास बातें**

- 14 महीने बाद हुई है टी-20 में रोहित, विराट की वापसी
- विश्व कप में विराट, रोहित के अनुभव की होगी जरुरत

बैडमिंटन

मलेशिया ओपन सुपर 1000 में भारतीय जोड़ी का शानदार प्रदर्शन जारी

# सात्विक और चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

भाषा। कुआलालम्पुर

भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरूवार को पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए. दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने फ्रांस के 36वीं रैंकिंग वाले लुकास कोरवी और रोनान लबार को 21-11, 21-18 से हराया. पिछले साल छह खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी का सामना अब चीन के ही जि तिंग और रेन शियांग यू से होगा. एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग ने आक्रामक खेल दिखाते हुए पहले ही गेम में 11-2 की बढत बना ली. फ्रांसीसी जोड़ी ने हालांकि स्कोर 12-14 कर दिया. भारतीय जोड़ी का अनुभव यहां काम आया जिसने लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीता.

**दूसरे सेट में सात्विक व चिराग ने की शानदार वापसी :** दूसरे सेट में 4-11 से पिछड़ने के बाद सात्विक और चिराग ने जबर्दस्त वापसी करते हुए 16-16 से बराबरी की. इसके बाद अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाकर उन्होंने गेम और मैच जीता.

**खास बातें**

- सात्विक व चिराग ने लुकास व रोनान को हराया
- 21-11, 21-18 से जीते सात्विक व चिराग



## दूसरे दौर से बाहर हुए श्रीकांत


किदाम्बी श्रीकांत दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए. श्रीकांत अपनी गलतियों पर काबू नहीं रख सके और हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से दूसरे दौर में सीधे गेम में हार गए. कई सहज गलतियों और गलत लाइन कॉल के कारण विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को दुनिया के 20वें नंबर से खिलाड़ी का लोंग से 13-21, 17-21 से पराजय झेलनी पड़ी. उधर श्रीकांत की शुरूआत अच्छी रही और एक समय वह 6-1 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने गलतियां करनी शुरू की और का लोंग ने लगातार छह अंक लेकर वापसी की. पिछले दो मुकाबलों में श्रीकांत ने का लोंग को हराया था लेकिन इस बार लय कायम नहीं रख सके और पहला गेम आसानी से गंवा दिया. दूसरे गेम में एक समय उनके पास 11-10 की बढत थी लेकिन फिर गलतियों से वह उबर नहीं सके.

### दुष्कर्म मामले में सजा के बाद लामिचाने निलंबित

**काठमांडु।** 18 वर्षीय युवती से दुष्कर्म के आरोप में आठ साल की जेल की सजा मिलने के बाद नेपाल के स्पिनर संदीप लामिचाने को गुरुवार को देश के क्रिकेट संघ ने निलंबित कर दिया. काठमांडो जिला अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया और एक दिन बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की. नेपाल क्रिकेट संघ ने कहा कि हम आपको सूचित करते हैं कि संदीप लामिचाने को सजा मिलने के बाद उसे हर तरह की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधि से निलंबित कर दिया गया है. लामिचाने के वकील सरोज घिमिरे ने हालांकि 'द काठमांडो पोस्ट' से कहा कि वह उच्च अदालत में इसके खिलाफ अपील करेंगे. काठमांडो पुलिस ने पिछले साल सितंबर में लामिचाने की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया था.

# अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन में स्वर्ण पदक जीता

भाषा। जगरेब



भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट में चीन के दुनिया के सातवें नंबर के पहलवान वान्हाओ जोउ को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता. सेहरावत ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की. पिछले कुछ समय से विवादों से जूझ रहे भारतीय कुश्ती जगत के लिये यह अच्छी खबर रही.

भारतीय दल यहां युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के बैनर में खेल रहा है क्योंकि समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ को पिछले साल निलंबित कर दिया गया था. 13वीं रैंकिंग वाले अमन ने तुर्किये के मुहम्मद कारावुस के खिलाफ 15- 4 से जीत के साथ आगाज किया. हांगझोउ एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले अमन ने 19वीं रैंकिंग वाले अमेरिका के रिचडर्स जेन राये रोड्स को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. अंतिम चार में उन्होंने जॉर्जिया के रॉबर्टी डी को 11-0 से मात दी. वहीं फाइनल में जोउ को हराया.

## ब्रीफ खबरें

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे आडवाणी

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रमुख आलोक कुमार ने गुरुवार को कहा कि राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे. हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी समारोह में शामिल होंगे या नहीं. कुमार ने कहा कि आडवाणी ने कहा है कि वह आएंगे. अगर जरूरत पड़ी तो हम उनके लिए विशेष व्यवस्था करेंगे.

### 1.39 करोड़ का प्रतिबंधित गुटखा जब्त, 3 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 1.39 करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित उत्पाद 'गुटखा' जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. अपराध शाखा के अधिकारियों को सोमवार को डी एन नगर पुलिस थाने के अंतर्गत अंधेरी इलाके में गुटखा लाए जाने की खुफिया जानकारी मिली थी. अधिकारी ने बताया कि इस जानकारी के आधार पर गुटखा जब्त कर तीन लोगों को पकड़ा गया. उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें शुक्रवार तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया.

### सीएम केजरीवाल का गोवा दौरा स्थगित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की तैयारियों का आकलन करने के लिए आयोजित गोवा का दौरा गणतंत्र दिवस की तैयारियों के कारण स्थगित कर दिया गया है. पार्टी के सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल को गोवा के दो दिवसीय दौरे के लिए गुरुवार को रवाना होना था. पार्टी के एक सूत्र ने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री का गोवा दौरा गणतंत्र दिवस की तैयारियों के कारण स्थगित हो गया है. अब वह अगले सप्ताह गोवा जाएंगे.

### ईडी अधिकारियों को मिली सुरक्षा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को निर्देश दिया कि संदेशखाली में छापेमारी की कार्रवाई के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में उनके विरुद्ध कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जा सकता. ईडी ने कहा है कि पांच जनवरी को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी की टीम पर हुए हमले में उसके तीन अधिकारी घायल हो गए और उनका सामान छीन लिया गया.

### महिला अधिकारी का शव नहर से बरामद

**ऋषिकेश।** राजाजी बाघ अभयारण्य के चीला रेंज में वन विभाग के 'इंटरसैप्टर' वाहन दुर्घटना के बाद लापता हुई महिला वन अधिकारी का शव बृहस्पतिवार को चीला नहर से बरामद हुआ, जिससे हादसे में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है. राजाजी बाघ अभयारण्य की वन्यजीव प्रतिपालक आलोकी देवी सात जनवरी से लापता थीं. इलेक्ट्रिक वाहन के परीक्षण के दौरान उनका वाहन पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था.

### वैश्विक संघर्ष ने पर्यटकों को प्रभावित किया : मंत्री

**पणजी।** राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पश्चिम एशिया में इज़राइल संलिप्तता वाले संघर्ष के कारण इन देशों से गोवा में पर्यटकों की नियमित आमद कम हो गई है. खौंटे ने तटीय राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गोवा की नई पहल के शुभारंभ के मौके पर पत्रकारों से कहा कि रूस, यूक्रेन और इज़राइल तीन देश हैं जहां से गोवा में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं. मंत्री ने कहा, जिस संकट में ये देश हैं, उससे गोवा में पर्यटकों की नियमित आमद कम हो गई है.

### घने कोहरे से सड़क, रेल यातायात प्रभावित

**नयी दिल्ली।** देश के उत्तरी एवं पूर्वी हिस्सों में गुरुवार को कोहरे से सड़क और रेल यातायात प्रभावित रहा. रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 24 रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा के अलग-अलग हिस्सों में बहुत घना कोहरा रहा जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश, जम्मू, हरियाणा, दिल्ली, पूर्वी मध्य प्रदेश, बिहार और असम में 'घना' कोहरा रहा.

## पवित्र डुबकी के लिए जुटे श्रद्धालु



गंगासागर मेला तीर्थयात्री मकर संक्रांति से पहले सागर द्वीप जाने के लिए गुरुवार को कोलकाता में बाबूघाट ट्रांजिट कैंप के पास गंगा नदी के तट पर इकट्ठा होते लोग. -फोटो : पीटीआई

## आओ जानें

### शाकाहारियों की संख्या (प्रतिशत में)

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारत : | 20-39% | नॉर्वे : | 9% |
| मेक्सिको : | 19% | इटली : | 8.9% |
| ताइवान : | 13-14% | पोलैंड : | 8.4% |
| इज़राइल : | 13% | ब्राजील : | 8% |
| ऑस्ट्रेलिया : | 12.1% | कनाडा : | 7.6% |
| अर्जेंटीना : | 12% | बेल्जियम : | 7% |
| फिनलैंड : | 12% | चिली : | 6% |
| स्वीडन : | 12% | फ्रांस : | 5.2% |
| ऑस्ट्रिया : | 11% | यूक्रेन : | 5.2% |
| डेनमार्क : | 10% | चेकिया : | 5% |
| जर्मनी : | 10% | यूएसए : | 5% |
| यूके : | 10% | नीदरलैंड : | 5% |
| न्यूजीलैंड : | 10% | ग्रीस : | 4% |
| वियतनाम : | 10% | चीन : | 4-5% |
| जापान : | 9% | स्विट्जरलैंड : | 5% |

कांग्रेस ने ठुकराया राम मंदिर का न्योता, भाजपा ने की आलोचना, कहा-

# विपक्षी पार्टी कांग्रेस का फैसला हिंदू धर्म विरोधी

भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस के तीन शीर्ष नेताओं को भेजे गए निमंत्रण को अस्वीकार करने के विपक्षी पार्टी के फैसले की गुरुवार को आलोचना की और दावा किया कि इससे भारत की संस्कृति और हिंदू धर्म के प्रति पार्टी का स्वाभाविक विरोध उजागर हो गया है. भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी ईर्ष्या, द्वेष और हीन भावना के कारण कांग्रेस देश का विरोध करने की हद तक चली गई है और अब भगवान का विरोध कर रही है. उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर भारतीय परंपराओं और संस्कृति के उच्चतम मूल्यों का प्रतीक है लेकिन कांग्रेस और समान मानसिकता वाले अन्य विपक्षी दलों के लिए कट्टरपंथी राजनीति अधिक महत्वपूर्ण है.

**कांग्रेस ने हमेशा बहिष्कार का विकल्प चुना है :** त्रिवेदी ने नए संसद भवन के उद्घाटन, जीएसटी (माल एवं सेवा कर) को लागू किए जाने, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद में अभिभाषण सहित कई कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा, जब भी नयी शुरुआत होती है तो कांग्रेस ने उसके साथ खड़े होने के बजाय बहिष्कार का विकल्प चुना है. उन्होंने कहा कि लोग कांग्रेस को सत्ता से दूर रखे हुए हैं, लेकिन उसे समझ नहीं आ रहा है. उन्होंने कहा कि पार्टी के पास अपनी पिछली गलतियों को सुधारने का मौका था लेकिन उसने मौका बर्बाद कर दिया.



### कांग्रेस ने 'राम राज' की अवधारणा को नकारा है

त्रिवेदी ने दावा किया कि कांग्रेस उनकी विरासत को जारी रख रही है और उसने महात्मा गांधी की 'राम राज' की अवधारणा को नकारा है. उन्होंने कहा कि 500 साल के संघर्ष के बाद यह मंदिर बन रहा है और इसने राष्ट्रीय गौरव को जगाया है. कांग्रेस ने बुधवार को कहा था कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल नहीं होंगे, क्योंकि यह भाजपा और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) का आयोजन है तथा 'अर्द्धनिर्मित मंदिर' का उद्घाटन चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है.

### बाधा उत्पन्न करना विपक्षी दल की प्रवृत्ति

त्रिवेदी ने कहा कि मंदिर और बाबरी मस्जिद से जुड़े भूमि विवाद मामले में मुस्लिम वादी इकबाल अंसारी को भी न्योता दिया गया था जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है, लेकिन यह कांग्रेस है जिसने समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है. उन्होंने दावा किया कि देश के लिए ऐतिहासिक क्षणों में बाधा उत्पन्न करना मुख्य विपक्षी दल की प्रवृत्ति रही है.

### खास बातें

- कांग्रेस अब भगवान का विरोध कर रही है
- विपक्ष के लिए कट्टरपंथी राजनीति महत्वपूर्ण है

### मंदिर में लोगों के बीच कोई भेद नहीं है

त्रिवेदी ने कांग्रेस के इस तर्क को भी खारिज किया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले पूरे कार्यक्रम को हथिया लिया है. त्रिवेदी ने कहा कि मंदिर में लोगों के बीच कोई भेद नहीं है. इसे किसी संगठन या विचारधारा से नहीं जोड़ा जाना चाहिए. भाजपा प्रवक्ता ने आश्चर्य जताया कि क्या कांग्रेस अब भी उस मस्जिद के पुनर्निर्माण के विचार पर कायम है, जिसे 1992 में अयोध्या में उन्मादी भीड़ ने ध्वस्त कर दिया था. उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण और उद्घाटन में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और कांग्रेस के कुछ नेताओं के सहयोग के विरोध में थे.

भारतीय सेना किसी भी चुनौती से निपटने के लिए रहें तैयार

# उत्तरी सीमा पर हालात संवेदनशील : सेना प्रमुख

भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय सेना के किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने को रेखांकित करते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास हालात 'स्थिर' लेकिन 'संवेदनशील' हैं.

सेना दिवस से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जनरल पांडे ने कहा कि भारत और चीन टकराव के शेष बचे मुद्दों को हल करने के लिए सैन्य और राजनयिक स्तर पर वार्ता कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि हमारी अभियानगत तैयारियां उच्च स्तर की हैं. क्षेत्र में



सुरक्षा से जुड़ी किसी भी चुनौती से निपटने के लिए भारतीय सेना के पास पर्याप्त बल हैं. पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच टकराव के कई स्थान हैं जिन पर पिछले तीन वर्ष से गतिरोध कायम है. हालांकि राजनयिक और सैन्य स्तर की कई दौर की वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने टकराव वाले कई स्थानों से सैनिकों को वापस बुलाया है. जम्मू कश्मीर के हालात पर जनरल पांडे ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश की कई घटनाएं हुई हैं इसके बावजूद नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम कायम है. उन्होंने कहा, हम नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिशें नाकाम कर रहे हैं. जनरल पांडे ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हिंसा की घटनाओं में कमी आई है, लेकिन राजौरी-पुंछ सेक्टर में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ी हैं. विभिन्न आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान का सहयोग मिलने का प्रत्यक्ष रूप से जिक्र करते हुए जनरल पांडे ने कहा कि सीमा पार आतंक फल-फूल रहा है.

### एसएजी पुरस्कारों के लिए 'बार्बी', 'ओपेनहाइमर' नामित

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रमुख आलोक कुमार ने गुरुवार को कहा कि राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे. हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी समारोह में शामिल होंगे या नहीं. कुमार ने कहा कि आडवाणी जी ने कहा है कि वह आएंगे. अगर जरूरत पड़ी तो हम उनके लिए विशेष व्यवस्था करेंगे. जोशी के बारे में कुमार ने कहा कि उन्होंने भी कहा है कि वह इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आने की कोशिश करेंगे. उल्लेखनीय है कि 96 वर्षीय आडवाणी भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं और जोशी के साथ उन्होंने 1990 के दशक की शुरुआत में राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई थी.

13 फरवरी को अबू धाबी में होगा अहलान मोदी कार्यक्रम

# अबू धाबी में हिंदू मंदिर का 14 को उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

भाषा। गांधीनगर

भारत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राजदूत अब्दुलनासिर अलशाली ने गुरुवार को कहा कि अबू धाबी में अगले महीने बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था (बीएपीएस) हिंदू मंदिर का उद्घाटन सहिष्णुता और स्वीकृति का जश्न मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण दिन होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे. राजदूत अलशाली ने कहा कि हम 14 फरवरी को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम की प्रतीक्षा कर रहे हैं... यह एक अभूतपूर्व यादगार दिन होने के साथ सहिष्णुता, स्वीकृति का जश्न मनाने और इस रिश्ते को अधिक मजबूत करने का एक विशेष अवसर होगा. स्वामी ईश्वरचरणदास और स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बीते महीने बीएपीएस हिंदू मंदिर की ओर से प्रधानमंत्री को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था. राजदूत ने 13 फरवरी को अबू धाबी के शेख जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में होने वाले प्रवासी भारतीयों के विशाल जमावड़े की भी पुष्टि की है.

### खास बातें

- सिटी स्टेडियम में लगेगा प्रवासी भारतीयों का जमावड़ा
- रिश्ते को मजबूत करने का एक विशेष अवसर होगा

चुराचांदपुर जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाश अभियान जारी

# मणिपुर में बड़ी मात्रा में हथियार जब्त

भाषा। इंफाल

मणिपुर के चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों से बड़ी मात्रा में हथियार तथा विस्फोटक जब्त किए गए. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने चुराचांदपुर में नौ जनवरी को एक कार्बाइन, नौ मिमी देसी पिस्तौल, सिंगल बैरल वाली पांच बंदूक, आठ एचई-36 हथगोले, छह आंसू गैस के गोले तथा गोला-बारूद आदि जब्त किया.

पुलिस ने बताया कि तेंगनौपाल जिले में छह जनवरी को चार एचई-36 हथगोले, एक खराब एके-56 राइफल, पांच देसी बन्दूकें, पांच देसी बम, चार आईईडी, एक देशी मोर्टार और एके-56 राइफल का गोला-बारूद मिला. पुलिस के अनुसार, हथियारों और गोला-बारूद की



तलाश में इंफाल पश्चिम, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, इंफाल पूर्व और चुराचांदपुर जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाश अभियान जारी है. मणिपुर पिछले साल मई से जातीय हिंसा का सामना कर रहा है और जिसमें अबतक 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं. मैतेई समुदाय द्वारा उसे अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किया गया जिसके बाद तीन मई को हिंसा भड़क उठी थी. मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि नगा और कुकी आदिवासियों की आबादी 40 प्रतिशत हैं और ये मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं.

### सहायक पुलिस भर्ती पर विचार कर रहा है सिंगापुर

**सिंगापुर।** सिंगापुर भारत, चीन, फिलीपीन और म्यांमा से सहायक पुलिस अधिकारियों (एपीओ) को नियुक्त करने पर विचार कर रहा है. कानून और गृह मामलों के मंत्री के. सिंगापुर उन अधिकार क्षेत्रों का विस्तार करने पर विचार कर रहा है जहां से वह एपीओ की भर्ती करता है क्योंकि हाल के कुछ वर्षों में ताइवान से इस संख्या में गिरावट आई है. इसके परिणामस्वरूप गृह मंत्रालय उन अधिकार क्षेत्रों का विस्तार करने पर विचार कर रहा है जहां से सहायक पुलिस अधिकारी भर्ती किए जा सकते हैं.'चैनल न्यूज़ एशिया' की रिपोर्ट के अनुसार, इनमें संभवतः चीन, भारत, फिलीपीन और म्यांमा जैसे एशियाई देशों को शामिल किया गया है. 'टुडे' अखबार ने मंत्री के हवाले से कहा, हमें सुरक्षा सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सहायक पुलिस बलों को विदेशी एपीओ की भर्ती करने की अनुमति देने की जरूरत है.

भूमिगत सुरंगों को नष्ट करना हमारा पहला लक्ष्य : इजराइली सेना

# गाजा में मिली और एक सुरंग

भाषा। खान यूनिस (गाजा पट्टी)

इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं. सेना ने पत्रकारों को सुरंग दिखाई. उन्हें नष्ट हुए मकानों और ध्वस्त सड़कों के मलबे के पास ले जाया गया था. टिन से बने एक झोपड़ीनुमा आवास के अहाते में सुरंग का प्रवेश द्वार ढंका था. एक अस्थायी सीढ़ी लगभग आठ फुट नीचे, संकरे भूमिगत रास्ते की ओर जाती थी. सुरंग का तापमान गर्म था और उसमें उमस थी जिसकी दीवारें कंक्रीट और बिजली के तारों से अटी पड़ी थीं. अंदर एक शौचालय था और सेना के अनुसार उसे वहां बंधकों के होने के निशान मिले हैं जिसमें उनके डीएनए भी शामिल हैं. सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल



डैनियल हैगारी ने कहा, यहां इस सुरंग में बंधकों को रखा गया था. हैगारी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि सुरंग में वास्तव में क्या मिला और न ही उन्होंने यह बताया कि बंधक वहां कब से थे या उन्होंने उनकी पहचान कैसे की. उन्होंने यह भी नहीं बताया कि क्या वे मारे गए या जीवित हैं. बाद में मीडियाकर्मियों को दिए एक बयान में उन्होंने बिना कुछ विस्तार से बताए कहा कि बंधकों को कठिन परिस्थितियों में रखा गया था.

### हमास ने पूरे गाजा पट्टी में सुरंगों का जाल बिछाया है

नवंबर के अंत में युद्धविराम समझौते के तहत मुक्त कराए गए कई बंधकों को सुरंगों के अंदर रखा गया था. हमास ने पूरे गाजा पट्टी में सुरंगों का जाल बिछाया है और इजराइल का कहना है कि लंबे समय से इन सुरंगों का इस्तेमाल हथियारों आदि की तस्करी के लिए किया जाता रहा है. यह सुरंग शहर के उस हिस्से में मिली है जहां ऐसा प्रतीत होता है कि भारी लड़ाई हुई है. पास का आवास बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था. सेना का कहना है कि हमास सुरंगों में छिपकर काम कर रहा है और सैन्य अधिकारियों ने सुरंग प्रणाली को नष्ट करना अपना शीर्ष लक्ष्य बना लिया है.

सर्वेक्षण — 'शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्यों' की श्रेणी में महाराष्ट्र पहले स्थान पर

# स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023 में इंदौर और सूरत अव्वल

भाषा। नयी दिल्ली

केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर और सूरत को देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में चुना गया जबकि नवी मुंबई तीसरे स्थान पर रहा. गुरुवार को घोषित सर्वेक्षण के नतीजों में यह जानकारी दी गई. 'स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023' में 'शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्यों' की श्रेणी में महाराष्ट्र ने पहला स्थान हासिल किया जिसके बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ रहे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किए. इस अवसर पर केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अन्य गणमान्य मौजूद रहे. इंदौर को लगातार सातवीं बार सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला. सर्वेक्षण के नतीजों के अनुसार, एक लाख से कम आबादी वाले सभी शहरों में महाराष्ट्र के सासवड को सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला.

इस श्रेणी में छत्तीसगढ़ के पाटन को दूसरा और महाराष्ट्र के लोनावला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ. गंगा नदी के शहरों में वाराणसी को सबसे अच्छा एवं स्वच्छ शहर चुना गया जिसके बाद प्रयागराज को स्थान मिला. मध्य प्रदेश का महू छावनी बोर्ड सबसे स्वच्छ छावनी बोर्डों की श्रेणी में शीर्ष पर रहा. आंकड़ों के अनुसार, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 4,447 शहरी स्थानीय निकायों ने भाग भाग लिया और इसमें 12 करोड़ नागरिकों की प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं. सरकार का दावा है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण है.

### साफ-सफाई की आदत इंदौरवासियों की सोच में शामिल : सीएम यादव




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर के लगातार सातवीं बार अव्वल रहने पर प्रसन्नता जताते हुए गुरुवार को कहा कि यह उपलब्धि साबित करती है कि साफ-सफाई की आदत शहरवासियों की सोच में शामिल हो गई है. 'वेस्ट टू वेल्थ' की थीम पर केंद्रित 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में अलग-अलग श्रेणियों में देश के 4,400 से ज्यादा शहरों के बीच कड़ी टक्कर थी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में दिल्ली में आयोजित समारोह में इंदौर को सूरत के साथ देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया. मुख्यमंत्री यादव ने इस समारोह में राष्ट्रपति के हाथों इंदौर का पुरस्कार प्राप्त किया.

# देश में बेरोजगारी की स्थिति और बदतर हो गई है : कांग्रेस

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि विगत 10 वर्षों में देश में नौकरियों के अकाल के हालात और भी बदतर हो गए हैं. कांग्रेस ने साथ ही आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर साल दो करोड़ रोजगार सृजन का अपना वादा पूरा करने में पूरी तरह विफल रहे हैं. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत का युवा ऐसी तरक्की का हकदार है जो उसे अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरी दे, न कि बेरोजगारी और पकौड़े की दुकान. उन्होंने कहा कि सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी' के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2023 में 25-29 आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी 15.5 प्रतिशत रही जो लगभग चार वर्षों में सबसे अधिक है. उन्होंने आरोप



लगाया कि इसका मतलब यह है कि बेरोजगारी की स्थिति अब कोविड-19 महामारी के समय से भी बदतर है. रमेश ने कहा कि 20-24 आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी दर 45.5 प्रतिशत है. उन्होंने दावा किया कि 30-34 साल की उम्र वालों के लिए भी बेरोजगारी दर तीन साल के उच्चतम स्तर पर है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संकट विशेष रूप से भयावह है. अधिक से अधिक परिवार मनरेगा की ओर रुख कर रहे हैं क्योंकि कोई अन्य रोजगार उपलब्ध नहीं है.

## अयोध्या मास्टर प्लान : सरयू नदी तट पर बनाया जा रहा है पारिस्थितिक वन क्षेत्र

# 'रामायण आध्यात्मिक वन' से श्रद्धालुओं को मिलेगी भगवान राम के वनवास की जानकारी






भाषा । नयी दिल्ली

अयोध्या की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु जल्द ही इस शहर में सरयू नदी के तट पर बन रहे ''रामायण आध्यात्मिक वन'' में भगवान राम के 14 साल के वनवास काल के बारे में अधिक जानकारी हासिल कर सकेंगे. पारिस्थितिक वन क्षेत्र एक खुले संग्रहालय जैसा होगा और यह अयोध्या 'मास्टर प्लान' का हिस्सा है. अयोध्या पुनर्विकास परियोजना के मुख्य योजनाकार दीक्षु कुकरेजा ने बताया कि भगवान राम, रामायण और अयोध्या के साथ सरयू नदी हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है. प्रस्तावित आध्यात्मिक वन नदी तट का विस्तार है, जिसे पर्यावरण-अनुकूल वन के रूप में तैयार किया गया है. उन्होंने बताया कि इस आध्यात्मिक वन को रामायण की विषयवस्तु पर विकसित किया गया है, जिसमें विशेष रूप से वनवास अवधि के दौरान श्री राम की यात्रा को दर्शाया गया है. अयोध्या में राम मंदिर का पहला चरण पूरा होने वाला है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को इसके 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में हिस्सा लेंगे. कुकरेजा ने कहा कि एक पारिस्थितिक वन में राम के वनवास काल का अनुभव प्रदान करने की कल्पना करते हुए, यह न केवल भक्तों को बल्कि पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को भी आकर्षित करेगा. यह आध्यात्मिकता, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा.

### 10 वर्षों में 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा अयोध्य का पुनर्विकास

'मास्टर प्लान' के अनुसार अयोध्या को उन्नत करने के लिए 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ अयोध्या का पुनर्विकास 10 वर्ष में पूरा किया जाएगा. अयोध्या पुनर्विकास परियोजना के मुख्य योजनाकार दीक्षु कुकरेजा ने कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) योजना के माध्यम से रामायण आध्यात्मिक वन का विकास किया जा रहा है. अयोध्या में एक सड़क परियोजना ''भ्रमण पथ'' सरयू को राम मंदिर से जोड़ेगी. यह परियोजना वाराणसी में काशी विश्वनाथ गलियारे के समान है. राम पथ, भक्ति पथ और राम जन्मभूमि पथ के बाद भ्रमण पथ अयोध्या में चौथी सड़क परियोजना होगी.

### पौराणिक स्थल धोपाप धाम में हो रही है भव्य दीपोत्सव की तैयारी

**सुल्तानपुर (उप्र)** । अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन यहां स्थित रामायण काल के पौराणिक स्थल धोपाप धाम में भव्य दीपोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है. पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सुल्तानपुर से सांसद मेनका गांधी कार्यक्रम में शामिल होंगी. भाजपा की सुल्तानपुर इकाई के प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि धोपाप धाम मंदिर परिसर को इस अवसर पर 51 हजार दीपों और बिजली की रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग किया जाएगा. पौराणिक आख्यानों के अनुसार, भगवान राम ने त्रेता युग में रावण वध के बाद ब्रह्महत्या से मुक्ति के लिए ऋषियों की सलाह पर इसी स्थान पर गोमती नदी में स्नान किया था और ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति पाई थी. यह स्थान अयोध्या से 80 किलोमीटर की दूरी पर लंभुआ तहसील में स्थित है. माना जाता है कि धूप धाम को त्रेता युग में भगवान राम के बेटे कुश ने स्थापित किया था. भगवान राम ने जिस स्थान पर स्नान किया था उसे राम घाट के नाम से जाना जाता है. रघुवंशी ने बताया कि इस पौराणिक स्थल पर 22 जनवरी को दीपोत्सव के साथ-साथ सुंदरकांड पाठ और भंडारा का आयोजन किया जाएगा.

### अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई इंडिगो की हवाई सेवा

**लखनऊ** । अयोध्या में श्री राम के दर्शन-पूजन के इच्छुक श्रद्धालुओं/पर्यटकों को अहमदाबाद-अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद - अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा को हरी झंडी दिखाई. अयोध्या-अहमदाबाद के बीच नई हवाई सेवा आरंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उड़ान सेवा से भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या, हवाई सेवा द्वारा, सीधे अहमदाबाद से जुड़ गयी है. एक सरकारी बयान के मुताबिक, दिल्ली के बाद अयोध्या से जुड़ने वाला अहमदाबाद दूसरा प्रमुख शहर है. आगामी 15 जनवरी से मुंबई के लिए उड़ान सेवा आरम्भ हो जाने के पश्चात मुम्बई तीसरा स्थल हो जाएगा. इसके अतिरिक्त, 16 जनवरी, 2024 से दिल्ली के लिए एक और उड़ान आरम्भ हो रही है. मुख्यमंत्री ने बेहतर हवाई सेवाओं को पर्यटन और व्यापार गतिविधियों को प्रोत्साहित करने वाला बताया. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गयी.

### साकची के दुकानदार 22 को करेंगे 11 हजार दीप प्रज्वलित

**जमशेदपुर** । साकची बाजार चक्की लाइन के दुकानदारों द्वारा अयोध्या राम मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा वसर पर 22 जनवरी की शाम को 11 हजार दीप प्रज्वलित किया जाएगा. साथ ही चक्की लाइन के सभी दुकानदार मिलकर सुबह से ही पूरी लाइन को भगवा झंडा से सजाएंगे. सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा का लाइव बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा. दोपहर 12 बजे से भोग वितरण होगा. शाम में अपनी दुकानों के सामने दीप प्रज्वलित करने के बाद प्रसाद स्वरूप 101 किलो लड्डू का वितरण आम लोगों के बीच किया जायेगा.

### 100 चार्टर्ड उड़ाने उतरने की उम्मीद : योगी आदित्यनाथ

**नयी दिल्ली** । योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन अयोध्या हवाई अड्डे पर 100 चार्टर्ड उड़ानों के उतरने की उम्मीद है. अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था. योगी ने कहा कि 22 जनवरी को करीब 100 चार्टर्ड उड़ानों के अयोध्या हवाई अड्डे पर उतरने का अनुमान है. अयोध्या से अहमदाबाद के लिए एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवा के उद्घाटन के लिए ऑनलाइन आयोजित समारोह में उन्होंने यह बात कही.

### मुरली मनोहर जोशी को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हुई

**नयी दिल्ली** । विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रमुख आलोक कुमार ने गुरुवार को कहा कि राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे. हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी समारोह में शामिल होंगे या नहीं. कुमार ने कहा कि आडवाणी ने कहा है कि वह आएंगे. अगर जरूरत पड़ी तो हम उनके लिए विशेष व्यवस्था करेंगे.

### 22 को वाराणसी के गंगा घाट पर श्रद्धालुओं व पर्यटकों को मुफ्त यात्रा कराएंगे नाविक

**वाराणसी** । अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को वाराणसी के नाविक समाज ने गंगा घाट पर एक छोर से दूसरे छोर तक जाने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों को निःशुल्क सेवा देने का निर्णय लिया है.'मां गंगा निषाद राज सेवा न्यास' के संगठन मंत्री शम्भू साहनी ने बताया कि निषाद समाज का प्रभु श्री राम से अटूट रिश्ता रहा है. वन गमन के समय निषाद राज ने प्रभु श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता को अपनी नाव से बिना शुल्क लिए नदी पार करायी थी. उन्होंने कहा कि इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नाविक समाज की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि 22 जनवरी को बनारस के सभी 84 घाट पर गंगा के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मुफ्त नाव सेवा प्रदान की जाएगी. साहनी ने बताया कि 22 जनवरी को ही दिन में बनारस के राजघाट से निषादराज घाट तक भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता जानकी के नाम से एक शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे.

### श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 को होगा सामूहिक हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ



**चांडिल** । अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को चांडिल स्थित श्रीसाधु बांध मठिया नागा संन्यासी आश्रम में भव्य समारोह का आयोजन होगा. 22 जनवरी को देशव्यापी उत्सव मनाया जा रहा है. प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन चांडिल में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर गुरुवार को बैठक हुई. जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह मठ के श्रीमहंत विद्यानंद सरस्वती की अध्यक्षता में हुई बैठक में 22 जनवरी को सुबह सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करने और दोपहर में विद्वान पंडितों के द्वारा सुंदरकांड का पाठ कराया जाएगा. अयोध्या में होने वाले राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मठिया मठ में सीधा प्रसारण किया जाएगा. इसके लिए व्यापक तैयारी की जा रही है. वहीं तीन बजे से बांग्ला भाषा में राम कथा करायी जाएगी. कथा समाप्ति के बाद महाआरती किया जाएगा और इसके बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा. बैठक में हरेलाल महतो, मधुसुदन गोराई, मनोज सिंह, गणेश चंद्र वर्मा, दीपक सिंह, विजय कुमार सिंह, कार्तिक चंद्र महतो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

---

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# फाइनेंस में एमबीए कर बना सकते हैं अपना कॅरियर





एजुकेशन रिपोर्टर । रजनीश प्रसाद

फाइनेंस में एमबीए एक दो साल की मास्टर डिग्री है, जिसमें मैनेजमेंट, स्ट्रैटेजी और एडमिनिस्ट्रेशन के साथ साथ फाइनेंस की लॉज और इन्वेस्टमेंट जैसी टर्म्स का भी खास किरदार है. इस डिग्री के सतह मिलने वाली प्रोफाइल्स में कैंडिडेट मैनेजर लेवल की नौकरी के लिए सक्षम माना जाता है. यह मैनेजीरियल रोल टॉप बैंक्स, इंश्योरेंस कंपनीज, ऑडिट फर्म्स और फिनटेक कंपनीज जैसी फील्ड में मिलने की संभावनाएं आप इस डिग्री के साथ पाते हैं. इस कोर्स के सिलेबस पर अगर नजर डालें तो इसमें कोर और इलेक्टिव सब्जेक्ट्स मौजूद हैं, जो मैनेजमेंट स्टडीज, इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस के बारे में आपको नॉलेज देंगे. इसके अलावा मुख्य सब्जेक्ट्स की श्रेणी में इंटरनेशनल फाइनेंस, स्ट्रक्चर्ड फाइनेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस और कॉर्पोरेट फाइनेंस आदि शामिल हैं.

## फाइनेंस में एमबीए

- इस कोर्स को जो बाकी मैनेजमेंट या फाइनेंस कोर्सेज से अलग बनाता है वो है इसमें दोनों कोर्सेज का मिश्रण. तो अगर आप मैनेजमेंट की क्वालिटीज को खुद के अंदर लाना चाहते हैं, लेकिन साथ ही फाइनेंस में रुचि भी रखते हैं तो आप इन दोनों का मिश्रण फाइनेंस में एमबीए को चुन सकते हैं.
- **क्योंकि यह आपको दोनों फील्ड, मैनेजमेंट और फाइनेंस दोनों की खूबियों से रूबरू कराता है इससे आपको मैनेजमेंट और फाइनेंस दोनों में मिलने वाली नौकरियों के काबिल समझा जाता है. तो मुख्य रूप से आपको मिलने वाली नौकरियों की संख्या बढ़ जाती है. साथ ही साथ नौकरी देने वाले सेक्टर्स का दायरा भी बढ़ जाता है.**
- नौकरियां जिनमें आप अपना सिक्का आजमा सकते हैं, उसमें फाइनेंशियल एनालिस्ट, फाइनेंस मैनेजर, असिस्टेंट वाईस प्रेजिडेंट-कॉर्पोरेट बैंकिंग, क्रेडिट रिस्क मैनेजर, डेरिवेटिव्स ट्रेडर, पोर्टफोलियो मैनेजर, ट्रेजरी मैनेजर आदि प्रोफाइल्स शामिल हैं.

## स्किल्स

स्ट्रांग क्वांटिटेटिव स्किल्स
लीड करने की क्वालिटी
क्रिटिकल थिंकिंग
मल्टीपल टास्कस हैंडल करने की कला
क्रिटिसिज्म को बरदाश्त करने की कला
भरोसेमंद और आत्मनिर्भर
मोटिवेटेड एंड एम्बीशियस
डेटा को एनालाइज करने की स्किल
प्रेशर में काम करने की स्किल

## विदेशी विश्वविद्यालय

यूनिवर्सिटी ऑफ़ अल्बर्टा, कनाडा
कोवेंट्री यूनिवर्सिटी, यूके
यूनिवर्सिटी ऑफ़ ईस्ट लंदन, यूके
स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए
यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रेनिच, यूके
न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी, यूएसए
यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम, यूके
कोंकोर्डिया यूनिवर्सिटी, कनाडा
पेस यूनिवर्सिटी, यूएसए
यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, यूएसए
यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रेलिया
वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया
यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया, यूएसए
डबलिन बिज़नेस स्कूल, आयरलैंड
न्यू यॉर्क इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएसए
कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, यूएसए
यूनिवर्सिटी ऑफ़ बेडफोर्डशायर, यूके
नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी, यूके
स्टोनी ब्रूक यूनिवर्सिटी, यूएसए

## भारतीय विश्वविद्यालय

ज़ेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर
**इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट(आईआईएम), लखनऊ**
एस. पी. जैन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड रिसर्च(एसपीजेआईएमआर), मुंबई
**मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, गुरुग्राम**
नरसी मोंजी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज(एनएमआईएमएस), मुंबई
**सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी, जयपुर**
यूईआई ग्लोबल, दिल्ली
**एमआईटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, पुणे**
एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, गांधीनगर

## आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- **यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूज़र नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.**
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- **अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.**
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- **यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.**

## कॅरियर

**वैसे तो फाइनेंस में एमबीए करने के बाद आपके पास कई बेहतरीन ऑप्शंस मौजूद होंगे लेकिन जिन फ़ील्ड्स में आपको नौकरी मिलने के ज्यादा ऑप्शंस नज़र आएंगे उनमें बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस शामिल होंगे. फाइनेंस में एमबीए के बाद आप चाहें तो कॉर्पोरेट फाइनेंस, इंश्योरेंस, फाइनेंशियल प्लानिंग, बैंकिंग, एकाउंटिंग, टैक्सेशन, फाइनेंशियल इनवेस्टमेंट, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट, टैक्सेशन एंड प्लानिंग, असेट्स एंड लाईबिलिटी फाइनेंस, इंटरनेशनल फाइनेंस एंड इंश्योरेंस मैनेजमेंट जैसी फील्ड्स में अप्लाई करके अपने करियर में आगे बढ़ सकते हो.**

## जॉब अलर्ट

### 1. उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने पशुपालन विभाग में पशुधन प्रसार अधिकारी लिए रिक्तियां निकली हैं.

संस्था – उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
**पद नाम – पशुधन प्रसार अधिकारी, असिस्टेंट, इंस्पेक्टर**
पद संख्या – 136
**योग्यता – डिग्री**
नौकरी का स्थान – पशुपालन विभाग उत्तराखंड
**आवेदन मोड – ऑनलाइन**
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि – 10 जनवरी 2024
**ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 30 जनवरी 2024**
लिखित परीक्षा तिथि – 11 फरवरी 2024
**ऑफिशियल साइट – https://sssc.uk.gov.in**
रिक्त पदों का विवरण
**पशुधन प्रसार अधिकारी – 120**
सहायक प्रशिक्षण अधिकारी – 03
**अधिदर्शक – 10**
निरीक्षक – 03

#### शैक्षणिक योग्यता

**पशुधन प्रसार अधिकारी :** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से जीव विज्ञान/ कृषि/ पशुपालन में से किसी एक एक विषय में स्नातक डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए.
**आयु सीमा :** उम्मीदवार न्यूनतम 21 से 42 वर्ष



### 2. बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में सुपरस्पेशलिस्ट विभाग के अंतर्गत सहायक प्राध्यापक के लिए रिक्तियां निकाली है.

संस्था का नाम – बिहार लोक सेवा आयोग
पद नाम – असिस्टेंट प्रोफेसर
पद संख्या – 220
योग्यता – डिग्री
नौकरी का स्थान – बिहार
आवेदन मोड – ऑनलाइन
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारंभ तिथि – 17 जनवरी 2024
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 28 जनवरी 2024
ऑफिशियल साइट – https://www.bpsc.bih.nic.in

#### शैक्षणिक योग्यता

मान्यता प्राप्त संस्था से एमबीबीएस/ डीएम/ डीएनबी/ डिग्री डिप्लोमा अनिवार्य हैं. **आयु सीमा :** अनारक्षित पुरुष के 45 वर्ष, अनारक्षित महिला, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 48 वर्ष तथा अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए 50 वर्ष हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)